हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार...



www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष- 09, अंक- 06, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## भारत-इजराइल दोस्ती से दुनिया चकित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और इजराइल के बीच बढ़ती नजदीकियों और अटूट विश्वास की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने दुनिया भर के देशों को चकित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा इस बात का प्रमाण है कि दोनों देश न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक जुड़ाव और पारस्परिक भरोसे के आधार पर भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

**हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत :** यात्रा के पहले दिन बुधवार को तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ स्वयं उपस्थित रहे। यह एक दुर्लभ सम्मान माना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 'मेरा दोस्त' कहकर गले लगाया, जिसे वैश्विक मीडिया ने 'मोदी हग' का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने पर उन्हें विशेष गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत "एक खास और दिल को छू लेने वाले अंदाज" में किया गया। नौ वर्षों में यह उनका इजराइल का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, "मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यात्रा और द्विपक्षीय वार्ता भारत-इजराइल मित्रता को और सशक्त बनाएगी।

**संसद में भव्य सम्मान :** प्रधानमंत्री जब इजराइल की संसद नेस्सेट पहुंचे तो वहां का दृश्य ऐतिहासिक रहा। सदन के सदस्यों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत किया। संबोधन के दौरान 'मोदी-मोदी' के नारों से सदन गूंज उठा। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का एक महान नेता बताते हुए कहा कि भारत और इजराइल की दोस्ती 'स्वर्ग में बनी जोड़ी' जैसी है।

### प्रधानमंत्री का अप्रत्याशित स्वागत



**संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यरुशलम में इजराइल की संसद नेस्सेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। संसद पहुंचने पर स्पीकर आमिर ओहाना ने उनका औपचारिक स्वागत किया। सत्र की शुरुआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, विपक्ष के नेता यायर लापिड और स्पीकर ओहाना ने भारत-इजराइल संबंधों के प्रति मजबूत द्विदलीय समर्थन व्यक्त किया। संबोधन के बाद आमिर ओहाना ने उन्हें 'क्रेसेट मेडल' से सम्मानित किया, जिसे प्रधानमंत्री ने भारत-इजराइल मित्रता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत और इजराइल के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ आधुनिक रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत है।

### आतंकवाद पर सख्त रुख

प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकी हमले पर संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि ऐसी क्रूरता का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत ने क्षेत्र में स्थायी शांति के प्रयासों, संयुक्त राष्ट्र समर्थित गाजा शांति पहल और आईएमईसी व आई2यू2 जैसे मंचों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने का आह्वान किया।

**व्यापार, नवाचार और संसदीय सहयोग :** प्रधानमंत्री ने भारत की विकास गाथा का उल्लेख करते हुए व्यापार, निवेश, हरित विकास, स्टार्ट-अप और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। द्विपक्षीय निवेश संधि के समापन पर संतोष जताते हुए उन्होंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने की बात कही।

**राष्ट्रपति से मुलाकात :** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने विशेष भारत-इजरायल साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के दृढ़ समर्थन के लिए उनको धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्ट-अप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ाने के रास्ते तलाशे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक पेड मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पेड़ लगाया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति हर्जोग को निकट भविष्य में भारत की यात्रा करने का निमंत्रण भी दिया। वहीं राष्ट्रपति हर्जोग ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कहा कि भारत और इज़राइल की जनता साथ मिलकर अधिक सशक्त है।

**नरसंहार पीड़ितों को श्रद्धांजलि :** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 'वल्ड होलोकॉस्ट रिमेंबरेंस सेंटर' याद वाशेम का दौरा किया। याद वाशेम की प्रधानमंत्री की यह दूसरी यात्रा रही। प्रधानमंत्री ने नरसंहार के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने बुक ऑफ नेम्स हॉल का भी दौरा किया, जो जनसंहार के दौरान मारे गए लाखों लोगों की स्मृति को संरक्षित करने वाली एक श्रद्धांजलि है। उल्लेखनीय है कि इजराइल रणनीतिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग है। यह संबंध पारस्परिक विश्वास, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों में निरंतर बढ़ते सहयोग पर आधारित है।

## कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी अपने भारत दौरे पर मुंबई पहुंचेंगे, दिल्ली में होगी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी से 7 मार्च तक भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का दौरा करेंगे। अपने भारत दौरे में वे सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत दौरे में सबसे पहले मुंबई पहुंचेंगे। कार्नी के ओटावा कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वे 2 मार्च को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे जिसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), प्रतिभा और संस्कृति तथा रक्षा क्षेत्रों में नई साझेदारियों पर चर्चा होगी। यह यात्रा कनाडा और भारत के बीच व्यापार, तकनीक, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में नई साझेदारियों की दिशा में बड़ा कदम है। कार्नी के भारत का दौरा शुरू करने से ठीक पहले कनाडा की तरफ से कहा गया है कि कनाडा में हिंसक अपराधों से भारत का अब कोई रोल नहीं है। टोरंटो स्टार की एक खबर के मुताबिक कनाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बयान प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दिया। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने ओटावा और नई दिल्ली संबंधों को लेकर कहा कि हमारे बीच बहुत मजबूत राजनयिक जुड़ाव है और हम आश्वस्त हैं कि वह गतिविधि अब जारी नहीं है। गौरतलब है कि साल 2023 में भारत-कनाडा संबंध उस समय काफी बिगड़ गए थे जब कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून 2023 में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंट के शामिल होने का आरोप लगाया था जिसे भारत ने सिरे से खारिज करते हुए इसे बेतुका बताया। यह खटास इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी, राजनयिक संबंधों को कमजोर किया और एक-दूसरे के कई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। अक्टूबर 2023 में भारत ने ओटावा में अपने राजदूत संजय वर्मा और पांच अन्य अधिकारियों को वापस बुला लिया। यह तब हुआ जब कनाडा के अधिकारियों ने निज्जर की हत्या के संबंध में उनसे पूछताछ की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सैनिकों के हक में सुनाया फैसला- लाइफस्टाइल डिसऑर्डर कहकर नहीं रोक सकते दिव्यांग पेंशन




**नई दिल्ली**। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन सिर्फ यह कहकर रोकी नहीं जा सकती कि बीमारी "लाइफस्टाइल डिसऑर्डर" है या पीस एरिया (शांतिपूर्ण तैनाती) में हुई। हाईकोर्ट ने माना कि सेना में सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। हाईकोर्ट में जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ता उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में। असली सवाल यह है कि क्या बीमारी का संबंध सेवा परिस्थितियों से है। इस केस में मेडिकल बोर्ड यह स्पष्ट नहीं कर सका कि अफसर की बीमारियां सेवा से जुड़ी नहीं थीं। कोर्ट ने विशेष रूप से कहा कि बिना ठोस वजह के बीमारी को "लाइफस्टाइल डिसऑर्डर" कहना कानूनन सही नहीं।

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष समेत केंद्रीय मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**। महान क्रांतिकारी एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के नेताओं ने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय योद्धा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाला महान क्रांतिकारी बताते हुए नमन किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सावरकर आजादी के आंदोलन के उन नायकों में थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सांस्कृतिक स्वाधीनता के लिए भी संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सावरकर ने अपने क्रांतिकारी विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक आधार प्रदान किया और देश से लेकर इंग्लैंड तक अपने साहसिक अभियानों से युवाओं को प्रेरित किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें प्रखर राष्ट्रप्रेम और अतुलनीय प्रतिभा का अद्वितीय संगम बताते हुए स्मृतिदिन पर विनम्र अभिवादन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सावरकर के अदम्य साहस, अद्वितीय त्याग और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरवपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि उनके ओजस्वी विचार आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरित करते हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सावरकर को त्याग, तप और तर्क की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना आज भी राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और आत्मगौरव की प्रेरणा देती है।

## बीसीडी चुनाव की गिनती टाली गई, 26 फरवरी की जगह अब 7 मार्च से शुरू होगी




**नई दिल्ली**। बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) के लिए डाले गए वोटों की गणना अब 7 मार्च से होगी। पहले मतगणना शुक्रवार से शुरु होनी थी। निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत जस्टिस तलवंत सिंह ने आज इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 221 उम्मीदवारों की वजह से बैलट पेपर का साइज काफी बड़ा है। इस वजह से पहले से आवंटित स्थान पर मतगणना करवाने में काफी मुश्किल होगी। पहले उच्च न्यायालय के एक्सटेंशन ब्लॉक में मतगणना का स्थान तय किया गया था। नोटिफिकेशन के मुताबिक निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय से मतगणना के लिए बड़ी जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। उसके बाद चीफ जस्टिस ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एस ब्लॉक लाऊंज की जगह देने की अनुमति दे दी। अब एस ब्लॉक के सातवीं मंजिल पर मतगणना होगी और छठी मंजिल पर उम्मीदवार या उनके मतगणना एजेंट स्क्रीन पर मतगणना की कार्यवाही देख सकेंगे। बीसीडी का तीन दिवसीय चुनाव 23 फरवरी को समाप्त हुआ था। इस चुनाव में करीब 57 हजार से ज्यादा वकीलों ने अपना मतदान किया। मतदान के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने 79 उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया था। बाद में इन 79 उम्मीदवारों ने अपील दायर की, जिसे मंजूर करते हुए उनका निलंबन वापस लिया गया।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को कंटेंट और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी : वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को उनके द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि बच्चों और सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना अब प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है। मंत्री वैष्णव ने गुरुवार को यहां डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) के कॉन्क्लेव में अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि प्लेटफॉर्म्स को "जागने" और समाज की बुनियादी जरूरतों का सम्मान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की प्रकृति अब पूरी तरह बदल चुकी है और अब प्लेटफॉर्म्स केवल माध्यम नहीं, बल्कि प्रभावशाली मीडिया संस्थान बन चुके हैं। उन्होंने कहा, "प्लेटफॉर्म्स को अपने यहां होस्ट किए जा रहे कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी ही होगी। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और सभी नागरिकों की सुरक्षा प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है।" मंत्री ने आगाह किया कि यदि इन सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया तो प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पहले के समय में प्लेटफॉर्म्स खुद को केवल इंटरमीडियरी बताते थे, लेकिन अब वे व्यापक प्रभाव वाले कंटेंट होस्ट बन चुके हैं। वैष्णव ने समाज में 'विश्वास' को सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि मानव सभ्यता की समूची संरचना विभिन्न संस्थाओं, जैसे- न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया और सामाजिक व्यवस्थाओं पर आधारित विश्वास पर टिकी है, लेकिन डीपफेक, दुष्प्रचार और कृत्रिम रूप से तैयार की गई भ्रामक सामग्रियों ने इस विश्वास को गंभीर चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि किसी प्रतिष्ठित समाचार एंकर या उद्योग जगत के नेता का बिना सहमति एआई-जनित वीडियो बनाकर किसी उत्पाद या निवेश योजना का प्रचार करना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया, "किसी भी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या व्यक्तित्व का उपयोग कर कृत्रिम सामग्री बनाने से पहले उसकी सहमति अनिवार्य होनी चाहिए।

### लोकतंत्र में सवाल पूछना, अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकारः राहुल

**नई दिल्ली**। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शनों के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब सरकार आलोचना सुनती है और जवाब देती है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां सवाल पूछना लोकतंत्र का हिस्सा है। लोकतंत्र में सवाल पूछना और अपनी बात रखना नागरिकों का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आलोचना को सुने और उसका जवाब दे।उन्होंने कहा कि आज देश में शांतिपूर्ण विरोध को अपराध की तरह देखा जा रहा है। विभिन्न मुद्दों पर आवाज उठाने वाले युवाओं, महिला खिलाड़ियों, किसानों और अन्य लोगों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि असहमति को देशविरोध से जोड़कर देखा जा रहा है।राहुल ने कहा कि कई मौकों पर युवा, महिला खिलाड़ियों, किसानों, आदिवासियों एवं अन्य समूहों ने अपने अधिकारों और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई, लेकिन उनकी मांगों पर संवाद के बजाय कार्रवाई देखने को मिली।उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 16-21 फरवरी तक आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन के मामले में कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी



**नई दिल्ली**। उद्योगपति एवं रिलायंस समूह के चेयरमैन 66 वर्षीय अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अनिल अंबानी सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक जांच के सिलसिले में नई दिल्ली स्थित अपने हेडक्वार्टर में आज पेश होने के लिए बुलाया था। इससे पहले उनसे अगस्त, 2025 में पूछताछ की गई थी। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि अनिल अंबानी का बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाएगा। यह जांच उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) में कथित रूप से 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। अंबानी और उनके समूह की विभिन्न कंपनियों पर ऋण धोखाधड़ी के आरोप हैं। ईडी ने हाल ही में इन सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार आज लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में भरेंगी उड़ान

**एजेंसी। जैसलमेर**



पाकिस्तान सीमा से सटे राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 27 फरवरी को भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वे 26 और 27 फरवरी को दो दिवसीय जैसलमेर दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार 27 फरवरी को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। यह पहला अवसर होगा जब वे जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर में सह-पायलट के रूप में उड़ान भरते हुए युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई निरीक्षण करेंगी। इसके बाद वे वायुसेना स्टेशन पर अधिकारियों और वायुसैनिकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। शाम को राष्ट्रपति पोखरण रेंज में 'वायु शक्ति-2026' अभ्यास की औपचारिक शुरुआत करेंगी। इस दौरान भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता, सटीक निशानेबाजी और नेटवर्क-सेंट्रिक ऑपरेशंस का प्रदर्शन करेगी। अभ्यास में स्वदेशी 'प्रचंड' के साथ-साथ अत्याधुनिक लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। आसमान से बरसती आग और समन्वित हमलों के जरिए वायुसेना अपनी रणनीतिक तैयारियों का प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रपति की इस यात्रा को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर चांधन से लेकर पोखरण तक पूरे क्षेत्र को अस्थायी रूप से 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने रेल टेक पॉलिसी और एआई आधारित ई-आरसीटी की शुरुआत की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में दो बड़े सुधारों की घोषणा की। इनमें रेल टेक पॉलिसी के तहत समर्पित रेल टेक पोर्टल का शुभारंभ और पूर्णतः एआई आधारित डिजिटल रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल (आरसीटी) प्रणाली की शुरुआत शामिल है। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेल टेक पॉलिसी का उद्देश्य स्टार्टअप्स, नवोन्मेषकों, उद्योगों और शोध संस्थानों को रेलवे से एक व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से जोड़ना है। उन्होंने कहा, "स्टार्टअप्स और शोधकर्ता रेलवे से सीधे जुड़ सकें, इसी लक्ष्य के साथ यह नीति शुरू की गई है। कोई बाधा नहीं होगी, पूरी प्रक्रिया एंड-टू-एंड डिजिटल होगी और आज से रेल टेक पोर्टल शुरू किया जा रहा है। हमारा पूरा फोकस नई तकनीकों को आजमाने पर है। उन्होंने देशभर के स्टार्टअप्स और तकनीकी समाधान विकसित करने वाले नवप्रवर्तकों से अपील करते हुए कहा कि वे रेल टेक पोर्टल से जुड़ें। यह पोर्टल समस्याओं के डिजिटल समाधान स्वीकार करने का मंच होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब विज्ञान और नवाचार बड़े पैमाने से जुड़ते हैं और तकनीक परिवर्तन को गति देती है, तब बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जाती है। रेल टेक पॉलिसी के तहत प्रस्तावों की स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब नवोन्मेषक एक ही चरण में विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रोटोटाइप विकास और परीक्षण के लिए अधिकतम अनुदान राशि को दोगुना कर दिया गया है, जबकि स्केल-अप अनुदान को तीन गुना से अधिक बढ़ाया गया है। यह प्रक्रिया उपयोगकर्ता अनुकूल होगी, जिससे व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। वैष्णव ने बताया कि इस नीति को तैयार करते समय रक्षा, धातुकर्म, दूरसंचार और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की स्टार्टअप नीतियों का अध्ययन किया गया। रक्षा क्षेत्र की आईडेक्स जैसी पहलों और अन्य क्षेत्रों की सफल नीतियों से सीख लेकर रेलवे ने एक सरल और बाधारहित नीति तैयार की है।

### चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, 20 से अधिक नेता हिरासत में

**नई दिल्ली**। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश कर रहे 20 से अधिक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।दिल्ली पुलिस ने जिन नेताओं को हिरासत में लिया उनमें प्रमुख रूप से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू समेत 20 से अधिक नेता शामिल हैं। सभी को बस में बैठाकर वहां से पुलिस स्टेशन की तरफ ले जाया गया।युवा कांग्रेस ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस मुख्यालय के अंदर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और कांग्रेस नेता उदित राज समेत बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चुब की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नारेबाजी की।प्रदर्शन के मद्देनजर युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बैरिकेडिंग की गयी थी। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी कांग्रेस मुख्यालय से बाहर निकलकर सड़क पर प्रदर्शन करने का प्रयास करने लगे।

### उपराष्ट्रपति शुक्रवार को आईआईएमसी के 57वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे

**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 27 फरवरी को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के 57वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह समारोह आईआईएमसी के नई दिल्ली परिसर में आयोजित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार समारोह की अध्यक्षता आईआईएमसी के कुलाधिपति एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, आईआईएमसी सोसायटी के अध्यक्ष आर. जगन्नाथन, आईआईएमसी की कुलपति डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ तथा रजिस्ट्रार एल. मधु नाग सहित संस्थान के प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024-25 बैच के विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। इनमें पत्रकारिता (अंग्रेजी, हिंदी, रेडियो एवं टीवी, डिजिटल मीडिया, ओडिया, उर्दू, मराठी और मलयालम) तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र शामिल हैं। समारोह के दौरान सभी छह परिसरों के प्रत्येक पाठ्यक्रम के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को कुल 35 पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें से 23 पदक नकद पुरस्कार सहित होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## विधान परिषद में सदस्यों ने शिक्षकों के ट्रांसफर और शराबबंदी पर सरकार को घेरा

**पटना**।बिहार विधान परिषद में आज शिक्षा और शराबबंदी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जोरदार बहस हुई। बीजेपी एमएलसी जीवन कुमार ने शिक्षकों के स्थानांतरण में हो रही देरी और शराबबंदी की समीक्षा को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में इन मुद्दों पर अपनी राय स्पष्ट की और सरकार से जल्द समाधान की मांग की। बीजेपी एमएलसी जीवन कुमार ने बिहार विधान परिषद में शिक्षा विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। उन्होंने विशेष रूप से उन पुस्तकालयध्यक्ष का मुद्दा उठाया जो पिछले 15 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं और जिनका स्थानांतरण अब तक नहीं हो सका है. उन्होंने पुस्तकालयाध्यक्षों (लाइब्रेरियन), असाध्य रोगों से ग्रस्त शिक्षकों, दिव्यांगों और महिला शिक्षकों के स्थानांतरण में प्राथमिकता देने की बात कही. जीवन कुमार ने कहा कि विभाग ने अप्रैल-मई तक इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।सदन में चर्चा के दौरान जीवन कुमार ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने शिक्षकों के हितों में कई कदम उठाए हैं. उन्होंने बीपीएससी टीआरई-3 और नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलने जैसे फैसलों का स्वागत किया. जीवन कुमार ने उम्मीद जताई कि सरकार अप्रैल के सीजन में शिक्षकों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी कर उन्हें राहत प्रदान करेगी ।विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान शराबबंदी का मुद्दा भी छाया रहा। बीजेपी एमएलसी ने कहा कि बिहार की अधिकांश महिलाएं शराबबंदी के पक्ष में हैं क्योंकि इससे उनके घरों में सुख-शांति आई है. हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बीजेपी के कुछ विधायक इस नीति की समीक्षा की मांग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार अपने स्तर पर इस पर मंथन कर रही है और भविष्य में इस पर क्या फैसला होगा, यह सरकार का विषय है। इसी बीच, पटना के दुल्हिनबाजार में हुई हर्ष फायरिंग की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक शादी समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में चन्दन कुमार नामक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए एम्स पटना भेजा गया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. इस मामले में तीन अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## एक मार्च को रवीन्द्र भवन में होगा कॉफी टेबी बुक मीर ए कारवां का लोकर्पण

**पटना**।01 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री एवं जन-जन के प्रेरणास्रोत नीतीश कुमार के जन्मदिवस के पावन अवसर पर उनके प्रेरणादायी जीवन, संघर्ष एवं जनसेवा को समर्पित कॉफी टेबल बुक ह्लमीर-ए-कारवांह्व का भव्य विमोचन समारोह पटना स्थित रवीन्द्र भवन में सायं 06 बजे आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के पूर्व प्रातः 10:00 बजे मंत्रीअशोक चौधरी के सरकारी आवास, 02, पोलो रोड, पटना में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में एकत्रित रक्त थैलेसीमिया एवं कैंसर से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु समर्पित किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विशिष्ट उपस्थिति प्रस्तावित है, जो कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाएगी। इसके अतिरिक्त, युवाओं का एक विशाल जत्था पटना के सप्तमूर्ति से कल्याणबिगहा के लिए प्रस्थान करेगा। कल्याणबिगहा पहुँचकर वे बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के माता-पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह श्रद्धांजलि उस महान संस्कार और प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक होगी, जिसने बिहार को नई दिशा देने वाले नेतृत्व को जन्म दिया।

## बिहार विधानसभा में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**पटना**।शारीरिक,मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए दैनिक जीवन में तनाव के स्तर को नियंत्रित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आज बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा एक "स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग बिहार के शिक्षक समन्वयक (टीचर कोऑर्डिनेटर) और प्रशिक्षक रिपुसूदन द्वारा किया गया।बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 100 से भी अधिक की संख्या में बिहार विधानसभा के माननीय सदस्यों सहित, विधानसभा सचिव, सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी गण शामिल हुए। इस कार्यशाला में तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव के विषय में चर्चा की गई तथा योग, ध्यान और साँस लेने की कुछ प्रभावी तकनीक के माध्यम से तनाव दूर करने के गुर सिखाए गए।कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को डेस्कटॉप योग (कुर्सी पर बैठे-बैठे किए जाने वाले आसन), प्राणायाम और ध्यान करवाया गया। माननीय विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार जी का योग-ध्यान के प्रति अत्यंत जुड़ाव और जन सामान्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उनके संकल्प से यह कार्यशाला संपन्न हुई। आर्ट ऑफ लिविंग सदैव हीहिंसा मुक्त समाज और तनाव मुक्त जीवन के उद्देश्य के लिए सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करती है।

## छत बनेगी बगीचा — 75% अनुदान से स्वस्थ परिवार, ठंडा घर और हरित बिहार : रामकृपाल

**पटना**।कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि खेती योग्य भूमि में निरंतर कमी तथा शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी जैसी चुनौतियों के समाधान के लिए बिहार सरकार की ह्लछत पर बागवानी योजनाह्व एक दूरदर्शी एवं जनहितकारी पहल है। यह योजना शहरी एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के किसान परिवारों, श्रमिक परिवारों, महिलाओं तथा मध्यम वर्ग के लिए पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और अतिरिक्त आय का प्रभावी माध्यम बन रही है।उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग, बिहार द्वारा संचालित इस योजना के लिए 317 लाख रुपये की स्वीकृत राशि उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में पटना, गया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर नगर निगम क्षेत्रों में इसका सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।योजना के अंतर्गत 30 गमलों (पौधों सहित) की इकाई की लागत 10,000 रुपये तथा ह्लफार्मिंग बेड मॉडलह्व की लागत 60,000 रुपये निर्धारित है। दोनों मॉडलों पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 428 लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।कृषि मंत्री ने बताया कि छतों पर हरित आवरण विकसित होने से घरों का तापमान नियंत्रित रहता है, जिससे गर्मी में उल्लेखनीय राहत मिलती है। यह पहल वायु प्रदूषण कम करने, कार्बन अवशोषण बढ़ाने तथा स्वच्छ वातावरण बनाने में भी सहायक है। छत पर उगाई गई जैविक सब्जियाँ, फल, फूल एवं औषधीय पौधे परिवारों को ताजा, रसायनमुक्त और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराते हैं, जिससे पोषण सुरक्षा मजबूत होती है और घरेलू खर्च में कमी आती है।उन्होंने कहा कि इस योजना से अतिरिक्त उपज बेचकर आय अर्जित करने की भी संभावना बनती है। रोपाई, रख-रखाव, वर्मी-कम्पोस्ट निर्माण, पौध नर्सरी, ग्रो-बैग एवं गमला निर्माण, माइक्रो सिंचाई, पैकिंग तथा होम डिलीवरी जैसी गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ह्लग्रीन जॉब्सह्व का सृजन हो रहा है।महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए ह्लछत बागवानी सेवा-दलह्व के गठन के माध्यम से प्रशिक्षण और सामुदायिक विपणन के अवसर विकसित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं को नियमित आय प्राप्त हो सके। वहीं युवाओं के लिए ह्लरूफटॉप गार्डनह्व स्थापना और परामर्श सेवाओं के रूप में उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि ह्लहमारे किसान भाई-बहन और शहरी गरीब परिवार सीमित संसाधनों में भी अपनी छत को उपजाऊ बनाकर पोषण और आय दोनों बढ़ा सकते हैं। ह्लछत पर बागवानीह्व योजना से ताजा एवं सुरक्षित भोजन मिलेगा, घरेलू खर्च घटेगा और महिलाओं तथा युवाओं के लिए हरित रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रत्येक शहरी परिवार अपनी छत को हरित बनाकर स्वस्थ परिवार, स्वच्छ वातावरण और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में सहभागी बने — यही हमारा संकल्प है। इच्छुक लाभार्थी अपने संबंधित नगर निगम क्षेत्र के उद्यान/कृषि कार्यालय अथवा जिला उद्यान पदाधिकारी से संपर्क कर योजना की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के 8 जिलों में व्याप्त रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।श्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी । इनमें पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन, गोंदिया-जबलपुर लाइन दोहरीकरण एवं गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं । महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों में संपर्क में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है। विदित हो कि



रेल यात्रा सुगम हो साथ ही मालगाड़ी की आवाजाही भी सुगमतापूर्वक किया जा सके इसके लिए रेलवे द्वारा रेल आधारभूत संरचना में वृद्धि का कार्य निरंतर जारी है । इसी कड़ी में 17 हजार करोड़ रूपए की लागत से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा के मध्य लगभग 400 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है जिसमें वर्तमान में डीडीयू से किउल तक तीसरी और चौथी रेल लाईन जबकि किउल से झाझा तक तीसरी रेल लाईन का निर्माण किया जाना है। इस पूरी परियोजना को कई हिस्सों में बांटा गया है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा चरणबद्ध तरीके से इसकी स्वीकृति प्रदान की जा रही है। निर्माण कार्य सुगमतापूर्वक तेजी से पूरा करने के लिए इसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-दानापुर,

» भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी
» कुल 9,072 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से ये परियोजनाएं 2030-31 तक पूरी होंगी
» इनमें पुनारख-किउल के मध्य तीसरी और चौथी लाईन के निर्माण को भी मिली मंजूरी

दानापुर-फतुहा, फतुहा-बख्तियारपुर, बख्तियारपुर-पुनारख, पुनारख-किऊल तथा किऊल-झाझा जैसे छोटे-छोटे रेलखंडों में बांटा गया है । इसके तहत् प्रथम चरण में फतुहा से बख्तियारपुर (24 किमी) तथा बख्तियारपुर से पुनारख (30 किमी) की स्वीकृति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गयी थी जिसमें बख्तियारपुर-पुनारख निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत भूमि अधिग्रहण एवं निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा । आज 50 किमी लंबे पुनारख से किऊल के मध्य तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी गयी है । शेष रेलखंडों की स्वीकृति विभिन्न स्तर पर प्रक्रियाधीन है । पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-झाझा रेल लाईन का निर्माण 1860-70 के दशक में किया गया था । तत्पश्चात् इसका दोहरीकरण किया गया। तब से अब तक कई दशकों के मध्य जनसंख्या वृद्धि एवं औद्योगिकीकरण के मद्देनजर यात्री गाड़ियों के साथ-साथ मालगाड़ियों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि होती चली गयी । इसके फलस्वरूप ट्रैकों की क्षमता से कई गुणा अधिक गाड़ियों के परिचालन से ट्रैकों के रख-रखाव एवं समय पालन में कठिनाइयां आती थीं । इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए ट्रैकों की क्षमता में वृद्धि अति आवश्यक था । इन्हीं के मद्देनजर मालगाड़ियों के परिचालन हेतु पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर तथा तीसरी एवं चौथी लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इन लाइनों के निर्माण से मालगाड़ी के साथ-यात्री गाड़ियों का परिचालन सुगमतापूर्वक किया जा सकेगा साथ ही काफी संख्या में अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा । इससे रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी जो औद्योगिकीकरण वृद्धि में सहायक होगा ।

## छत पर बागवानी योजना से मिलेगा 75% अनुदान, ठंडा घर और पोषण सुरक्षाः कृषि मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।खेती योग्य भूमि में कमी और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी (अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव) जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए बिहार सरकार की "छत पर बागवानी योजना" एक प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि यह योजना शहरी एवं अर्ध-शहरी परिवारों—विशेषकर किसान, श्रमिक, महिलाओं और मध्यम वर्ग—के लिए पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम साबित हो रही है। उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा संचालित इस योजना के लिए 3.17 करोड़ रुपये (317 लाख) की राशि स्वीकृत की गई है। वर्तमान में पटना, गया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर नगर निगम क्षेत्रों में इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 428 लाभार्थी योजना से जुड़ चुके हैं। योजना के तहत 30 गमलों (पौधों सहित) की इकाई की लागत 10 हजार रुपये तथा "फार्मिंग बेड मॉडल" की लागत 60 हजार रुपये निर्धारित है, जिन पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि छतों पर हरित आवरण विकसित होने



से घरों का तापमान नियंत्रित रहता है, जिससे गर्मी में राहत मिलती है। साथ ही यह पहल वायु प्रदूषण कम करने, कार्बन अवशोषण बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण बनाने में सहायक है। छत पर उगाई गई जैविक सब्जियाँ, फल, फूल और औषधीय पौधे परिवारों को ताजा एवं रसायनमुक्त आहार उपलब्ध कराते हैं, जिससे पोषण सुरक्षा मजबूत होती है और घरेलू खर्च भी घटता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपज बेचकर आय अर्जित करने के अवसर भी बन रहे हैं। रोपाई, रख-रखाव, वर्मी कम्पोस्ट, पौध नर्सरी, ग्रो-बैग निर्माण, माइक्रो सिंचाई और होम डिलीवरी जैसी गतिविधियों से स्थानीय स्तर पर "ग्रीन जॉब्स" का सृजन हो रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 'छत बागवानी सेवा-दल' के गठन के माध्यम से प्रशिक्षण और सामुदायिक विपणन की व्यवस्था की जा रही है, जबकि युवाओं के लिए रूफटॉप गार्डन स्थापना और परामर्श सेवाओं में नए उद्यमिता अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा, "सीमित संसाधनों में भी परिवार अपनी छत को उपजाऊ बनाकर पोषण और आय दोनों बढ़ा सकते हैं। यह योजना ताजा भोजन, कम खर्च और हरित रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। हर शहरी परिवार अपनी छत को हरित बनाकर स्वस्थ परिवार और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदार बने।" इच्छुक लाभार्थी अपने नगर निगम क्षेत्र के उद्यान/कृषि कार्यालय या जिला उद्यान पदाधिकारी से संपर्क कर पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना सौंदर्यीकरण, पोषण सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए हरित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## मखाना, डेयरी और मत्स्य से बढ़ेगी आय-आत्मनिर्भर किसान, समृद्ध बिहारः डॉ मधुरेंदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जद (यू) मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने सोशल मीडिया संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की कृषि नीति अब केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि किसानों की आय में निरंतर वृद्धि, कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार, आधुनिक तकनीक के उपयोग, जैविक खेती और मूल्य संवर्धन पर केंद्रित है। वर्ष 2024 से 2029 के लिए लागू चौथा कृषि रोडमैप इस नई दिशा को मजबूती प्रदान कर रहा है, जिसका मूल उद्देश्य किसानों की आय को केंद्र में रखकर कृषि को लाभकारी और टिकाऊ बनाना है। बिहार की विशिष्ट पहचान 'मखाना' को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए विशेष मखाना रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से उत्पादन में वृद्धि, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त



होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। डेयरी विकास के क्षेत्र में प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन तथा प्रत्येक पंचायत में सुधा डेयरी बिक्री केंद्र की स्थापना की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। इससे किसानों को नियमित आय सुनिश्चित होगी, महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। मत्स्य पालन को भी आय के सशक्त स्रोत के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें तालाबों का विकास, आधुनिक मत्स्य बीज, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाओं का विस्तार शामिल है। "हर खेत को पानी" अभियान ने सिंचाई के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। नहरों के विस्तार, लघु सिंचाई परियोजनाओं, सोलर पंप योजना, ट्यूबवेल, चेक डैम और जल संरक्षण कार्यों के माध्यम से खेती को वर्षा पर निर्भरता से मुक्त किया गया है। परिणामस्वरूप उत्पादन के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। अब अगला लक्ष्य हर जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना है। अब बिहार केवल कच्चा माल नहीं बेचेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और ब्रांडिंग कर मूल्यवर्धित उत्पाद बाजार में उतारेगा। मुजफ्फरपुर की लीची, सीमांचल का मक्का और पूरे बिहार का चावल अब जिले में ही प्रसंस्कृत होगा। इससे परिवहन लागत कम होगी, बिचौलियों की भूमिका घटेगी, किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को भी इससे नई संभावनाएं मिलेंगी। बिहार का किसान अब केवल अन्नदाता नहीं रहेगा, बल्कि उद्योगदाता के रूप में प्रदेश की समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

# विधान परिषद में शराबबंदी कानून को लेकर पक्ष विपक्ष में हंगामा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अब अपनी अंतिम पड़ाव पर है। इसी दौरान गुरुवार को सदन में जबरदस्त बवाव देखने को मिला। सदन में शराबबंदी कानून को लेकर लगातार विपक्ष सत्ता पक्ष को घेर रहा है। विपक्ष का दावा है कि अगर सदन में चाहें तो सदन में भी शराब की डिलीवरी हो जाएगी। वहीं उनके इस बयान पर अब मंत्री ने भी चुनौती दी है और कहा है कि वो शराब मंगवा कर दिखाएं। दरअसल, शराबबंदी के मुद्दे पर गुरुवार को विधान परिषद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। बहस के दौरान आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला और सदन का माहौल गर्म हो गया। जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने आरजेडी के विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन में शराबबंदी की प्रतिज्ञा लेने के बाद शराब मंगाने जैसी बात कहना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पर अधिनियम के तहत मुकदमा हो सकता है। नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि राजद ने शराब बेचने वाली कंपनियों से करोड़ों रुपये चंदा लिया, इसलिए पार्टी को शराबबंदी से परेशानी हो रही है। इस पर सुनील सिंह खड़े होकर जवाब देते हुए कहा, ह्लहमाम में सब नंगे हैं, सबकी हकीकत जानता हूं, सदन की पटल पर खोलकर रख दूंगा।ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि ह्लकिंग महेंद्र से जदयू तक हर महीने 99 लाख रुपये लिए जाते रहे, यह सिलसिला पांच साल तक चला।वहीं मंत्री विजय चौधरी ने परिषद में कहा कि यदि कहीं शराब मिल रही है तो उसे बंद कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने विपक्ष से कहा कि यदि जानकारी है तो कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सूचना दें। सिर्फ आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा।वहीं मंत्री अशोक चौधरी ने सुनील कुमार सिंह को चुनौती देते हुए कहा कि यदि हिम्मत है तो बिहार विधानसभा कैंपस के अंदर शराब की डिलीवरी कराकर दिखाएं, जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी शराब मिल रही हो, उसकी सूचना हेल्पलाइन पर दी जानी चाहिए, ताकि कार्रवाई हो सके। सत्ता पक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में शराबबंदी की बड़ी पहल की है और इसे हर हाल में लागू रखा जाएगा।इसके पहले नीरज कुमार ने मीडियाकर्मियों से बात चीत के दौरान कहा कि यदि हिम्मत है तो शराब मंगाकर दिखाएं और फिर यह भी बताएं कि किस जेल में रहेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव होटवार जेल जा चुके हैं, अब यह बताना चाहिए कि सुनील कुमार सिंह किस जेल में रहना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि, इसका फैसला हम लोग कर लेंगे।नीरज कुमार ने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लोगों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है और इसका पालन सभी को करना होगा। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि कोई शराबबंदी कानून की समीक्षा या समाप्ति की मांग करता है, तो वह अपने पूरे परिवार के साथ शपथपत्र (एफिडेविट) सार्वजनिक करे। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो ऐसा करके दिखाएं।

## सदन से गायब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी, जनता के मुद्दों से भागना आश्चर्यजनक : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने नेता प्रतिपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अधिकतर समय तक सदन से गायब रहे। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या जनता के मुद्दों से भागने वाले तेजस्वी यादव के लिए सत्ता की मलाई खाना ही अंतिम लक्ष्य है। तेजस्वी यादव की बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान लगातार अनुपस्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। जब पूरा राज्य बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर रहा है, तब नेता प्रतिपक्ष का सदन में उपस्थित न रहना यह संकेत देता है कि वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। बिहार की जनता ने उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने के लिए चुना है, न कि महत्वपूर्ण मौकों पर मौन रहने के लिए। राष्ट्रीय जनता दल के नेता के रूप में उनसे अपेक्षा थी कि वे सरकार की नीतियों पर सार्थक बहस करते, सुझाव देते और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते। लेकिन उनकी अनुपस्थिति से यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या उनके लिए राजनीति केवल अवसर की राजनीति बनकर रह गई है। जनता यह जानना चाहती है कि जब किसानों, युवाओं, महिलाओं और रोजगार जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही थी, तब उनके नेता सदन से बाहर क्यों थे। उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि सुविधा का साधन। यदि कोई नेता सदन की कार्यवाही में भाग लेने के बजाय दूरी बनाए रखता है, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उदासीनता को दशार्ता है। बिहार विधानसभा केवल एक भवन नहीं, बल्कि करीब 14 करोड़ बिहारवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। वहां से अनुपस्थित रहकर जनता की अपेक्षाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

## रेल टेक पोर्टल लॉन्च, क्लेम ट्रिब्यूनल होगा पूरी तरह डिजिटल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।भारतीय रेलवे में इनोवेशन को बढ़ावा देने और रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल (RCT) की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल टेक पॉलिसी और ई-RCT सिस्टम लॉन्च किया। यह पहल "52 हफ्तों में 52 सुधार" कार्यक्रम के तहत तीसरे और चौथे सुधार के रूप में घोषित की गई है। नई रेल टेक पॉलिसी के तहत इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स, उद्योग और संस्थान "रेल टेक पोर्टल" के माध्यम से सीधे रेलवे से जुड़ सकेंगे और अपने तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर सकेंगे। सरकार प्रोटोटाइप और ट्रायल के लिए वित्तीय सहायता भी देगी तथा सफल होने पर बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा। प्रमुख नवाचार क्षेत्रों में एआई आधारित सुरक्षा, ट्रैक




मॉनिटरिंग, फायर डिटेक्शन, ड्रोन सर्विलांस, सोलर कोच और स्मार्ट क्लीनिंग सिस्टम शामिल हैं। साथ ही, रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के डिजिटाइजेशन के लिए ई-RCT प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है, जिससे 24×7 ई-फाइलिंग, ऑनलाइन सुनवाई, रियल-टाइम केस ट्रैकिंग और आदेशों तक तत्काल पहुंच संभव होगी। अब दुर्घटना या अन्य दावों के लिए ट्रिब्यूनल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि अगले 12 महीनों में RCT की सभी बेंच पूरी तरह डिजिटल हो जाएंगी। इस पहल से रेलवे में तकनीक आधारित शासन, पारदर्शिता और यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

## कृषि का विकास इस पर आधारित उद्योगों के विस्तार से ही संभव : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि देशरे डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व दया, करुणा, सूझबूझ और प्रेम से परिपूर्ण था। संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी। वे बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित देशरे डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा प्राचीन और समृद्ध रही है। बिहार में उद्योग और कृषि के विकास पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा, जब पिछड़े राज्यों का भी चहुंमुखी विकास हो। राज्यपाल ने कहा कि जिस राष्ट्र की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित हो, उसके समग्र विकास के लिए उद्योगों का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। कृषि का वास्तविक विकास कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से ही संभव है, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बिहार के उद्यमियों ने अनेक चुनौतियों का सामना किया, जिसका प्रभाव औद्योगिक वातावरण पर पड़ा। इसके बावजूद उद्यमियों ने धैर्य, साहस और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सफलता हासिल की। वर्तमान में राज्य में व्यापक परिवर्तन और विकास दिखाई दे रहा है और औद्योगिक माहौल पहले की तुलना में बेहतर हुआ है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पहचानें और समाज में रोल मॉडल के रूप में स्वयं को स्थापित करें, क्योंकि सफल व्यक्तियों का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। छोटी सोच सुख और आनंद नहीं दे सकती : विभिन्नता में एकता की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह देश सदियों से विभिन्न जातियों, समाजों और संस्कृतियों का मिलन स्थल रहा है। कहावत है कि 12 कोस पर पानी और पांच कोस पर वाणी बदल जाती है। बावजूद अनेकता में एकता की मिसाल भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है। उपनिषद की चर्चा करते हुए कहा कि छोटी सोच कभी भी इंसान को सुख और आनंद नहीं दे सकती। लोगों से दूसरों के लिए रोल मॉडल बनने की अपील भी की।एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल खेतान ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केवल बिहार नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव थे। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। उद्यमियों और युवाओं के लिए उनका व्यक्तित्व एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ की तरह है। बिहार के औद्योगिक विकास को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद की सोच दूरदर्शी थी। वे कृषि और उद्योग के संतुलित विकास के पक्षधर थे और आत्मनिर्भर और सशक्त बिहार की परिकल्पना रखते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व उपमुखिया सह राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी



**पटना**।लखनी बीघा पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी एक पत्र के माध्यम से स्पीड पोस्ट के द्वारा उनके घर पर भेजी गई है। इस धमकी मिलने के बाद उदय कुमार एवं उनका परिवार काफी दहशत में है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के आशोपुर के रहने वाले पीड़ित उदय कुमार ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन देकर पत्र भेजने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने एवं अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाने में मौजूद उदय कुमार ने बताया कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके घर पर एक पत्र भेजा गया। जो उनकी पत्नी ने रिसीव किया। उस पत्र को खोलने पर उसमें पत्नी एवं बेटी के बारे में अभद्र बातें लिखते हुए उन्हें जल्द से जल्द जान से मारने की बात कही गई है। उस पत्र में यह भी जिक्र किया गया है कि विगत दिनों दानापुर में कई जनप्रतिनिधियों की हुई हत्या की तरह उनकी भी जल्द हत्या कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक माह पूर्व उनके कार्यालय में आशोपुर गांव के ही रहने वाले अजय यादव एवं उनके सहयोगियों द्वारा उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गई थी। इसके अलावा उनके ऊपर भी अस्पताल में हमला हो चुका हैं। इसके पूर्व भी थाने में उन लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया था, मगर उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। इसलिए उन्होंने स्थानीय पुलिस एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी से अपनी सुरक्षा एवं पत्र भेजने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई की बात कही है। वही मामला संज्ञान आने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पुनपुन थाना में होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक

**पुनपुन**।होली और रमजान के मद्देनज़र पुनपुन थाना परिसर में शांति समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार की अध्यक्षता हुई , जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, धर्मगुरु और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में आगामी होली और रमजान पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा करने से बचें। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने कही कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं एवं समाजसेवियों ने भी आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पुनपुन क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहज़ीब को कायम रखते हुए दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएंगे। अंत में प्रशासन की ओर से लोगों को आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की गई, ताकि त्योहार शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो सकें।

### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया दो पुस्तकों का लोकार्पण



**पटना**।पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो० उपेन्द्र प्रसाद सिंह के करकमलों द्वारा दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विधिवत् लोकार्पण संपन्न हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। लोकार्पित पुस्तक "बॉटनी फॉर स्टूडेंट्स" स्नातक सेमेस्टर 6 के लिए नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार की गई है। इस उपयोगी एवं मार्गदर्शक पुस्तक का लेखन प्रो० डॉ० मनोज कुमार एवं डॉ० विनय भूषण कुमार द्वारा किया गया है। इस पुस्तक में विद्यार्थियों को विषय की स्पष्ट, सुव्यवस्थित एवं समग्र समझ प्राप्त होगी। इस अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्रधानाचार्य प्रो० तपन कुमार शांडिल्य ने लेखकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी तथा शैक्षणिक जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने इसे अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। समारोह में शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो० विजय सिन्हा, डॉ० शुशोभन पहलादी, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ० मुकुंद कुमार, शोधार्थी शिवम कुमार, अमब्रिश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। टी.पी.एस. कॉलेज परिवार इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर लेखकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की।

### व्हाइट टाइगर्स कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन संपन्न



**पटना**।व्हाइट टाइगर्स होम द्वारा व्हाइट टाइगर्स कॉम्प्लेक्स परियोजना का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना पटना के दानापुर के समीप अशोकपुर उसरी में विकसित की जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्हाइट टाइगर्स होम के संस्थापक व अध्यक्ष प्रियतेश आनंद ने कहा कि व्हाइट टाइगर्स कॉम्प्लेक्स को आधुनिक दृष्टिकोण और सामुदायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि परियोजना का उद्देश्य एक ऐसा बहुउद्देशीय परिसर तैयार करना है जहाँ शिक्षा, प्रशिक्षण, सामाजिक गतिविधियों और अन्य उपयोगी सेवाओं से संबंधित सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, सुव्यवस्थित परिसर, सुरक्षित वातावरण तथा उपयोगकर्ता-अनुकूल सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। परियोजना के निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण करने की योजना है। कार्यक्रम के दौरान परियोजना की रूपरेखा, प्रस्तावित सुविधाओं और निर्माण की समय-सीमा पर भी चर्चा की गई।

# शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर बिहार को गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारी शिक्षा का सशक्त उदाहरण बनाएंगेः शिक्षा मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस




» प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय दो दिवसीय मेला आयोजित

» छोटे कदम, बड़े बदलाव': प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से निरंतर नवाचार की लहर

**पटना**।शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आज विज्ञान एवं गणित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) मेला में राज्य के सभी जिलों से आए विद्यार्थियों और शिक्षकों की रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को देखकर अत्यंत गर्व और संतोष का अनुभव हुआ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर बिहार को गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारी शिक्षा का सशक्त उदाहरण बनाएंगे। शिक्षा मंत्री गुरुवार को राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) द्वारा महेंद्रू में आयोजित पीबीएल कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान उक्त बातें कहीं। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उसके बाद शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र, प्रो. अरिंदम बोस सहित अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया एवं बच्चों से संवाद किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह आयोजन स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि बिहार में शिक्षा सहभागिता, प्रयोग एवं वास्तविक जीवन से जुड़ी सीख की दिशा में आगे बढ़ रही है। जब बच्चे स्वयं मॉडल बनाकर, प्रयोग कर एवं अपनी समझ प्रस्तुत करते हैं, तब सीखना अधिक प्रभावी और स्थायी बनता है। इस पहल के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास तथा सहयोगात्मक सीखने की संस्कृति विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक लक्ष्य है कि आगामी राष्ट्रीय सर्वेक्षण 'परख' में बिहार न केवल राष्ट्रीय औसत को पार करें, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करें। वहीं अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों में पठन-पाठन की ललक होनी चाहिए तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। यह प्रयास बेहतर है इसे निरंतर जारी रखने की जरूरत है। एससीईआरटी के निदेशक दिनेश कुमार ने कहा कि विज्ञान एवं गणित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला विद्यालयों में सीखने की बदलती दिशा का सशक्त प्रमाण है। यह पहल कक्षा को संवाद, खोज एवं प्रयोग का जीवंत मंच बना रही है, जहां विद्यार्थी स्वयं सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में हैं। शिक्षकों की सक्रिय भूमिका एवं सामूहिक प्रयासों से सीखना अधिक अर्थपूर्ण बन रहा है। ऐसे प्रयास राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा की सुदृढ़ नींव तैयार कर रहे हैं। विदित हो कि बिहार के सरकारी विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए विज्ञान एवं गणित विषय में संचालित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय दो दिवसीय मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन मंत्रा सोशल सर्विसेज के सहयोग से एससीईआरटी परिसर में गरुवार को किया गया, जिसमें शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित अन्य अतिथियों को पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विज्ञान से संबंधित विद्वानों का एक पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने 'अनुभव से नेतृत्व' विषय पर अपने विचार साझा किए। इस चर्चा के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें विज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया। साथ ही 'किलकारी' के प्रतिभावान प्रशिक्षुओं द्वारा विज्ञान विषय पर नाट्य प्रस्तुति भी दी गई। इस राज्य स्तरीय विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी ने बिहार के विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इसमें राज्य के सभी 38 जिलों से चयनित छात्र-छात्राओं एवं विज्ञान तथा गणित शिक्षकों द्वारा तैयार प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा सभी प्रोजेक्ट्स का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की गई। सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए विभिन्न जिलों से आए विद्यालयों को गणित एवं विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। गणित विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालयों का चयन किया गया, जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरिपुर कैमूर, पो. मध्य विद्यालय, इटहरी, बांका, उ० म० वि० पहाडपुर कटिहार, उ० म० वि० डुमरा टोल, समस्तीपुर, मध्य विद्यालय दतियाना, पटना शामिल हैं। इसी प्रकार विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चयनित विद्यालयों में मध्य विद्यालय रामनगर, मुंगेर, मध्य विद्यालय बीहट, बेगूसराय, बुनियादी विद्यालय,वृंदावन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बंधु बिगहा, अरवल, और मध्य विद्यालय कुड़वा गयाजी शामिल है। वहीं राज्य स्तरीय विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं विज्ञान तथा गणित शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक (डायट) श्री समर बहादुर, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती शुषमा कुमारी, विभागाध्यक्ष स्नेहाशीष दास, इम्तियाज आलम एवं विभा रानी, सभी जिलों के जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक, साइंस फॉर सोसाइटी के प्रोफेसर अरुण कुमार, मंत्रा सोशल सर्विसेज के प्रतिनिधि सौरभ सिंह, नीरज दास गुरु, सभी जिलों से आए अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में महाघोटाला, जीरो टॉलरेंस का नारा है

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा**।जब सत्ता पक्ष के ही विधायक, विधानसभा में ही शायद बिहार में पहली बार सत्ता पक्ष के ही आवाज़ उठा रहे हैं। भाजपा के विधायक डा सुनिल कुमार ने कहा कि नालंदा में आवास भुगतान के लिए 25 प्रतिशत घूस ली जा रही है। इतना ही नही भाजपा के विधायक नीतीश मिश्रा ने कहा कि गोपालगंज जिले के सिधंवालिया में आवास के लिए ,30 हजार रुपये की जा रही है जिसका वीडियो मेरे पास है। इस संदर्भ में ग्रामीण विकास मंत्री ने कारवाई के बदले Upma करवाएंगे। कारवाई के मतलब थाना में एफआईआर। मतलब कारवाई शुरू। नाम जद मुकदमा , गिरफ्तारी शुरू। कौन कौन धारा लग सकता है। धारा 7और 13। धारा 409,420, धारा 120 वी। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रश्न है तब यदि मामला से जुड़ा है तो यह सीधे प्रधानमंत्री की मंशा पर कुठाराघात है ।माननीय प्रधानमंत्री जी आपने जो भेजा है गरीब की छत के लिए भेजा है। यह पैसा बिचौलियों की जेब में जा रहा है क्या गरीब को घर बनाने के लिए 25% कमीशन देना पड़ेगा क्या वीडियो होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होगी। माननीय प्रधानमंत्री जी बिहार की जनता विकास चाहती है सुरक्षा चाहती है पारदर्शिता चाहती है जीरो टॉलरेंस का नारा तभी सार्थक होगा जब अपराधी छत्र छाया में नहीं कानून के शिकंजे में दिखेंगे। यह लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं व्यवस्था में ईमानदारी के लिए। यदि वीडियो साक्ष्य हैं तो इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के रूप में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65 बी के तहत प्रमाणिकता सुनिश्चित कर मुकदमा चलाया जा सकता है। ग्रामीण मंत्री श्रवण कुमार केवल जांच क्यों? जांच आदेश देना एक प्रशासनिक प्रक्रिया है लेकिन एफआईआर दर्ज करना कानूनी दायित्व है।यदि प्रथम दृस्टिया करना अनिवार्य है। यह मामला केवल नालंदा या गोपालगंज का नहीं है यह शासन की नैतिकता का आईना है । यदि सत्ता पक्ष के विधायक स्वयं घूसखोरी की बात कह रहे हैं तो विपक्ष को दोष देकर मामला दबाना लोकतंत्र के लिए छल हैं। यदि सरकार सच में जीरो टॉलरेंस चाहती है तो सबसे पहले अपने घर की सफाई करें नहीं तो यह संदेश जाएगा भ्रष्टाचार पर भाषण अलग और व्यवहार अलग। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ध्यान दें।

## एस.एम.डी. कॉलेज पुनपुन में एन.सी.सी. इकाई द्वारा होली मिलन समारोह



नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन**।गुरुवार को एस ०एम ०डी कॉलेज पुनपुन पटना में एन.सी.सी इकाई के द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय प्रो (डॉ) मधुरेंद्र और कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर एन.सी.सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार थे होली के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया , जहां कैडेट्स ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। यह आयोजन कैडेट्स में एकता और अनुशासन एनसीसी का आदर्श वाक्य को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक सौहार्द के साथ मनाया जाता है। और सामुदायिक सद्भाव और सामाजिक भाईचारे को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण,शिक्षकेतर कर्मचारी गण ,और एन.सी.सी कैडेट्स उपस्थित हुए।

## पुलिस सप्ताह पर पिपरा थाना और कल्याणपुर पंचायत के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**।पुलिस सप्ताह के अवसर पर पिपरा थाना द्वारा खेल मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में कल्याणपुर पंचायत की टीम और थाना पुलिस की टीम आमने-सामने हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच आपसी समन्वय, विश्वास और सौहार्द को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय और टॉस के साथ हुई। टॉस जीतकर पिपरा थाना की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर के मैच में पिपरा थाना की टीम ने 8 विकेट खोकर 105 रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंचायत की टीम ने संयमित खेल का प्रदर्शन किया। 9 ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में पंचायत की टीम ने 3 विकेट से जीत हासिल कर ली। मैच के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग मौजूद रहे और दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया। मैच के उपरांत आयोजित संक्षिप्त समारोह में थाना प्रभारी कालेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस सप्ताह के तहत इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि खेल आपसी भाईचारे और सकारात्मक संवाद का माध्यम है। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक कदम बताया। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पुलिस सप्ताह के इस आयोजन ने क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया कि पुलिस और जनता मिलकर समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पटना में भूकंप,मचा हड़कंप,मॉक ड्रिल में सुरक्षा कर्मियों ने दिखाए जलवे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।प्राकृतिक आपदा के समय भूकंप के प्रभाव से जन मानस के बचाव हेतु राजधानी पटना में आज भूकंप से बचाव का "मॉक ड्रिल" किया गया। मॉक ड्रिल में राजधानी पटना के कुल 7 स्थान पर राहत एवं बचाव कार्य किए गए। मॉक ड्रिल में फायर ब्रिगेड, एन डी आर एफ , एस डी आर एफ ,बिहार पुलिस, सिविल डिफेंस ,इंडियन आर्मी, एनसीसी और वायु सेना के जवानों ने भूकंप से प्रभावित इलाकों में खोज एवं बचाव के माध्यम से भूकंप में प्रभावित जनों को आवश्यक सहायता, सहयोग और सुरक्षा मुहैया कराया। इसका आयोजन बिहार सरकार के बिहार आपदा प्रबंधन विभागों द्वारा किया गया था। मॉक ड्रिल पटना के कुल सात स्थानों पर आयोजित हुआ। इसका मुख्य केंद्र पटना का गांधी मैदान रहा। गांधी मैदान के कंट्रोल रूम में भूकंप की सूचना प्राप्त होते ही फायर ब्रिगेड ,बिहार पुलिस, सिविल डिफेंस ,एनसीसी , एनडीआरफ की विभिन्न टुकड़ियों को भूकंप प्रभावित इलाकों में भेजा गया। राजधानी पटना के गांधी मैदान, समाहरणालय परिसर, जेपी सेतु, सिटी सेंट्रल हॉल, बिस्कोमान टावर आईजीएमएस और जे डी विमेंस कॉलेज में प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल में इन सात स्थान पर सिविल डिफेंस के कल 57 स्वयंसेवक एवं वार्डन तैनात किए गए थे। गांधी मैदान में तैनात सिविल डिफेंस के जवानों का नेतृत्व सिविल डिफेंस पटना के चीफ वार्डन विजय कुमार सिंह एलिस श्याम नाथ सिंह ने ग्रुप लीडर के रूप में किया। कुंदन कुमार को इस ग्रुप का डिप्टी ग्रुप लीडर बनाया गया था। स्मॉल ड्रिल की विशेषता यह रही कि मॉक ड्रिल में भारतीय वायु सेना को भी तैनात किया गया था। वायु सेना के गरुड़ कमांडो की महिला जांबाज कमांडो भी किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए मार्क ड्रिल में मुस्तैद नजर आई।

## किसी तरह की आपदा से निपटने के लिए विभागों में आपसी समन्वय जरूरीः मुख्य सचिव

नई सोच एक्सप्रेस



» त्वरित राहत और बचाव कार्य के लिए संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग करना होगाः मेजर जनरल सुधीर

» राज्य स्तरीय भूकम्प परिदृश्य पर आधारित "मॉक अभ्यास" सफलता पूर्वक संपन्न

**पटना**।राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और आपदा प्रबंधन विभाग बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय भूंकप परिदृष्य पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। सरदार पटेल भवन स्थित आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने की और जिलों को प्रभावी समन्वय करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। इसलिए हमे पहले से तैयार रहना होगा। सभी टीमें आपस में समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करें। इससे बड़ी से बड़ी आपदा से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बराबर होना चाहिए, ताकि लोग भी इसके प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि संसाधनों की अद्यतन सूची संधारित की जाए। आपात संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस नेटवर्क को भी तत्पर रखा जाए। ताकि आपात स्थिति में सभी टीमें अपने दायित्व को ससमय निर्वहन कर सकें। बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत मिश्रा ने कहा कि पहले "भूकम्प सप्ताह" मनाया जाता था। इसके बाद उसे "भूकम्प पखवाड़ा" के रूप में विस्तारित कर दिया गया, ताकि व्यापक जन-जागरूकता और उसकी तैयारी सुनिश्चित हो सकें। वहीं एनडीएमए के मेजर जनरल सुधीर बहल ने सशक्त एवं समन्वित कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के बीच स्पष्ट और निर्बाध संचार ही प्रभावी आपदा प्रबंधन की कुंजी है। उन्होंने रेडियो संचार को एक विश्वसनीय एवं व्यावहारिक माध्यम बताया तथा संभावित भूकंपीय प्रभावों के परिदृष्य के माध्यम से पूर्व तैयारी को अनिवार्य बताया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस बल की भूमिका पर विशेष चर्चा करते हुए भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और त्वरित सूचना संप्रेषण की महत्ता को भी रेखांकित किया। इस कार्यक्रम के तहत पटना के विभिन्न स्थलों पर व्यापक और यथार्थपरक मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉक अभ्यास" का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), भारत मौसम विज्ञान विभाग, सिविल डिफेंस, बिहार अग्निशमन सेवा सहित गृह, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ऊर्जा, परिवहन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं जल संसाधन विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, उत्तर प्रदेश के एसडीआरएफ सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। विभाग के संयुक्त सचिव श्री मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर समन्वय एवं तत्परता की अपेक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बोर्ड से अविलंब भुगतान की मांग, शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**छपरा**।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को अब तक पिछले वर्ष के पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर शिक्षकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। जबकि इस वर्ष की मूल्यांकन प्रक्रिया 27 फरवरी से पुनः प्रारंभ होने जा रही है। शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विभाग द्वारा वीक्षण एवं मूल्यांकन कार्य में योगदान नहीं देने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है लेकिन जब शिक्षकों को समय पर पारिश्रमिक देने की बात आती है तो गंभीर लापरवाही बरती जाती है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन कार्य अत्यंत जिम्मेदारी और दबाव भरा होता है, इसके बावजूद शिक्षकों को उनके मेहनताना के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। शिक्षक नेता ने समिति से मांग की है कि पिछले वर्ष के मूल्यांकन कार्य का बकाया पारिश्रमिक अविलंब जारी किया जाए ताकि आगामी मूल्यांकन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके और शिक्षक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव,सत्यनारायण साह,रणजीत सिंह,हवलदार मांझी,विनोद राय,राहुल रंजन,अनुज यादव,पंकज प्रकाश,रविन्द्र ठाकुर,ललन यादव,नरेंद्र यादव,मिथलेश सिंह,भीम रजक,सन्तोष सिंह,ललन राय, उमेश यादव,रामानन्द सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कृष्णापुरी मोहल्ले में अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**जहानाबाद**।नगर थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी मोहल्ले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह सुबह सड़क किनारे शव पड़े होने की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। जानकारी के अनुसार नगर पालिका का एक सफाईकर्मी जब नियमित सफाई कार्य के लिए कृष्णापुरी मोहल्ले में पहुंचा, तभी उसकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी जो जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा था। संदेह होने पर उसने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग वहां इकट्ठा हो गए। नजदीक जाकर देखने पर पता चला कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। यह दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मौत किन परिस्थितियों में हुई ? यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रथम दृष्टया मृतक के चेहरे पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह हत्या का मामला है या दुर्घटनावश गिरने से मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद मोहल्ले में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोग अपने अपने स्तर से कयास लगा रहे हैं लेकिन पुलिस ने अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखें।फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। पहचान होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

### 24–30 घंटे के भीतर 96 हजार की साइबर ठगी, जयनगर के व्यवसायी विष्णु हरि साह बने शिकार

» बंधन बैंक खाते पर साइबर वार लोन के तुरंत बाद 96 हजार की निकासी

» जयनगर में कई बैंक खाताधारक बने साइबर ठगी के शिकार, एक माह में बढ़ी घटनाएं



**मधुबनी/बिहार**।मधुबनी जिला के जयनगर शहर में साइबर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। पटना गदी समीप एफसीआई रोड स्थित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान "श्री राम स्वीट्स" के संचालक विष्णु हरि साह के खाते से 21 तारीख (शनिवार) को 96 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। यह राशि #Bandhan_Bank की जयनगर शाखा स्थित खाते से अवैध रूप साइबर ठगी ।पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में व्यवसायिक ऋण (लोन) लिया था। लोन की प्रक्रिया पूरी होने के महज 24 से 30 घंटे के भीतर ही उनके खाते से 96,000 रुपये की संदिग्ध निकासी हो गई। मोबाइल पर बैलेंस चेक किया तो ट्रांजेक्शन देख होश उड़ गए। आनन-फानन में बैंक शाखा से संपर्क कर , बैंक जा कर खाते को सुरक्षित कराया गया।व्यवसायी का कहना है कि उन्होंने किसी अज्ञात कॉल या लिंक पर अपनी गोपनीय जानकारी साझा नहीं की, फिर भी इतनी बड़ी राशि का उड़ जाना बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारिक समुदाय में चिंता और आक्रोश का माहौल है। मधुबनी साइबर थाना में लिखित आवेदन, 1930 पर भी शिकायत — जल्द कार्रवाई का आश्वासन पीड़ित सहित अन्य लोगों ने इस संबंध में मधुबनी साइबर थाना में लिखित आवेदन दिया है। साथ ही कई पीड़ितो द्वारा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आवेदन प्राप्त होते ही मामले की तकनीकी जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जयनगर में पिछले एक महीने के भीतर ही इस प्रकार की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। कभी केवाईसी अपडेट, कभी लोन सत्यापन कभी अमेजोन तो कभी फर्जी कॉल के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं। इससे आम नागरिकों और व्यवसायियों के बीच भय का वातावरण व्याप्त है। विशेषज्ञो का मानना है कि डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व सतर्क रहें तथा ओटीपी, पिन या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। फिलहाल पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर धनराशि के ट्रांजेक्शन ट्रेल की जांच में जुटी हुई है। पीड़ितों को उम्मीद है कि शीघ्र ही मामले का उद्भेदन होगा और दोषियो पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**नालन्दा**।विकास आयुक्त का कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा - निर्देश एवं मार्गदर्शन में एमएसएमई, विकास कार्यालय, पटना, द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, नालंदा, बिहार शरीफ के परिसर में आयोजित किया गया | कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री सचिन कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, नालंदा एवं श्रीकांत सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक, नालंदा द्वारा किया गया एवं इसकी अध्यक्षता डॉ. रोचक राठौर, सहायक निदेशक ग्रेट 1 ने किया | उक्त मौके पर अतिथियों के रूप में एमएसएमई विकास कार्यालय पटना के निर्देशक, श्री आर के चौधरी, श्री अजय कुमार, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, नालंदा, डॉक्टर ए.के. वर्मा, विजिटिंग प्रोफेसर एवं विपणन सलाहकार एवं श्री अंकेश कुमार उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि श्रीकांत सिंह ने पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए विपणन एवं उद्यमिता की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित एमएसएमई इकाइयों को इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया एवं बताया की सरकार ने किस तरह से 18 संकायों को एमएसएमई से जोड़कर लाभ पहुंचाने का काम किया है । तकनीकी सत्र में डॉक्टर रोचक राठौर ने पीएम विश्वकर्मा योजना तथा 26 जनवरी एवं दिल्ली हाट जैसे कार्यक्रम की महत्व पर प्रकाश डाला । श्री संजीत राज द्वारा विज्ञापन एवं पैकेजिंग प्रमोशन के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई । जिसमें उन्होंने बताया की कैसे ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार - प्रसार करके अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जाता है । प्रोफेसर ए.के. वर्मा ने वित्तीय डिजिटल प्रबंधन, ऑर्डर डिलीवरी, इन्वेंटरी मैनेजमेंट पर व्यवहारिक मार्गदर्शन किया । सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों पर काफी चर्चा की एवं सहभागिता व्यक्त की । इससे साफ जाहिर होता है की उद्यमी इकाइयों को भविष्य में काफी लाभ मिलेगा 1 अंत में डॉक्टर रोचक राठौर सहायक निदेशक ग्रेड 1 ने धन्यवाद ज्ञापन किया l

### ज़िलाधिकारी ने जिला नियोजनालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय मेला का उद्घाटन किया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**।युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत जिला नियोजनालय में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाना है। नियोजन मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में रोजगार मेले में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का प्रोत्साहित करते हुए रोजगार एवं उद्यमिता के उपर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण से उनके भविष्य को एक बेहतर रूप मिल सकता है। उन्होंने मेला में भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के विषय में जागरूक करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर प्राप्त करने हेतु मनोबल भी बढाया गया। इसके साथ ही स्वरोजगार के दिशा में सहयोग प्रदान करने हेतु युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित नियोजन सेवा का विस्तार योजना अंतर्गत कुल 13 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सिलाई मशीन इत्यादि वितरण किया गया एवं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले कुल 4 अभ्यर्थियों को स्टडी किट का वितरण जिलाधिकारी ने किया। इसके साथ ही कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके कुल 50 अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किया।इस नियोजन मेला के सफल आयोजन में संतोष कुमार, आरती देवी, अजीत कुमार सहित कार्यालय के सभी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रेवाड़ी में सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।जलालपुर प्रखंड के कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवाड़ी गांव में आस्था और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नवनिर्मित सूर्य नारायण मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा "भुवन भास्कर" के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आगे बढ़ी। बैंड-बाजा की मधुर धुनों तथा सजे-धजे घोड़ों की अगुवाई में यात्रा गांव की विभिन्न गलियों से गुजरती हुई श्रद्धा का संदेश देती रही। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करती चल रही थीं। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालु कलश लेकर पवित्र सरयू नदी तट पहुंचे, जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल लौट आए। आचार्य मनमोहन दुबे के सान्निध्य में यजमान ब्रह्मदेव प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी मानकी देवी यज्ञ में सहभागिता निभा रहे हैं। आचार्य ने बताया कि 28 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा एवं अष्टयाम का आयोजन होगा, जबकि 1 मार्च को हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा को सफल बनाने में सुरेंद्र प्रसाद, पारस प्रसाद, गणेश राय, मनोज प्रसाद एवं संदीप कुमार सहित अनेक ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

## रैयती भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

नई सोच एक्सप्रेस



» धमकी देने का आरोप, परिवार में दहशत का माहौल

**सुगौली**।अंचल क्षेत्र के करमवा गांव निवासी नारद प्रसाद ने अपनी पैतृक रैयती भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में उन्होंने प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में नारद प्रसाद ने उल्लेख किया है कि उनके पिता स्वर्गीय रामजतन प्रसाद ने वर्ष 1964 में विधिवत दस्तावेज के माध्यम से उक्त भूमि की खरीदारी की थी। संबंधित भूमि सुगौली अंचल के राजस्व थाना संख्या-8 अंतर्गत मौजा मठियापुर करमवा में स्थित है। आवेदन में खाता एवं खेसरा संख्या का भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त भूमि पर कुछ लोग दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। नारद प्रसाद ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत कार्रवाई कराने की धमकी दी जा रही है। इन धमकियों के कारण उनका परिवार मानसिक तनाव और भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए, भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इधर, मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग प्रशासनिक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में सुगौली थानाध्यक्ष अवनीस कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। एहतियातन दोनों पक्षों को फिलहाल किसी भी प्रकार की गतिविधि से रोक दिया गया है तथा न्यायालय के आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

# जिला शिक्षा कार्यालय में अग्नि सुरक्षा को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**।जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक आपात स्थिति तैयार की गई और कर्मियों को उससे निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। प्रशिक्षण के तहत अग्निशामक यंत्र के सही उपयोग, आग पर नियंत्रण पाने की प्रारंभिक तकनीक और सुरक्षित निकास की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। सही समय पर त्वरित कार्रवाई और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन कर बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को मानसिक एवं तकनीकी रूप से तैयार करना है ताकि किसी भी अप्रिय घटना के समय जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान कर्मियों ने न केवल आग बुझाने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझा बल्कि सुरक्षा उपायों और एहतियाती कदमों के महत्व को भी जाना। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई ताकि कार्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## होली को लेकर रेलवे थाना में शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली**।होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को रेलवे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा पर जोर देते हुए कहा कि होली के दौरान रेल से सफर करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हुड़दंग की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया। रेलवे पुलिस ने आम लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत रेलवे थाना को सूचना

## साइक्लिंग में छपरा का बढ़ा मान, डॉ. अजय पाल कोच-सह-मैनेजर नियुक्त

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ,खेलो इंडिया (SAI) बिहार साइक्लिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में "अस्मिता विमेन साइक्लिंग लिंस" जोनल लेवल (ईस्ट जोन) रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 8 मार्च 2026 तक पटना में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय (बी.एड.) कॉलेज, छपरा (सारण) के स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के व्याख्याता डॉ. अजय कुमार पाल को उत्तर प्रदेश साइक्लिंग टीम का कोच-सह-मैनेजर नियुक्त किया गया है। डॉ. अजय कुमार पाल पूर्व राष्ट्रीय साइक्लिस्ट रह चुके हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश टीम के कप्तान के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई है। वर्तमान में वे मुख्य चयनकर्ता की भूमिका भी अदा कर रहे हैं। मूल रूप से कानपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. पाल ने खेल के प्रति अपने विशेष रुझान के कारण इसी क्षेत्र में करियर बनाया और वर्तमान में छपरा (सारण) स्थित बी.एड. कॉलेज में शारीरिक शिक्षा व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं तथा एथलेटिक्स और साइक्लिंग में अनेक पदक अर्जित कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने एथलेटिक्स, साइक्लिंग और रग्बी में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है, जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं तथा विभिन्न सरकारी विभागों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर एमएलसी प्रो. वीरेंद्र नारायण, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम विनय पासवान, व्याख्याता डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. मुन्ना गुप्ता, नागेश्वर प्रसाद, कुमार ऋषिकांत आनंद, डॉ. दिनेश पाल, चंदन कुमार, मुकुल सिंह, शमशाद आलम, अनुकरण तिवारी, लोकेश पाठक, पीयूष तिवारी, रतन पाल सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# होली मिलन सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**मझौलिया**।गुरुवार के दिन मझौलिया प्रखंड सभागार में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।यह आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन कुमार की अध्यक्षता में की गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा श्रम पदाधिकारी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान किसान पंजीयन व ई केवाईसी के कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को सम्मान पत्र तथा मेडल व फुल माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया तथा गुलाल लगाकर सबको होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कई प्रखंड कर्मियों ने होली की गीत गाकर सबको झूमते दिखे गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन कुमार ने कहा कि होली तथा ईद को शांतिप्रिय ढंग से आपकी भाईचारे के साथ मनाए ।यह धरती वाल्मीकि की तपोभूमि है तथा गांधी की क्रम भूमि है।सूफी संतों की यह भूमि है।गंगा जमुनी तहजीब की धरती है । यहां आपसी भाईचारा कूट कूट कर भरा हुआ है ।यह भारत देश में हर 12 किलोमीटर दूरी पर भाषाएं बदल जाती है लेकिन यह भारत देश सारे जहां से अच्छा है। वहीं कई उर्दू के शिक्षकों ने सैर शायरों से होली मिलन की छटा बिखेर दी ।इस दौरान मंच पर कृषि पदाधिकारी अबुलैश अनवर , श्रम पदाधिकारी भीम कुमार, प्रखंड समन्वयक मधुसूदन कुमार ,प्रखंड के बड़ा बाबू हसन इमाम मौजूद रहे।इस मौके पर प्रखंड के फार्मर रजिस्ट्रेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मान पत्र तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वालों में अजीत कुमार,सुमंत कुमार ,ज्ञान कुमार, केशव कुमार रंजीत कुमार विश्वास अफरोज गद्दी विजय कुमार गुड्डू आलम , अजय कुमार पडित सविता देवी ,प्रियंका कुमारी प्रिया कुमारी ,विनय चौबे आदि कर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुस्तक लोकार्पण पर टी.पी.एस. कॉलेज परिवार ने दी शुभकामनाएँ

**पटना**।पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो० उपेन्द्र प्रसाद सिंह के करकमलों द्वारा दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विधिवत् लोकार्पण संपन्न हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।लोकार्पित पुस्तक बॉटनी फॉर स्टूडेंट्स स्नातक सेमेस्टर-6 के लिए नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार की गई है। इस उपयोगी एवं मार्गदर्शक पुस्तक का लेखन डॉ मनोज कुमार एवं डॉ विनय भूषण कुमार द्वारा किया गया है। यह पुस्तक बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के स्नातक सेमेस्टर-6 के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिससे विद्यार्थियों को विषय की स्पष्ट, सुव्यवस्थित एवं समग्र समझ प्राप्त होगी। इस अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्रधानाचार्य प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने लेखकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी तथा शैक्षणिक जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने इसे अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।समारोह में शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो० विजय सिन्हा, डॉ० शुशोभन पहलादी,डॉ प्रशांत कुमार,डॉ० मुकुंद कुमार, शोधार्थी शिवम कुमार, अमब्रिश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

### पीयू छात्र संघ चुनाव अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का हुआ प्रेसिडेंशियल डिबेट

**पटना**।पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में चुनाव प्रचार गुरुवार की शाम 5 बजे समाप्त हो गया। वही पटना साइंस कॉलेज में प्रेसिडेंशियल डिबेट हुआ। अध्यक्ष पद के सभी 11 उम्मीदवारों को 5-5 मिनट का समय दिया गया और उम्मीदवारों को अनुशासन में रहकर अपनी बातें रखने को कहा गया। पहले यह प्रेसिडेंशियल डिबेट 25 फरवरी को पटना वीमेंस कॉलेज में आयोजित होने वाला था, लेकिन एक हफ्ते पहले एक छात्र संघ के द्वारा कॉलेज में जबरदस्ती घुसकर चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद प्रेसिडेंशियल डिबेट को कैंसिल कर दिया गया था। पटना विश्वविद्यालय के विधि पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पासवान ने बताया कि, कुलपति प्रोफेसर नमिता सिंह के निर्देश पर पूर्व में ही केंद्रीय चुनाव समिति ने 26 को डिबेट निर्धारित किया था, जिसे लेकर बुधवार को पुनः सूचना जारी की गई। अध्यक्ष पद के सभी 11 उम्मीदवारों को आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जिला प्रशासन से मुस्तैदी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। पटना यूनिवर्सिटी में कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें पीयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिले। नेशनल रैंकिंग में टॉप 100 में जगह बनाना, रिसर्च लैब को शुरू करना, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, कॉलेजों में लैब अपग्रेड कराना, इंटर यूनिवर्सिटी टूनार्मेंट, खिलाड़ियों को लिए कोच और खेल सामग्री की व्यवस्था, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, हॉस्टलों में बेहतर सुविधाएं, कॉलेजों में कैंटीन और हॉस्टलों में मेस की व्यवस्था प्रमुख है।इसके अलावा इंटर्नशिप व रोजगार के लिए प्लेसमेंट कैंप, स्मार्ट व हाईटेक क्लास रूम की व्यवस्था, शोध कार्य को बढ़ावा और पेटेंट की व्यवस्था, छात्र संघ मद की राशि छात्रों के लिए उपयोग करना, जर्जर भवनों को दुरुस्त करना शामिल है।दूसरी ओर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा है कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें चुनाव लड़ने से वंचित किया जा सकता है। प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा 5 समर्थकों के साथ यूनिवर्सिटी के अलग-अलग संस्थानों में प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। इस दौरान सभी को आईडी कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा। छात्र संघ चुनाव में किसी असमाजिक तत्वों का प्रवेश ना हो इसे लेकर एक नियम लागू किया गया है।

### जेडी वीमेंस कॉलेज में आज से दो दिनों तक होगा साहित्य प्रेमियों का जमावड़ा

» समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

**पटना**।जेडी वीमेंस कॉलेज में 27 और 28 फरवरी को समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोधद्व विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संगोष्ठी में देशभर के साहित्यकारों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों की भागीदारी होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. गिरीश कुमार चौधरी करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में जेएनयू के भारतीय भाषा केंद्र की चेयरपर्सन प्रो. वंदना झा अपनी बात रखेंगी। संगोष्ठी में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. अर्चना त्रिपाठी, मणिपुर विश्वविद्यालय की प्रो. ई. विजयालक्ष्मी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रो. मिथिलेश सिंह, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. जंग बहादुर पांडेय, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक स्टाफ कॉलेज के निदेशक प्रो. सतीश कुमार राय, बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के डीन प्रो. दीपक कुमार गुप्ता, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. तरुण कुमार तथा प्रो. मटुकनाथ चौधरी वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन मां प्रेमा फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन सचिव डॉ नलिनी रंजन ने बताया कि दो दिवसीय सेमिनार के छह सत्रों में करीब 300 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के शोधार्थी, पीजी के विद्यार्थी तथा देश के कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक और शोधार्थी हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम आदमी का जीवन, मध्यवर्गीय जीवन संघर्ष, कृषक एवं मजदूर वर्ग का प्रतिरोध, स्त्री समाज का प्रतिरोध, दलित व आदिवासी समाज का जीवन और प्रतिरोध तथा समकालीन कथा में ग्राम्य जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं जेडी वीमेंस कॉलेज हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा मिश्र तथा प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने बताया कि यह संगोष्ठी समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक सरोकारों और प्रतिरोध की परंपरा को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच साबित होगी।

### डॉक्टर भगवत सहाय महाविद्यालय में दो-दो प्रिंसिपल



**ग्वालियर, मध्य प्रदेश**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉक्टर भगवत सहाय महाविद्यालय हजीरा में छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर वह महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया जिसमें सबसे प्रमुख समस्या छात्रों पर आईसी ना होना बाहर के छात्रों का बिना किसी रोक-टोक कॉलेज के अंदर आना कॉलेज में आसामाजिक तत्वों का रहना और कॉलेज में दो-दो प्रिंसिपल होने के कारण छात्रों का भ्रमित होना मुख्य कारण रहे प्रदर्शन लगभग 6 घंटे तक लगातार चल इसके बाद पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दोनों प्रिंसिपलों द्वारा लिखित में दिया गया की इन समस्याओं का समाधान क्या होगा और कितने समय में होगा।

# सीमा सुरक्षा को मजबूती : लेटी सीमा चौकी का उद्घाटन, सशस्त्र सीमा बल की तीन बड़ीपरियोजनाओं का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



**मधुबनी/बिहार**।देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित तथा आधुनिक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। अमित शाह, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार द्वारा बिहार के अररिया जिले में स्थित सशस्त्र सीमा बल की लेटी सीमा चौकी का भौतिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नित्यानंद राय, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार तथा सम्राट चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बिहार राज्य में सशस्त्र सीमा बल की तीन प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया तथा एक अन्य सीमा चौकी का उद्घाटन ऑनलाइन माध्यम से संपन्न किया गया। अपने संबोधन में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक संसाधनों एवं सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि जवान अधिक प्रभावी एवं सशक्त ढंग से राष्ट्र सेवा कर सकें। भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सीमा क्षेत्रों में निगरानी क्षमता

» भारत-नेपाल सीमा पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम, लेटी सीमा चौकी का उद्घाटन

में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा सीमावर्ती नागरिकों को आवागमन, व्यापार एवं विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। लोकार्पित परियोजनाओं के अंतर्गत बिहार के सीतामढ़ी जिले के इन्दरवा स्थित 51वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के लिए 27 करोड़ 67 लाख रुपये मूल्य की 22 एकड़ भूमि पर लगभग 75 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से स्थायी आधारभूत संरचना का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना में प्रशासनिक सह प्रशिक्षण भवन, कार्यालय परिसर, 128 जवानों के लिए बैरक तथा टाइप-दो, टाइप-तीन, टाइप-चार एवं टाइप-पाँच श्रेणी के कुल 68 आवासीय भवनों का निर्माण शामिल है। इसी क्रम में अररिया जिले में 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के लिए 38 करोड़ 68 लाख रुपये मूल्य की 42.55 एकड़ भूमि पर लगभग 73 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से आधुनिक स्थायी आधारभूत संरचना का निर्माण प्रस्तावित है। इस परियोजना में प्रशासनिक सह प्रशिक्षण भवन, कार्यालय, 128 जवानों हेतु बैरक तथा विभिन्न श्रेणियों के 68 आवासीय परिसरों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कटिहार जिले में स्थित पारगमन शिविर के लिए 8 करोड़ 78 लाख रुपये मूल्य की एक एकड़ भूमि पर लगभग 8 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से स्थायी भवन निर्माण कराया जाएगा, जिससे कार्मिकों को बेहतर विश्राम, आवास एवं प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं सशस्त्र सीमा बल की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ जवानों के जीवन स्तर, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा प्रशासनिक सुगमता को नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। यह पहल राष्ट्र की सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह सचिव, सीमा प्रबंधन विभाग के सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, बिहार सरकार के मुख्य सचिव, सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल सीमान्त मुख्यालय पटना के महानिरीक्षक सहित स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सशस्त्र सीमा बल के कार्मिक उपस्थित रहे।

## मुंबई बोरीवली में केनडियर ने स्टोर शुभारंभ के साथ रिटेल पहुंच को और भी मज़बूत किया

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंबई**।आधुनिक और ट्रेंडी डिज़ाइन के लिए मशहूर, कल्याण ज्वेलर्स का लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड, केनडियर ने बोरीवली में अपना नया स्टोर शुरू किया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र में अपनी रिटेल पहुंच को ब्रांड ने और भी मज़बूत किया है। नया स्टोर शुरू करके केनडियर आज के समझदार ग्राहकों को स्टाइलिश और आधुनिक ज्वेलरी आसानी से उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा कर रहा है। बोरीवली में नए स्टोर के शुभारंभ के साथ, केनडियर अपने डिजिटल अनुभव और बढ़ते रिटेल नेटवर्क को जोड़कर अपनी 'ओम्नी-चैनल' मौजूदगी को और मज़बूत कर रहा है। कल्याण ज्वेलर्स की विरासत और भरोसे के साथ, ब्रांड आभूषण खरीदने के अनुभव को पारदर्शिता और सहजता के साथ और भी स्मार्ट और बेहतर बना रहा है। बोरीवली स्टोर के साथ मुंबई में केनडियर की पकड़ और मज़बूत हुई है। अब यह ब्रांड शहर के एक प्रमुख शॉपिंग इलाके में उपलब्ध है। यह विस्तार बड़े शहरों में अपनी पहचान बढ़ाने और आज के आधुनिक ग्राहकों की पसंद को पूरा करने की केनडियर की कोशिश का हिस्सा है। स्टोर को बहुत ही शानदार तरीके से डिज़ाइन किया गया है, जहाँ ग्राहकों को बेहतरीन ज्वेलरी के साथ-साथ खरीदारी का एक अच्छा अनुभव और सही मार्गदर्शन भी मिलेगा। केनडियर खास तौर पर जेन ज़ी, कामकाजी पेशेवरों और फैशन के प्रति जागरूक लोगों की पसंद है। किफ़ायती कीमतों के साथ, इसके आधुनिक डिज़ाइन हर किसी के बजट में फिट बैठते हैं। यहाँ का प्रत्येक आभूषण इस तरह तैयार किया गया है जो न केवल आपकी व्यक्तिगत स्टाइल को निखारता है, बल्कि आपके हर दिन में भी पूरी तरह घुल-मिल जाता है।

## ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी' फ्रेश चक्की आटा, मैदा, सूजी और बेसन को पेश करते हुएईमामी एग्रोटेकट ने बिहार और झारखंड के ब्रांडेड स्टेपल्स बाजार में प्रवेश किया

नई सोच एक्सप्रेस

**कोलकाता**।ईमामी एग्रोटेक लिमिटेड, रु. 30,000 करोड के ईमामी ग्रुप की रु. 20,000 करोड़ की खाद्य तेल, खाद्य और बायो-डीज़ल उत्पादन कंपनी है। इस संस्था ने आज ईमामी हेल्दी एंड टेस्टी फ्रेश चक्की आटा, मैदा, सूजी और बेसन को पेश करते हुए बिहार और झारखंड के ब्रांडेड स्टेपल्स बाजार में अपने प्रवेश की घोषणा की है। इस कंपनी ने ब्रांडेड स्टेपल्स कैटेगरी के ज़रिये रसोई के आवश्यक सामानों के बाज़ार में यह विस्तार किया है। भारत में ब्रांडेड स्टेपल्स का बाजार लगभग रु. 80,000 करोड़ से भी अधिक का है। अगले 3-5 वर्ष तक पूरे देश के खाद्य

» गुणवत्ता, भरोसा और हर खाद्य में स्वाद की खुशियों के साथ अगले 3-5 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य संबंधी उत्पादों की बिक्री में रु. 2000 करोड़ का लक्ष्य तय किया है

बाजार में रु. 2,000 करोड़ से भी अधिक के कंपनी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह विस्तार किया गया है। कंपनी ने पिछले वर्ष ही बंगाल के स्टेपल्स बाजार में प्रवेश किया है। कंपनी के फूड बिजनेस को अपने कुशल नेतृत्व से संभालने वाले श्री विभास वी. अग्रवाल, डायरेक्टर, ईमामी ग्रुप ने कहा "यह सिर्फ किसी कैटेगरी में प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सोच समझकर लिया गया फैसला है। हम हर भारतीय के रोज़ के जीवन को गुणवत्ता, भरोसा और किफायती कीमतों के उत्पाद के साथ 'स्वाद की खुशियों' से भर देना चाहते हैं।" श्री अग्रवाल ने आगे कहा "खाद्य का महत्व सिर्फ़ खाने तक नहीं है - इसके साथ भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस उत्पाद की शुरुआत के साथ हम पैंट्री सहित भारतीय रसोई में भी अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। हम खाद्य से जुड़ी रोज़ की परंपरा, पारिवारिक भोजन और आहार से संबंधित भावनात्मक बंधन का एक अहम हिस्सा बनना चाहते हैं।"

## काशी प्रबुद्ध महिला मंच ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का किया आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी**।काशी प्रबुद्ध महिला मंच की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया | यह समारोह गंगा किनारे स्थित एक होटल में आयोजित किया गया जिसमें मंच की सदस्याओं को उनके योगदान,समर्पण और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया | समारोह की अध्यक्षता अंजलि अग्रवाल ने की जिन्होंने अपने संबोधन में कहा हम सब महिलाएँ बेहद सशक्त हैं हम सब में कुछ न कुछ गुण छिपे रहते हैं हम अपनी ऊर्जा,समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव से आगे बढ़ते हैं तो वो एक मिसाल कायम होती है |समारोह का शुभारंभ संयोजिका रेनू कैला के काव्य पाठ से हुआ | इसके बाद अध्यक्षा अंजलि अग्रवाल एवं प्रिया अग्रवाल ने गीतों के माध्यम से मंच की सदस्याओं को उनके योगदान,समर्पण और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया |सम्मानित होने वाली सदस्यों में शोभा कपूर,ममता तिवारी,छवि अग्रवाल,चंद्रा शर्मा,नूतन रीता अग्रवाल,ममता जायसवाल,देवश्री,नीतू सिंह,पूनम, अनिमा मिश्रा,गीता,रीता कश्यप, संगीता अग्रवाल,ममता पाड़िया,रिचा भार्गव,छवि और वन्दना श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान किया गया समारोह न सिर्फ़ सम्मान का प्रतीक था, बल्कि मंच की सदस्याओं के प्रति आस्था और समर्थन का भी संदेश था | सभी सदस्यों ने एक दूसरे के साथ यादगार तस्वीरें लीं और गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़ उठाते हुए भविष्य के लिए नये लक्ष्य तय किए गए ||

» अंजलि अग्रवाल ने कहा हम सब महिलाएँ बेहद सशक्त हैं हम सब में कुछ न कुछ गुण छिपे रहते हैं हम अपनी ऊर्जा,समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव से आगे बढ़ते हैं

» सदस्याओं को उनके योगदान,समर्पण और उपलब्धियों के लिए किया गया सम्मानित

## धनबाद में राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद का अतिथि सम्मान समारोह संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद**। राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद, धनबाद जिला इकाई द्वारा चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, बैंक मोड़, मटकुरिया रोड स्थित सभागार में भव्य अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा एवं संचालन महासचिव अशोक कुमार पांडेय ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वंचित मुक्ति मोर्चा (झारखंड) के प्रभारी रामाशीष चौहान, दैनिक "विराट वाणी" के संपादक दिलीप सिंह राजपाल, "दबंग हिन्दी" के संपादक राजेंद्र वर्मा, "प्रभात खबर" के क्षेत्रीय प्रभारी उमेश सिंह तथा जिला सचिव सुनील वर्मन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने परिषद के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर झारखंड प्रभारी रामाशीष चौहान को वंचित समाज, विशेषकर महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए झारखंड और बिहार में चलाए जा रहे उनके प्रयासों के लिए मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा वस्त्र, पुष्प एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चौहान जैसे समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना परिषद के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## माहे रमजान में दान से मिलती है अल्लाह की रज़ा, सेवा की भावना से भाईचारे का दें संदेशः वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ ख़ान

नई सोच एक्सप्रेस



**उत्तरप्रदेश**।चांद के दीदार के साथ ही पवित्र माहे रमजान की शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ ख़ान ने समाज के लोगों से रमजान की रूह को समझते हुए इबादत, आत्मसंयम और सेवा के मार्ग पर चलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रमजान केवल रोज़ा रखने का महीना नहीं, बल्कि आत्ममंथन, आध्यात्मिक शुद्धि और सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने का पावन अवसर है। श्री ख़ान ने आगे कहा कि इस पाक महीने में दान - जकात, सदका और खैरात के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। इससे न केवल ग़रीब जरूरतमंदों की कठिनाइयाँ दूर होती हैं, बल्कि अल्लाह की रज़ा भी हासिल होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी आय का निर्धारित हिस्सा ग़रीब जरूरतमंदों पर खर्च कर समाज में समानता और सहानुभूति की भावना को मजबूत करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे रमजान की इबादतों-नमाज़, तिलावत और दुआ के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और ग़रीब जरूरतमंदों की सहायता में बढ़-चढ़कर भाग लें। उनके अनुसार, दान और सेवा की भावना समाज में भाईचारे, करुणा और एकता का संदेश फैलाती है। उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय है कि इसी अवधि में रंगों का त्योहार होली भी मनाया जाएगा। ऐसे में विभिन्न समुदायों के पर्व एक साथ पड़ रहे हैं, जो आपसी सद्भाव और पारस्परिक सम्मान का सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे की आस्थाओं का सम्मान करते हुए संयम और सौहार्द बनाए रखना चाहिए, ताकि समाज में शांति और एकता की मिसाल कायम हो सके। उन्होंने अंत में वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ ख़ान ने कहा कि रमजान का वास्तविक संदेश इंसानियत, सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देना है। यदि हम इन मूल्यों को अपने जीवन में उतार लें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

» इस पाक महीने में दान - जकात, सदका और खैरात के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना अत्यंत पुण्य का कार्य है : वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ ख़ान

» रमजान की इबादतों-नमाज़, तिलावत और दुआ के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और ग़रीब जरूरतमंदों की सहायता में बढ़-चढ़कर भाग लें - दान और सेवा की भावना से समाज में भाईचारे, करुणा और एकता संदेश दे

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा एवं प्रदेश संरक्षक उत्तर प्रदेश प्रमोद शर्मा ने रक्षा मंत्री से दिल्ली में मुलाकात करके स्मृति चिन्ह किया भेंट

नई सोच एक्सप्रेस





**नई दिल्ली**।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा एवं प्रदेश संरक्षक प्रमोद शर्मा ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया प्रमोद शर्मा ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया साथ उपस्थित रहे डॉ० रंजीता शर्मा एवं ऋषि चौरसिया यह मुलाकात संगठन की भावी योजनाओं एवं पत्रकार सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर सार्थक संवाद के उद्देश्य से आयोजित की गई बैठक के दौरान राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से पत्रकार प्रतिनिधि मंडल संगठन पदाधिकारी एवं मीडिया जगत से जुड़े वरिष्ठ जन शामिल होंगे अधिवेशन में पत्रकारों की सुरक्षा पर बल दिया जाएगा पत्रकारों के ऊपर आए दिन हो रहे हमलो की रोकथाम एवं फर्जी मुकदमो से पत्रकारों की सुरक्षा डिजिटल पत्रकारिता की चुनौतियों तथा संगठन किसी सकारात्मक रूप में मीडिया की हम भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है ऐसे में पत्रकारों को निर्भीक और निष्पक्ष रूप से कार्य करने के लिए सुरक्षित वातावरण मिलना अनिवार्य है परिषद पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा सुरक्षा सम्मान विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा उन्हें एक मजबूत संगठनात्मक मंच प्रदान करने के लिए प्रयासरत है संगठन के मुखिया देवेंद्र कुमार मिश्रा हर समय पत्रकारों की सुरक्षा पर विशेष बल देते रहते हैं प्रदेश संरक्षक प्रमोद शर्मा जी ने बताया कि संगठन देशभर में अपनी इकाइयों का विस्तार कर रहा है ताकि जिला एवं तहसील स्तर तक पत्रकारों को सशक्त किया जाए इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी संगठन के प्रयासों को सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आवाज को सरकार और जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है उनकी सुरक्षा सम्मान सुनिश्चित करण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है उन्होंने परिषद के कार्यों को सकारात्मक बताते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने रक्षा मंत्री को आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतीत के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया संगठन पदाधिकारी ने इस पत्रकार हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस भेट से राष्ट्रीय स्तर पर परिषद की गतिविधियों को नई गति और मजबूती मिलेगी राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का एक ही उद्देश्य है पत्रकारों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता है

# भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत

बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की भारत की विदेश नीति पिछले कुछ दशकों में पूरी तरह से विफल हो गई थी। लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव आ गया था। अब भारत ने नए सिरे से संबंध सुधार के प्रयास शुरू किए हैं। बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। वे अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चि_ी लेकर गए थे। प्रधानमंत्री ने उनको भारत आने का न्योता दिया है। यह सिर्फ औपचारिक शिष्टाचार नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित कूटनीतिक पहल भी है। यह पहल दोपक्षीय संबंधों की निरंतरता और उच्च स्तरीय राजनीतिक विश्वास को दिखाता है। दूसरी ओर इसी यात्रा में भारत के विदेश सचिव का बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी नेता और जमात ए इस्लामी के प्रमुख शफीकुर्रहमान से मिलना इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीति को बहुस्तरीय और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है। भारत की एक बहुत अच्छी कूटनीतिक पहल यह रही कि किसी केंद्रीय मंत्री को भेजने की बजाय लोकसभा के स्पीकर को शपथ समारोह में भेज गया। यह दो देशों के संबंधों की भावना को रेखांकित करता है। स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर माना जाता है, इसलिए यह संदेश गया कि भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संस्थागत संबंधों को महत्व देता है। प्रधानमंत्री का पत्र और भारत आने का निमंत्रण इस बात का संकेत है कि नई सरकार के साथ संवाद को जल्दी से जल्दी और सकारात्मक दिशा में ले जाने की भारत की मंशा है। दूसरी रणनीतिक पहल विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश के विपक्षी नेता से मुलाकात है। शफीकुर्रहमान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी के प्रमुख हैं। जमात को पहली बार बांग्लादेश की तीन सौ सदस्यों की संसद में करीब 70 सदस्यों का प्रतिनिधित्व मिला है। यह एक तरह से उसकी राजनीतिक वैधता है।

# दुनिया से भारत तक : आखिर क्यों सुर्खियों में हैं एपस्टीन फाइल्स



आरती कुमारी

मीडिया में पिछले कई दिनों से एपस्टीन फाइल्स का नाम बहुत तेजी से चल रहा है। एपस्टीन फाइल्स नाम अपने आप में चौंका देने वाला है। लोग इसके फोटो, इसके कामकाज, शैली और इसके अंदर दिखाए जाने वाले कुकर्मों पर चर्चा कर रहे हैं। चारों तरफ भय का वातावरण बना दिया गया है। विश्व के लगभग सभी बड़े चेहरे इसमें दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों का यह काला सच है। अमेरिका और बहुत से यूरोपीय देशों में सेक्स की बात होना साधारण सी बात हो सकती है क्योंकि ओपन सेक्स और खुला व्यापार वहां की नीति का हिस्सा है लेकिन छोटे-छोटे बच्चों को मारना, उनका माँस खाना, उनका यौन उत्पीड़न करना आदि इंसानियत के नाम पर काला धब्बा है। अब चलते हैं भारतीय जीवन शैली की ओर। भारतीय जीवन शैली अध्यात्म से जुड़ी हुई है. यह आत्मा के मुक्त होने की साधना पर चलती है। यहां आवागमन के चक्कर से मुक्ति का सबसे बड़ा काम होता है। भारतीय सनातन संस्कृति की जब हम बात करते हैं तो यहां भोगवादी संस्कृति नहीं बल्कि आध्यात्मिक संस्कृति का सबसे बड़ा काम होता है। यहां पर तीज-त्यौहार, व्रत इतने हैं कि लोग उन्हीं में अपने जीवन की व्यवस्था और व्यस्तता को रखते हैं। सुयोग्य वर या वधू के लिए सोलह सोमवार का व्रत करना( भगवान शिव की आराधना करना), ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए युवा मंगलवार का व्रत करते हैं और अपने साधन तथा सिद्धि को प्राप्त करते हैं। एकादशी को कितने ही स्त्री-पुरुष व्रत करते हैं। ज्येष्ठ मास में तो निर्जला एकादशी का व्रत, जब सूर्य अपने ताप पर होता है और वहां जल के बिना जीव का रहना, कितनी बड़ी साधना का काम है। इसके साथ जब हम भारतीय संस्कृति की बात करें तो आप देखेंगे कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन लोग पूरे दिन पानी तक नहीं पीते और रात्रि 12:00 बजे या चंद्रमा के दिखाई देने पर ही अपने व्रत को चरणामृत तथा फल आदि खाकर खोलते हैं। इतने बड़े संकल्प सिद्धि के इस देश में भोगवादी संस्कृति कहां टिकने वाली है। कल्पवास के समय भी प्रयागराज में लोग महीना भर अपना घर त्याग कर, व्रत कर के, बहुत से समाधि पर बैठ जाते हैं। बहुत से कल्पवास में एक ही प्रकार का भोजन करते हैं। यह सब पारिवारिक लोग हैं जो परिवार की व्यवस्था में हैं। यह व्रत और तीज-त्योहार का पालन पारिवारिक लोग ही कर रहे होते हैं। जब करवा चौथ की बात होती है तो अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए महिलाएं पूरे दिन कुछ भी नहीं खाती, चंद्रमा को देखकर ही व्रत को खोलती हैं। छठ मईया का व्रत तो पूरी रात जल में खड़ा रहना और सूर्योदय के साथ उसको खोलना है । यह व्रत कई दिनों तक चलता है। इसके साथ और भी बहुत सारे व्रत और तीज-त्योहार जुड़े हुए हैं। वैभव लक्ष्मी का व्रत भी माताएं करती हैं। संतोषी मां का भी व्रत करती हैं। बृहस्पतिवार अर्थात गुरुवार का व्रत भी करते हैं यानी कि भारतीय संस्कृति में व्रत की महिमा है। खाने-पीने या भोग की प्रवृत्ति न होकर अन्न-जल और विषय वस्तुओं को त्याग कर एक साधारण जीवन जीने की बहुत बड़ी सार्थकता है। आंकड़े बताते हैं कि सन 2025 प्रयागराज के महाकुंभ में लगभग साठ करोड़ लोगों ने स्नान किया। यह सारी बातें जो हो रही हैं, यह सब पारिवारिक लोगों के साथ जुड़ी हुई हैं जबकि संत समाज की यदि हम बात करें तो वह ज्ञान का प्रकाश पुंज हैं। अध्यात्म, दर्शन, भक्ति, योग, साधना आदि के सच्चे साधक सभी साधु, संत, महात्माओं को सादर प्रणाम। यह हम सब सामान्य लोगों को दिव्य ज्ञान देते हैं। संत हम सब लोगों को इस भौतिक या भोगवादी युग से दूर ले जाकर आध्यात्मिक चिंतन की ओर जोड़ते हैं। हमारे वेद, शास्त्र, पुराण, कथाएं आदि वैश्विक ज्ञान परंपरा में अग्रणीय हैं। कथाओं के अंदर त्याग ही त्याग है, आत्म शुद्धि है। आत्म शुद्धि के साथ-साथ आवागमन के चक्कर से मुक्ति है। हम यहां भोग के लिए नहीं, बल्कि आत्म शुद्धि और कर्म प्रधान समाज में कर्म करते हुए, आवागमन के चक्र से मुक्त होना चाहते हैं जबकि इसके दूसरी ओर यदि आप यूरोपीय या अमेरिका के अन्य देशों की बात करें तो वहां पर अध्यात्मवादी नहीं बल्कि भोगवादी संस्कृति आप देखोगे, वहां सेक्स का खुलापन है। वहां कपड़े पहनना ना पहनना, एक स्त्री अनेक पुरुषों के साथ, पुरुष अनेक स्त्रियों के साथ, अपने संबंध स्थापित कर लेता हैं। ऐसे ही वहां संतान उत्पत्ति हो भी रही है। परिवार के प्रति बहुत कम लोगों का रुझान देखने को मिलता है। बहुत सारे लोग तो शादी ही नहीं करते बल्कि अपनी दैहिक भूख मिटाने के लिए बाजार का सहारा लेते हैं। सही मायनों में यही एपस्टीन फाइल्स हैं । इन देशों में देह बाजार में बिकती है, लोग उपभोग की वस्तु का मूल्य देकर सुख भोग लेते हैं।इन देशों में हर चीज बाजार है। हर वस्तु का भोग ही भोग है। मनुष्यता के नाम पर भी नर-नारी के बीच के संबंधों को ज्यादा महत्ता नहीं देते। यदि एक ऐसी फाइल्स अमेरिका और यूरोप के लोगों को लेकर खुलती है, जिसमें सेक्स के माध्यम से अलग-अलग देशों के बड़े-बड़े धनपति और उद्योगपति दिखाई देते हैं तो कोई बड़ी बात नहीं है। दूसरी ओर शोर मच रहा है कि वहां पर कम उम्र के बच्चों के साथ यौवन शोषण हो रहा था। वह उन देशों की विडंबना है। वह किस तरीके से उन सब संबंधों को देखते-समझते रहते हैं, यह उनकी समझ है। माना कि बच्चों के साथ यौन शोषण होना किसी भी हद तक ठीक नहीं है। इन्हें सजा मिलनी चाहिए। इनकी पद, प्रतिष्ठा, मान-सम्मान सभी कुछ इनसे ले लेना चाहिए। दूसरी ओर भारतीय परिवेश अर्थात सनातन संस्कृति में ऐसी चर्चाओं को करके हम क्या साबित करना चाह रहे हैं? क्या हम भी इस ओर बढ़ रहे हैं? भारतीय लोगों की प्रवृत्ति ऐसी नहीं है। अपवाद तो हर जगह मिल ही जाते हैं। विचार करें तो जितने भी आक्रांता और आक्रमणकारी भारत में आए, उन्होंने हमारी संस्कृति को ही तो तोड़ा। हमारे आचार-विचार, सामाजिक व्यवस्थाओं को भंग किया। समाज में अस्थिरता पैदा की, अपने धर्म का प्रचार-प्रसार किया। समाज को खंड-खंड कर दिया। चारों ओर भय का वातावरण पैदा किया गया। इतना कुछ होने के बाद भी हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार,पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे अंदर जीवित रहे। यह जरूर कहा जा सकता है कि समय के प्रवाह के साथ कुछ एक अपवाद जरूर रह जाते हैं। अब कुछ एक लोग ऐसी प्रवृत्ति के यहाँ भी देखे जा सकते हैं लेकिन पूरी समाज व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता है। इसके साथ ही एक ओर बात भी यहां सोची-समझी जा सकती है। आज पूरा विश्व आर्थिक कमजोरी की स्थिति में फंसा हुआ है। पहले और दूसरे विश्वयुद्ध में उपनिवेशवाद को लेकर युद्ध हुआ, अब उपनिवेशवाद नहीं है अर्थात कोई किसी का गुलाम देश नहीं है। विश्व के बड़े देश बाजार को साधने में लगे हुए हैं। सभी अपने वर्चस्व को बचाने के लिए लगे हुए हैं। विश्व चारों तरफ युद्ध के माहौल से जूझ रहा है। इसमें यूरोपीय देश और अमेरिका यह सब वैश्विक मंदी से डर महसूस कर रहे हैं। ऐसे में विश्व का ध्यान युद्ध, डॉलर की टूटती हुई कीमतें, उद्योग और वहां के व्यापार में हो रहे घाटे को देखते हुए विश्व का ध्यान भंग करने के लिए अमेरिका और अन्य देश मिलकर ऐसी चर्चा को विश्व में जीवित करना चाह रहे हैं जिससे कि विश्व का ध्यान उन सब बातों से हट जाए। डी डॉलराइजेशन, वहां की मार्केट में क्राइसिस आना, उद्योगपतियों का उसे देश के प्रति ध्यान हटना आदि, एशियाई देशों का वर्चस्व बढ़ना, व्यापारियों का वहां खर्च करना, नए उद्योग-धंधों का शुरू करना आदि भी इन देशों को खटक रहा है। वहां डर का माहौल बना हुआ है, इस डर के माहौल से उबरने के लिए अमेरिका, उसके सहयोगी देश या वहां की सरकार ऐसे खुलासे दुनिया के सामने रख देना चाहती है। लोगों का ध्यान भंग हो जाएगा और वह यहीं उलझ कर रह जाएंगे तथा अपना काम निकालने की सोच रहे हैं जबकि यह सारी घटना या इन फाइल्स के जो भी कार्य हैं, वह बहुत साल पुराने हैं और कुछ ताजा भी हैं । लोग इतिहास को भूल जाते हैं. जरा इस ओर भी नजर दौड़ाकर देखेंगे तो पता चल जाएगा कि इन देशों में ऐसा सभी कुछ होता रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद मित्र देशों अर्थात सोवियत, अमेरिकी, ब्रिटिश और फ्रेंच की सेनाओं द्वारा जर्मनी में लगभग 400,000 "कब्जे के बच्चे" (Occupational children/Besatzungskinder) पैदा हुए थे जिन्हें अक्सर उस समय नाजायज या "युद्ध के बच्चे" माना जाता था। इन बच्चों के पिता विदेशी सैनिक थे और इनमें से लगभग 3 लाख बच्चे केवल सोवियत संघ की रेड आर्मी से संबंधित थे।

# जानलेवा बैक्टीरिया के सामने 'आखिरी' दवा भी दिख रहा है बेअसर



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने बीते सौ वर्षों में संक्रामक रोगों के खिलाफ जो जीत हासिल की थी, वह अब एक बार फिर चुनौती के दौर में पहुंचती दिख रही है। एंटीबायोटिक दवाओं को मानव इतिहास की सबसे बड़ी चिकित्सा उपलब्धियों में गिना जाता है, लेकिन आज वही एंटीबायोटिक अपनी प्रभावशीलता खोती जा रही हैं। इसका सबसे भयावह उदाहरण हाल ही में सामने आया है, जहां अस्पतालों में फैलने वाला जानलेवा "एंटरोबैक्टर बैक्टीरिया" अब "कोलिस्टिन" जैसी "आख़िरी" दवा के प्रति भी प्रतिरोधी होता जा रहा है। वाराणसी स्थित Institute of Medical Sciences, Banaras Hindu University के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा किए गए इस शोध ने न केवल चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया है, बल्कि आम लोगों के लिए भी यह एक गंभीर चेतावनी है। यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल The Microbe (एल्सेवियर) में प्रकाशित हुआ है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और गंभीरता, और भी बढ़ जाती है। यह शोध गोपालनाथ के नेतृत्व में किया गया। अध्ययन के दौरान एंटरोबैक्टर बैक्टीरिया के 50 से अधिक नमूनों की जांच की गई। परिणाम चौंकाने वाले थे। 90 प्रतिशत से अधिक नमूनों में मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंस (MDR) पाया गया। एंटीबायोटिक प्रतिरोध का स्तर 0.6 से अधिक दर्ज किया गया। सेफ्ट्रियाक्सोन, सिप्रोफ्लॉक्सासिन, एमिकासिन और पाइपरासिलिन-टैजोबैक्टम जैसी प्रमुख दवाएं बेअसर रहीं। कुछ मामलों में कोलिस्टिन, जिसे आख़िरी विकल्प माना जाता है, उसके प्रति भी प्रतिरोध दर्ज हुआ। यह स्थिति चिकित्सा विज्ञान के लिए "रेड अलर्ट" से कम नहीं है। एंटरोबैक्टर एक ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया है, जो सामान्यतः मानव आंत (गट) में पाया जाता है। सामान्य परिस्थितियों में यह नुकसान नहीं पहुंचाता, लेकिन जब रोगी की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो, व्यक्ति आईसीयू में भर्ती हो, हाल ही में सर्जरी हुई हो और लंबे समय तक एंटीबायोटिक का इस्तेमाल किया गया हो, तब यही बैक्टीरिया गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है। एंटरोबैक्टर से होने वाले प्रमुख संक्रमण है निमोनिया- आईसीयू में वेंटिलेटर पर मौजूद मरीजों में यह बैक्टीरिया फेफड़ों को संक्रमित कर सकता है। सेप्सिस- रक्त में संक्रमण फैलने पर सेप्सिस की स्थिति बनती है, जो जानलेवा हो सकती है। घाव और सर्जिकल साइट इंफेक्शन- ऑपरेशन के बाद घाव में संक्रमण का एक बड़ा कारण एंटरोबैक्टर बन रहा है। मूत्र मार्ग संक्रमण (UTI)- खासतौर पर कैथेटर लगे मरीजों में इसका खतरा अधिक रहता है। मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंस का अर्थ है कि बैक्टीरिया एक साथ कई एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ खुद को ढाल लेता है। इससे इलाज के विकल्प बेहद सीमित हो जाते हैं। आईएमएस-बीएचयू के शोध में यह सामने आया कि पहली पंक्ति (First-line) की दवाएं पूरी तरह बेअसर। दूसरी पंक्ति (Second-line) की दवाओं पर भी असर नहीं। तीसरी और आख़िरी पंक्ति यानी कोलिस्टिन तक पर खतरा। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो आने वाले समय में सामान्य संक्रमण भी जानलेवा साबित हो सकता है। कोलिस्टिन को "रिज़र्व एंटीबायोटिक" कहा जाता है। इसका इस्तेमाल तभी किया जाता है, जब सभी अन्य दवाएं फेल हो जाएं। यह दवा किडनी पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती है। सीमित परिस्थितियों में ही दी जाती है। बिना जरूरत इस्तेमाल करना खतरनाक है। अब जब इसी दवा के प्रति प्रतिरोध दिखने लगा है, तो स्थिति बेहद चिंताजनक है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के पीछे मुख्य कारण है एंटीबायोटिक का जरूरत से ज्यादा उपयोग- सामान्य सर्दी-खांसी में भी एंटीबायोटिक लेना। बिना डॉक्टर की सलाह दवा लेना- फार्मेसी से सीधे दवाएं खरीद लेना। अधूरा इलाज- लक्षण ठीक होते ही दवा बंद कर देना। गलत डोज- निर्धारित मात्रा से कम या ज्यादा दवा लेना। अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण की कमी- हाथों की सफाई, उपकरणों की नसबंदी और आइसोलेशन प्रोटोकॉल का पालन न होना। एंटरोबैक्टर मुख्य रूप से Hospital Acquired Infection (HAI) यानि अस्पताल में होने वाले संक्रमण के लिए जिम्मेदार है। आईसीयू, सर्जिकल वार्ड और नवजात शिशु इकाइयों में इसका खतरा सबसे अधिक होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, हर अस्पताल में Antibiotic Stewardship Program (ASP) को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इसके तहत सही मरीज को सही दवा, सही डोज, सही अवधि के लिए और सही समय पर एंटीबायोटिक का उपयोग सुनिश्चित किया जाता है। प्रो. गोपालनाथ के अनुसार "जो दवाएं फिलहाल फेल हो रही हैं, उन्हें कुछ अंतराल के बाद ही दोबारा इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यदि अभी से वैकल्पिक उपचारों और बैक्टीरियोफेज थेरेपी पर काम नहीं किया गया, तो भविष्य में स्थिति बेहद भयावह हो सकती है।" बैक्टीरियोफेज ऐसे वायरस होते हैं, जो केवल बैक्टीरिया को संक्रमित कर उन्हें नष्ट करते हैं। यह थेरेपी एंटीबायोटिक का विकल्प बन सकती है। खास बैक्टीरिया को लक्षित करती है और दुष्प्रभाव अपेक्षाकृत कम होते हैं। भारत में इस दिशा में अभी सीमित शोध हुआ है। मरीजों और आम जनता के लिए जरूरी सावधानियां है बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक न लें। पूरा दवा कोर्स जरूर पूरा करें। वायरल संक्रमण में एंटीबायोटिक की मांग न करें। अस्पताल में स्वच्छता नियमों का पालन करें और हाथ धोने की आदत को जीवनशैली बनाएं। स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका है हैंड हाइजीन का सख्ती से पालन, संक्रमित मरीजों का आइसोलेशन, उपकरणों की नियमित नसबंदी और दवा प्रतिरोध की नियमित निगरानी करना। नीतिगत स्तर पर एंटीबायोटिक बिक्री पर सख्त नियंत्रण, राष्ट्रीय स्तर पर रेजिस्टेंस सर्विलांस, मेडिकल पाठ्यक्रम में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस पर विशेष जोर और रिसर्च फंडिंग बढ़ाना चाहिए। आईएमएस-बीएचयू का यह शोध केवल एक अकादमिक अध्ययन नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस पर अभी कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो वह दिन दूर नहीं जब साधारण संक्रमण भी मौत का कारण बन जाएगा। यह लड़ाई सिर्फ डॉक्टरों या वैज्ञानिकों की नहीं है, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। दवा का विवेकपूर्ण उपयोग, स्वच्छता और जागरूकता ही इस अदृश्य लेकिन घातक दुश्मन के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत है।

# साहित्य और बिहार का संबंध : इतिहास, संस्कृति और चेतना की अनवरत धारा

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार, बिहार

भारत की सांस्कृतिक पहचान यदि किसी आधार पर टिकी है तो वह है उसका साहित्य। और भारतीय साहित्य की इस विराट परंपरा में बिहार का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक है। बिहार केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि वह भूमि है जहाँ ज्ञान, दर्शन, भाषा और लोकचेतना ने सदियों से नई दिशाएँ प्राप्त कीं। यदि हम भारतीय साहित्य की जड़ों की तलाश करें तो वे हमें बार-बार बिहार की धरती पर ही ले आती हैं। साहित्य और बिहार का संबंध केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और सामाजिक चेतना का संबंध है। प्राचीन काल में बिहार को मगध के नाम से जाना जाता था। यही वह भूमि है जहाँ बौद्ध और जैन दर्शन का उदय हुआ। बोधगया में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई और उनके उपदेशों ने पालि साहित्य को समृद्ध किया। त्रिपिटक जैसे ग्रंथों ने केवल धार्मिक चिंतन को ही नहीं, बल्कि मानवीय करुणा, तर्क और नैतिकता को भी साहित्य का केंद्र बनाया। जैन साहित्य की समृद्ध परंपरा ने भी बिहार को वैचारिक और आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। प्राचीन विश्वविद्यालयों की गौरवशाली परंपरा बिहार की साहित्यिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं थे, बल्कि वे वैश्विक ज्ञान और साहित्य के केंद्र थे। यहाँ से संस्कृत, पालि और प्राकृत साहित्य का व्यापक विकास हुआ। दूर-दूर से विद्यार्थी यहाँ अध्ययन करने आते थे, जिससे बिहार की बौद्धिक परंपरा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँची। मध्यकाल में मैथिली भाषा के महान कवि विद्यापति ने प्रेम, भक्ति और श्रृंगार को जिस मधुरता के साथ अभिव्यक्त किया, वह आज भी लोकजीवन में गूंजता है। उनकी रचनाएँ केवल काव्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर हैं। भक्ति आंदोलन की धारा ने भी बिहार की साहित्यिक चेतना को गहराई से प्रभावित किया। लोकभाषाओं में अध्यात्म और सामाजिक समरसता का समन्वय इस काल की विशेषता रहा। आधुनिक हिंदी साहित्य में बिहार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने ग्रामीण जीवन की संवेदना और आंचलिकता को साहित्य की मुख्यधारा में प्रतिष्ठित किया। उनका उपन्यास मैला आँचल भारतीय ग्राम्य जीवन का जीवंत दस्तावेज है। इसी प्रकार राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपनी ओजस्वी कविता के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक न्याय की भावना को स्वर दिया। रश्मिरथी और उर्वशी जैसी कृतियाँ हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। नागार्जुन जैसे कवि ने जनपक्षधरता को अपनी लेखनी का आधार बनाया। उनकी रचनाओं में बिहार की मिट्टी की सोंधी गंध और सामाजिक यथार्थ की तीखी अभिव्यक्ति मिलती है। लोक साहित्य की दृष्टि से भी बिहार अत्यंत समृद्ध है। भोजपुरी, मैथिली और मगही लोकगीत जीवन के प्रत्येक चरण—जन्म, विवाह, उत्सव और संघर्ष—का सहज चित्रण करते हैं। यह लोकधारा बिहार की सांस्कृतिक आत्मा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी बिहार की साहित्यिक चेतना सक्रिय रही। यहाँ के साहित्यकारों ने शब्दों के माध्यम से राष्ट्रीय आंदोलन को ऊर्जा दी। साहित्य सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बना। सामाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव और आर्थिक विषमता के विरुद्ध आवाज उठाने में बिहार के साहित्यकार अग्रणी रहे। आज भी बिहार की साहित्यिक परंपरा जीवित है। नई पीढ़ी के लेखक डिजिटल माध्यमों से अपनी अभिव्यक्ति को व्यापक बना रहे हैं। साहित्य महोत्सव, पुस्तक मेले और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। चुनौतियाँ अवश्य हैं, किन्तु साहित्य की धारा अविरल प्रवाहित है। अंततः यह कहा जा सकता है कि साहित्य और बिहार का संबंध अटूट है। यह संबंध केवल अतीत के गौरव का नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंतता और भविष्य की संभावनाओं का भी प्रतीक है। जब तक इस धरती पर शब्दों की साधना होती रहेगी, लोकगीत गूंजते रहेंगे और नई पीढ़ी विचारों की मशाल थामे आगे बढ़ती रहेगी, तब तक साहित्य और बिहार का यह पावन संबंध अमर बना रहेगा।







**मेष राशिः** घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा मेष राशि वालों आज का दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिये आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

**वृष राशिः** आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे।

**मिथुन राशिः** बिजनेस बढ़ाने के लिए बनायेंगे नया प्लान मिथुन राशि वालों आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्य स्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा।

**कर्क राशिः** जरूरी चीज खरीदने में होगा खर्च कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**सिंह राशिः** वकीलों को पुराने क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिये आप हमेशा तैयार रहेंगे।

**कन्या राशिः** पहले किए गए काम से आज मिलेगा मुनाफा कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डीनर करने जाने का प्लान बनायेंगे।

**तुला राशिः** कोर्ट से संबंधित मामला सुलझने की उम्मीद तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद ले सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे।

**धनु राशिः** बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है।

**मकर राशिः** करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है मकर राशि वालों आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिये बाहर जाना पड़ेगा।

**कुंभ राशिः** स्वास्थ्य के लिहाज से दिन शानदार रहेगा कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन राशिः** कार्य स्थल पर व्यवहार की तारीफ होगी मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कार्य स्थल पर आपके व्यवहार की तारीफ होगी। आप महत्वपूर्ण काम समय से निपटा लेंगे। लोगों से आप अपनी बात कहने में बहुत हद तक सफल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना माइनिंग चालान स्टोन चिप्स ले जा रहा हाईवा ट्रक जब्त

» बिना माइनिंग चालान स्टोन चिप्स परिवहन पर कार्रवाई, टास्क फोर्स ने हाईवा ट्रक किया जब्त



**पाकुड़।** जिले में अवैध खनन एवं बिना वैध दस्तावेज खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला खनन टास्क फोर्स टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बिना माइनिंग चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन करते हुए एक हाईवा ट्रक (पंजीयन सं0 WB57C 8687) को जब्त किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा जांच के दौरान उक्त ट्रक को रोका गया। जांच में चालक द्वारा खनिज परिवहन से संबंधित वैध माइनिंग चालान प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया गया।इस संबंध में खनन निरीक्षक के आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना, पाकुड़ में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं बिना चालान खनिज परिवहन के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इशाकपुर मदरसा में AIMIM की सदस्यता बैठक, संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा

» इशाकपुर मदरसा में बैठक, संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर



**पाकुड़।**ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन(AIMIM) पाकुड़ की ओर से सदस्यता अभियान के अंतर्गत इशाकपुर मदरसा में एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा जमीनी स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों, उद्देश्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कई लोगों ने सदस्यता रसीद प्राप्त कर पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और एकजुटता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में युवा नेता अफ़ीफ़ अमसल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि पंचायत के कोने-कोने तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि घर-घर संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ा जाए तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का आधार बनता है। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन विस्तार एवं जनसेवा का संकल्प लिया।

### पीड़ित परिवार ने पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाया

» एफ आई आर न होने के वजह भय के साए में जी रहा पीड़ित परिवार



**चतरा।**जिले के लाइन मोहल्ला निवासी दीपक कुमार गुप्ता ने पुलिस कप्तान को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि प्राथमिकी दर्ज न होने के कारण आरोपी पक्ष द्वारा उन पर केस का आवेदन वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार 23 फरवरी की दिन मोहम्मद अरबाज द्वारा उन पर हमला किया गया था, जिसकी लिखित शिकायत सदर थाना, चतरा में आवेदन दिया गया है। पीड़ित ने बताया कि एफआईआर कराने के आवेदन के बाद से ही आरोपी और उनके परिजन लगातार समझौते का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि 25 फरवरी की सुबह कुछ लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। दीपक कुमार गुप्ता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त क़ानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है, ताकि वे बिना किसी भय के सामान्य जीवन जी सकें। अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया जिसके वजह परिवार में भय व्याप्त है। फिलहाल लड़का इलाजरत है।

### कोलाजोड़ा पंचायत में 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित, ग्रामीणों में खुशी

» डॉ. तनवीर आलम की पहल पर ग्रामीणों को मिली बिजली संकट से राहत



**पाकुड़।**सदर प्रखंड अंतर्गत कोलाजोड़ा पंचायत में गुरुवार, 26 फरवरी 2026 को माननीय डॉ. तनवीर आलम की पहल पर 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। लंबे समय से बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है।ग्रामीणों के अनुसार, पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण आए दिन बिजली बाधित रहती थी, जिससे घरेलू कार्यों, पढ़ाई और छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल असर पड़ता था। विशेषकर गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। नए 25 केवी ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से अब बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहन मुर्मू, मानेसर हेमराम, बापका हेमराम, रसका हांसदा, जीताराम कोड़ा, अनिल हांसदा, राम हांसदा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए डॉ. तनवीर आलम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम गांव के विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# अवैध खनन पर सख्ती: जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



» अवैध खनन पर नकेल कसने को विशेष अभियान, चेकनाका व्यवस्था होगी सुदृढ़

**पाकुड़।**उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में अवैध खनन की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 99.01 प्रतिशत खनन राजस्व वसूली की जानकारी दी। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 1770.12 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 24 फरवरी 2026 तक 1906.09 करोड़ रुपये (107.68 प्रतिशत) की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं उनके कार्यालय कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लगभग 2100 करोड़ रुपये राजस्व समाहरण का लक्ष्य निर्धारित किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी अंचलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाकर अधिकाधिक प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा गया। मार्च 2026 में विशेष अभियान चलाकर अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में चेकनाका व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि चेकनाकाओं पर चौकीदारों के स्थान पर पुलिस बल तथा रोजगार सेवकों के स्थान पर दंडाधिकारियों की रोस्टरवार प्रतिनियुक्ति की जाए। पाकुड़ अंचल के मालपहाड़ी अंतर्गत चेंगाडांगा–हमरूल पथ पर नव स्थापित चेकनाका को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी चेकनाकाओं का नियमित निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा छायाचित्र सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति एवं विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक क्रशर इकाइयों के संचालन पर रोक सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने गत वित्तीय वर्ष में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई का थानावार प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध अधिकतम विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से निरंतर कार्रवाई जारी रखेंगे, ताकि राजस्व हानि पर रोक लगे और विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

## पदमा के पांडे होटल तिलेडीह मे मनाया गया माँ सबरी जयंती



नई सोच एक्सप्रेस

**पदमा।**प्रखण्ड के सूर्य पुरा पंचायत के पाण्डे होटल तिलेडीह ग्राम में आज पदमा प्रखण्ड अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति के दवारा माँ सबरी जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई| माँ सबरी की पूजा आर्चना करने के पश्चात संबोधन एवम सस्कृतिक कार्य कर्म किया गया! कार्य कर्म को मुख्य अतिथि पदमा जिप सदस्य बसंत नरायन मेहता, कांग्रेस नेत्री पूनम यादव, पदमा प्रमुख विना देवी, अखिल भारतीय भुइयाँ कल्याण समिति के राष्टीय उपाध्यक्ष नुनु लाल भुइयाँ , भाजपा अनुसूचित जाति जिला मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, बरही प्रखंड भुइयाँ कल्याण समिति अध्यक्ष छोटी राम भुइयाँ, सुराजपुरा पंचायत मुखिया सिताराम मेहता, पदमा प्रखंड भुइयाँ कल्याण समिति अध्यक्ष अंबिका प्रसाद भुइयाँ,, पंचायत समिति सदस्य मनोज गुप्ता, मुनेश्वर प्रसाद मेहता, कल्लूराम भुइयाँ, गोविंद अंबेडकर,,प्रेम भुइयाँ, वासुदेव भुइयाँ, भागिनाथ प्रसाद मेहता अशोक भुइयाँ इत्यादि ने संबोधित किया! सभी वक्ताओं ने मुख्य रूप से भुइयाँ समाज के बच्चों को शिक्षा पर जोर देते , शराब के सेवन कम करने, समाज को हमेशा प्रगति के पद पर ले जाना, युवाओं को नशा से दूर रहना की बात कही गई। कार्यक्रम में भुइयाँ समाज की पूरे प्रखंड के कई गांव से लोग आकर सम्मिलित हुए !

## नगर परिषद का विशेष अभियान: अतिक्रमण, सीएंडडी वेस्ट व सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



» मुख्य सड़कों व बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान, 8 दुकानदारों से 1400 रुपये जुर्माना वसूला

**पाकुड़।**26 फरवरी 2026 को नगर प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शहर की मुख्य सड़कों, बाजार, हटिया एवं अन्य विभिन्न इलाकों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (C&D) वेस्ट हटाना, अतिक्रमण समाप्त करना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल 8 दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय नागरिकों से 1400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही सभी संबंधितों को निर्देश दिया गया कि वे अविलंब निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (C&D वेस्ट) हटाएं, अतिक्रमण समाप्त करें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें। नगर प्रशासक ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से नगर परिषद के निर्देशों का पालन करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। अभियान में नगर परिषद के नगर मिशन प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक सौरव, चंदन, भानु बसंत, सफाई सुपरवाइजर विवेक एवं कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## चतरा में 27 फरवरी की मतगणना को लेकर प्रशासन सतर्क

नई सोच एक्सप्रेस



» चतरा उपायुक्त ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण, पारदर्शिता व सुरक्षा पर विशेष बल

**चतरा।**नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के अंतर्गत 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री द्वारा आज चतरा कॉलेज परिसर स्थित मतगणना केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतगणना कक्षों की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था सहित सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि मतगणना परिसर में अनावश्यक अथवा अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल अधिकृत पासधारी व्यक्तियों को ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त बैरिकेडिंग एवं पर्याप्त सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा मतगणना प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अवसर पर सामान्य प्रेक्षक सुधीर दास, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, अंचल अधिकारी चतरा अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अंबा प्रसाद की राजनीतिक हताशा का प्रतीक है उनका बयान: रंजन चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।**पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा है कि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को चरितार्थ कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामूहिक विवाह जैसे पवित्र और सामाजिक सरोकार के बड़े आयोजन की अभूतपूर्व सफलता और सांसद मनीष जायसवाल की बढ़ती लोकप्रियता उन्हें पच नहीं रही है, इसलिए वे अब अनर्गल प्रलाप पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि खुद पूर्व जनप्रतिनिधि होकर इस प्रकार की बचकानी बयानबाजी करना और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं अनुचित है। हकीकत यह है कि इस विवाह समारोह में बेटियों को दिए जाने वाले उपहारों को सबसे पहले 'दहेज' का नाम खुद पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने दिया था और उनके ऐसे भ्रामक बयान सोशल मीडिया पर पहले से ही प्रसारित हैं। अब जब वे अपनी ही बातों में घिर गई हैं, तो अपनी खीझ मिटाने के लिए वे शब्दों का मायाजाल बुनकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। जबकि सांसद मनीष जायसवाल ने उनके द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों पर प्रेस-वार्ता कर जवाब दे चुके हैं ।सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने आगे कहा कि उपहार और दहेज के बीच का अंतर सांसद मनीष जायसवाल को समझाने की जरूरत नहीं है, बल्कि पूर्व विधायक को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर क्यों वे एक नेक सामाजिक कार्य को कलंकित करने पर तुली हुई हैं। कानून की दुहाई देने वाली अंबा प्रसाद शायद यह भूल गई हैं कि स्वेच्छा से किया गया कन्यादान और बेटियों को सम्मानपूर्वक भेंट देना हमारी भारतीय समृद्ध परंपरा का हिस्सा है, जिसे वे जानबूझकर अपराध की श्रेणी में खड़ा कर रही हैं। एक महिला होने के नाते उन्हें गरीब बेटियों के घर बसने की खुशी होनी चाहिए थी, लेकिन इसके विपरीत वे इसे अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया बना रही हैं। विकास की बात करने वाले कांग्रेसी नेताओं का दोहरा चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है। सच तो यह है कि 'मिसरी लगी छुरी' वाला व्यवहार कांग्रेस की पुरानी नीति रही है, जो ऊपर से मीठी बातें करते हैं लेकिन अंदर से समाज को बांटने और विकास कार्यों में बाधा डालने का काम करते हैं। हजारीबाग की जागरूक जनता जानती है कि कौन उनके सुख-दुख में साथ खड़ा है और कौन केवल मीडिया और सोशल मीडिया पर तथ्यों को तोड़ मरोड़कर अपनी राजनीति चमका रहें है।रंजन चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी स्पष्ट किया है कि हर भाई अपनी बहनों को चाहे वह गरीब हो या अमीर, स्नेहपूर्वक भेंट और उपहार देकर विदा करते हैं। यह हमारी संस्कृति, संस्कार और पारिवारिक परंपरा का हिस्सा है। लेकिन जिनकी राजनीति भ्रम और भटकाव पर आधारित हो वह ऐसी पवित्र भावना का मूल्य नहीं समझ सकते। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पुण्य सामाजिक आयोजन को भी राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास किया जा रहा है। यह उन सैकड़ो गरीब एवं जरूरतमंद बहनों के अधिकारों और सम्मान के विरुद्ध सोंची-समझी साजिश प्रतीत होती है। गरीबों के हित में किए जा रहे कार्यों को रोकने और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने की ऐसी मानसिकता कि मैं कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि सामाजिक समरसता और जरूरतमंद बहनों के सम्मान का यह कार्य निरंतर चलता रहेगा ।

## स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयुष विभाग ने आमजन को दिया योग प्रशिक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

» जिलेभर में 30 स्थानों पर योग प्रशिक्षण, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

**पाकुड़।**"स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की आधारशिला है" — इसी संदेश को साकार करते हुए आयुष विभाग, पाकुड़ द्वारा जिलेभर में योग एवं आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयुर्विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना तथा प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देना है। गुरुवार को पाकुड़, पाकुड़िया, हिरणपुर, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा सहित जिले के कुल 30 स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा नागरिकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ मानसिक शांति और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। साथ ही बदलती जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम में भी योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आयुष विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि नियमित योग से रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक संतुलन के साथ सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## अवर निरीक्षक उत्पाद ने नगरनबी की कंपोजिट शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



» नगरनबी स्थित कंपोजिट शराब दुकान में स्टॉक, रजिस्टर व लाइसेंस शर्तों की गहन जांच

**पाकुड़।**अवर निरीक्षक, उत्पाद विभाग, पाकुड़ द्वारा नगरनबी स्थित कंपोजिट शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में उपलब्ध मदिरा के स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, लाइसेंस शर्तों के अनुपालन एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से जांच की गई। जांच के क्रम में अभिलेखों का मिलान कर स्टॉक की स्थिति की पुष्टि की गई तथा बिक्री रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संचालक को सख्त हिदायत दी गई कि निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दें। अवर निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि अवैध बिक्री, ओवररेटिंग अथवा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उत्पाद विभाग ने कहा कि जिले में संचालित सभी शराब दुकानों का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे तथा शासन के निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

## अग्निशामक विभाग द्वारा मतगणना केंद्र पर मॉक ड्रिल आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



» मतगणना केंद्र पर अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारी पर जोर

**पाकुड़।**नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केंद्र पर अग्निशामक विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संभावित आगजनी एवं अन्य आपात स्थिति से निपटने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा निकासी व्यवस्था की जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र पर अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी उपकरण पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित दल सदैव तैयार रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना केंद्र पर सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंध किए गए हैं और किसी भी आपदा या अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क का मुद्दा सदन में उठाया



दिनांक 25.02.2026 को विधानसभा में तारांकित प्रश्न संख्या–19 के माध्यम से मैंने चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड की पचमो–चौपारण–भाया मयूरहंड सड़क की दयनीय स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। यह सड़क मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) से जोड़ने वाली मुख्य संपर्क सड़क है। वर्तमान में यह सड़क ग्रामीण कार्य विभाग (REO) के अधीन है और इसकी स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे आम जनता, विद्यार्थियों, मरीजों एवं प्रशासनिक कार्यों में गंभीर परेशानी हो रही है। सरकार की ओर से बताया गया कि यह पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है तथा निर्माण कार्य "Defect Liability" अवधि में है। अवधि समाप्त होने के बाद हस्तांतरण एवं उन्नयन पर विचार किया जाएगा। मैंने स्पष्ट मांग की है कि — इस महत्वपूर्ण सड़क को पथ निर्माण विभाग (PWD) को हस्तांतरित किया जाए। उच्च मानक के अनुसार इसका पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण शीघ्र कराया जाए। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर मैं निरंतर प्रयासरत हूं और क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधा दिलाने के लिए

### बोरियों अस्पताल के डॉ.विनोद कुमार के निधन पर शोकसभा



**साहिबगंज**। जिले के बोरियों अस्पताल में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार के निधन से पूरे स्वास्थ्य विभाग में शोक कि लहर है.इसे लेकर गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। जहाँ डॉक्टर व स्वास्थकर्मी शामिल हुए। इस दौरान दो मिनट का मौन रखते हुए उनकी मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मौके पर डीएस डॉ.दिवेश कुमार,डॉ. किरण माला, डॉ. जूही,डॉ.स्नेहा यादव,हेड क्लर्क अश्वनी सिन्हा, क्लर्क दिलीप कुमार,क्लर्क आदित्य कुमार, डॉ डीडीएम अमित कश्यब,तोशिब अहमद, डेम अमित कुमार, वीबीडी सती बाबू व स्वास्थ्य कर्मीआदि मौजूद थे |

### नीरज पांडेय ने शुभ मुहूर्त में होली मनाने का शुभकामनाएं देते हुए



**मयुरहंड**। होलिका दहन तीन शास्त्रीय नियमों का पालन करते हुए किया जाता है 1.फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि होना चाहिए
2.रात का समय होना चाहिए
3 भद्रा बित चुकि हो
इस वर्ष 2मार्च दिन सुमवार साम 5:18 बजे से फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा प्रारंभ हो राही है तथा इसी के साथ भद्रा भी शुरू हो रही है जो रात में 4: 56बजे तक है अतः भद्रा मुख को छोड़कर भद्रा पूछ में रात्रि 11: 53बजे से लेकर 12:50बजे के मध्य होलिका दहन का मुहूर्त बन रहा है। प्रदोष व्यापनी ग्राहां पूर्णिमा फाल्गुनी सदा। त्स्या भद्रा मुखां इस वर्ष 3मार्च दिन मंगलवार को पूर्णिमा तिथि साम 4: 33बजे तक है तथा चन्द्र ग्रहण भी लग रहा है।जो 6बजे से 6:48बजे तक रहेगा यह मोक्ष कल में ही दिखेगा ऐसी स्थिति में चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 4 मार्च दिन बुधवार को पूरे देश में एक साथ रंग की होली मनाई जाएगी काशी में काशी की परंपरा के अनुसार 3 मार्च दिन मंगलवार को ग्रहण मोक्ष के उपरांत चतुषष्ठी देवी का पूजन दर्शन कर अबीर गुलाल चढ़ाया जाएगा

### बोरियों में आयुष के डॉक्टर के मौत के बाद परिजन पहुंचे अस्पताल,पोस्टमार्टम कर शव सौपा

**मेडिकल बोर्ड का गठन तीन डॉक्टरों ने किया पोस्टमार्टम**



**साहिबगंज** जिले के स्वास्थ्य विभाग में बुधवार के अचानक शोक की लहर दौड़ गई थी. एक डॉक्टर को अचानक मधुमक्खी काटने से गंभीर हो गया था. उसे इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया था. अस्पताल में चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने काफी प्रयास किया लेकिन उनकी जान नहीं बचा सकी जिसको लेकर आज गुरुवार को डॉ.की मौत पर परिजन अस्पताल पहुंचकर फूट-फूट कर रो पड़े. बता दे की बोरियों अस्पताल में पदस्थापित आयुष के डॉक्टर विनोद कुमार (40) को अचानक मधुमक्खी ने हमला कर दिया था.जिसको लेकर डॉ. विनोद कुमार के परिजनों को सूचना दी गई थी परिजन सुपौल से गुरुवार को सदर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर के मेडिकल बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया. मेडिकल बोर्ड में डॉ. मुकेश कुमार,डॉ. केशव कृष्णा,डॉ. कुमार अंकित ने पोस्टमार्टम किया इसके बाद परिजनों को शव सौंप दी गई. इधर डॉक्टर विनोद कुमार के मौत के बाद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों में शोक की लहर है. स्वास्थ्य कर्मी सदर अस्पताल परिसर में ही फूट-फूट कर रोने लगे |

### पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का काटा बिजली कनेक्शन



**उधवा/ साहिबगंज**। उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग की टीम के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्तर पियारपुर पंचायत में अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया है। बिजली विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है।साथ ही उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने को कहा गया है। मौके पर लाइनमैन रविन्द्र मंडल,इस्लाम शेख,पूरन साहा,शौकत शेख,अरूण मंडल,प्रकाश मंडल,दिपक मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# नगरपालिका आम निर्वाचन 2026ः मतगणना को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी

**27 फरवरी को मतगणना, स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र का उपायुक्त–एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण**

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्धारित तिथि 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बाजार समिति स्थित ब्रज गृह (स्ट्रांग रूम) तथा मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, सुरक्षा व्यवस्था, कमरों की उपलब्धता, पार्किंग प्रबंधन, पेयजल, शौचालय एवं विद्युत आपूर्ति सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। परिसर में स्थापित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का भी अवलोकन करते हुए सुरक्षा के बहुस्तरीय प्रबंधों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतगणना प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना दिवस पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से सख्ती से निपटा जाएगा।जिला प्रशासन ने मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक तैयारी पूरी होने की पुष्टि की है।

## उधवा प्रखंड के दो केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल में हुई 11वीं बोर्ड की परीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**उधवा/ साहिबगंज**।जैक रांची द्वारा आयोजित 11वीं बोर्ड की परीक्षा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा तथा स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा में गुरुवार को शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा हुई।जानकारी के अनुसार परीक्षा दो पालियों में हुई।प्रथम पाली में साइंस तथा द्वितीय पाली में आर्ट्स की परीक्षा हुई। इस दौरान प्लस टू उ.वि उधवा के केंद्राधीक्षक नुसरत जहां ने बताया कि प्रथम पाली साइंस में 76 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।साथ ही बताया कि द्वितीय पाली आर्ट्स में कुल 592 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।वहीं स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा के केंद्राधीक्षक गौर चंद्र मंडल ने बताया कि साइंस में कुल 169 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।साथ द्वितीय पाली आर्ट्स में कुल 825 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।मौके पर शिक्षक हबीबुर रहमान,बीरबल प्रसाद,अविनाश कुमार,कृष्णा प्रसाद,मन्नू शेख,आकिव जावेद,नाईम अख्तर,तारिक अनवर सहित अन्य मौजूद थे।

## बाबाधाम- देवघर में गूंजा श्याम नाम,- - भक्ति और उल्लास के साथ श्री श्याम भक्तों ने निकाली भव्य निशान शोभा यात्रा



नई सोच एक्सप्रेस

**देवघर**। स्थानीय श्री श्याम कीर्त्तन मंडल एवं श्याम परिवार व श्री श्याम भक्तों द्वारा श्रद्धा, भक्तिऔर उल्लास के साथ धूमधाम से श्री श्याम निशान शोभा यात्रा निकाली गई। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुँची। निशान शोभा यात्रा में ढोल- बाजे ,नगाड़े के साथ भारी संख्या में श्याम भक्त पूरे रास्ते झूमतें, गातें- नाचतें नजर आए । निशान यात्रा मे पुरुष-महिलाओं के आकर्षक पोशाक- परिधान व शहरवासियों का उत्साह आकर्षण का केंद्र रहा। निशान यात्रा में पुष्प वफूलों से सुसज्जित वाहन पर श्री श्याम बाबा को विराजमान किया गया। मार्ग में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर एवं जल ,ठंडाई, फ्रूटी इत्यादि वितरण कर श्याम भक्तों की यात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही , शोभा यात्रा के दौरान अबीर- गुलाल उत्साहपूर्वक भक्तों को लगाया गया।

## नगरपालिका आम निर्वाचन 2026ः मतगणना को लेकर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग

**मतगणना दिवस पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था, बिना आईडी प्रवेश व मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध**

नई सोच एक्सप्रेस




**पाकुड़**। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बाजार समिति, पाकुड़ स्थित मतगणना केंद्र पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि मतगणना दिवस पर सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और अपना पहचान पत्र (आईडी कार्ड) साथ रखें। बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र पर प्रवेश के लिए अलग-अलग द्वार निर्धारित किए गए हैं तथा प्रत्येक स्तर पर सघन जांच की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल अभ्यर्थी, उनके मुख्य अभिकर्ता एवं अधिकृत प्रतिनिधियों को ही वैध पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना परिसर में मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित सामान के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने पार्किंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों एवं आमजनों के आवागमन, मतगणना हॉल की सुरक्षा तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया, ताकि मतगणना प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना दिवस पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सादे वेश में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा, जो भीड़ में रहकर निगरानी करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना के दौरान अथवा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपनी ड्यूटी स्थल पर पूर्ण मुस्तैदी के साथ तैनात रहने तथा वरीय अधिकारियों के निर्देशों का तत्परता से पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही त्वरित कार्रवाई बल को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया।

## कालाजार उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक पहलः इंडोर रेजिडुअल स्प्रे प्रथम चरण–2026 का शुभारंभ

**6 प्रखंडों के 404 गांवों में सघन छिड़काव अभियान, शत-प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य**

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**। कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इंडोर रेजिडुअल स्प्रे (IRS) प्रथम चरण–2026 का विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। यह अभियान सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन की निगरानी में संचालित हो रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य कालाजार के प्रसार को रोकना, प्रभावित क्षेत्रों में वाहक नियंत्रण को सुदृढ़ करना तथा जिले को कालाजार मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। जिला सूक्ष्म कार्ययोजना 2026 के अनुसार प्रथम चरण में जिले के 6 प्रखंड—पाकुड़, हिरणपुर, महेशपुर, पाकुड़िया, अमड़ापाड़ा एवं लिट्टीपाड़ा के चिन्हित कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 404 गांव, 85 उप-स्वास्थ्य केंद्र, 50,255 परिवार तथा लगभग 2.57 लाख जनसंख्या को कवर किया जाएगा। इसके लिए 173 प्रशिक्षित स्प्रे दलों की तैनाती की गई है, जो निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार घर-घर पहुंचकर छिड़काव सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा स्प्रे पंप, कीटनाशक, प्रशिक्षित मानवबल एवं कड़ी निगरानी व्यवस्था की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उच्च-प्रभावित गांवों में विशेष फोकस रखते हुए अभियान को प्रभावी एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करें, ताकि पात्र परिवारों का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो सके। सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने लक्षित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे स्प्रे दलों का सहयोग करें तथा अपने घरों और गोशालाओं में पूर्ण रूप से छिड़काव करवाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने और कालाजार के स्थायी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि "कालाजार मुक्त पाकुड़" का लक्ष्य सर्वोच्च प्राथमिकता में है और इसके लिए पूरी गंभीरता, प्रतिबद्धता एवं सतत निगरानी के साथ कार्य किया जा रहा है।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों के लिए नालसा योजना (एचडब्ल्यूसी) 2025 पर जागरूकता अभियान

**मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों को मुआवजा व मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी**

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर नालसा योजना (एचडब्ल्यूसी), 2025 पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर तथा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में यह अभियान लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत घूमापहाड़ सहित वन सीमावर्ती एवं जंगली क्षेत्रों में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स आनंद मुर्मू एवं भरत कुमार साहा ने ग्रामीणों को बताया कि जंगल के आसपास रहने वाले लोग अक्सर जंगली जानवरों के हमले से घायल होने, मृत्यु अथवा संपत्ति के नुकसान जैसी परिस्थितियों का सामना करते हैं। ऐसे मामलों में नालसा योजना (एचडब्ल्यूसी), 2025 के तहत मुआवजा, मुफ्त कानूनी सहायता एवं आवश्यक सहयोग का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की किसी भी घटना की स्थिति में पीड़ित या उनके परिजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, संबंधित प्रखंड के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स अथवा प्रशासन को तत्काल सूचना दें, ताकि समय पर कानूनी सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके। सचिव रूपा बंदना किरो ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वन सीमावर्ती क्षेत्रों में वन्यजीव हमलों से प्रभावित लोगों को त्वरित न्याय, मुआवजा और सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास उपलब्ध कराना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## कर्मा जंगल के पास बोलेरो और ट्रक की सीधी भिड़ंत, एक ही परिवार के 5 लोग गंभीर

नई सोच एक्सप्रेस





**चतरा**। जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। इटखोरी-पदमा मुख्य मार्ग पर स्थित कर्मा जंगल के पास आज मौत का तांडव देखने को मिला। एक तेज रफ्तार बोलेरो और ट्रक के बीच इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्य लहूलुहान हो गए हैं, जिनमें महिलाएं और मासूम बच्चे भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव का एक परिवार बोलेरो में सवार होकर हजारीबाग के इचाक एक 'छठियारी' कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। हंसी-खुशी का माहौल था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही उनकी गाड़ी कर्मा जंगल के पास पहुंची, विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चीख-पुकार मच गई। लेकिन इस त्रासदी के बीच मानवता की एक मिसाल भी देखने को मिली। मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों और टेंपू चालकों ने बिना वक्त गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लहूलुहान स्थिति में सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इटखोरी पहुंचाया गया। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान कर ली गई है। जिसमे 7 वर्षीय मासूम साक्षी कुमारी,साक्षी की मां हिरनी देवी मीना देवी और अनीता देवी बोलेरो का ड्राइवर और 2 वर्षीय दुधमुंहा बच्चा ऋषि यादव चिकित्सकों ने घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की तफ्तीश में जुट गई है। पूरा हरहद गांव इस वक्त सदमे में है, जो परिवार खुशियां मनाने निकला था, वह आज अस्पताल के बिस्तरों पर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## जिला प्रशासन ने डीबीएल सीएसआर टीम को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शिक्षा, स्वास्थ्य व सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट योगदान पर सीएसआर टीम सम्मानित**

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा डीबीएल की सीएसआर टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने डीबीएल कंपनी के प्रोजेक्ट हेड सह ए.बी. पी. ब्रजेश कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जेम्स सूरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने डीबीएल की सीएसआर टीम द्वारा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन और निजी संस्थानों के सामूहिक प्रयास से ही समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है। डीबीएल की सीएसआर टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, जरूरतमंदों को सहायता सामग्री वितरण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इन पहलों से स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और विकास कार्यों को नई गति मिली है। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने पर डीबीएल टीम के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी सामाजिक विकास के कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ जारी रखने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी नगर निवासी व्यक्ति के साथ की गई मारपीट,इलाज सदर अस्पताल में



**साहिबगंज**।मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी नगर निवासी व्यक्ति विनोद पासवान पिता जामुन पासवान के साथ हाजीपुर दियारा के रहने वाले आरोपी विक्रम कुमार रविदास ने लोहे के रॉड व बांस से सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां इस घटना के बाद घायल व्यक्ति शिकायत दर्ज कराने के लिए थाना पहुंचा जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन घायल का इलाज किया। वही मारपीट मामले को लेकर घायल व्यक्ति ने बताया कि एक महीने पहले आरोपी युवक ने उसके छोटे भाई के साथ भी मारपीट की थी जहां इस मामले को लेकर थाना में शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपी युवक ने समझौता कर लिया था। वही फिर से छोटे भाई के साथ हुए मारपीट का बदला लेने की नीयत से उसके साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है जहां मिर्जाचौकी पुलिस आरोपी युवक की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है मगर वो फरार चल रहा है।

### महिला ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी मृतिका तीन बच्चो को छोड़ गए



**साहिबगंज**। जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने बुधवार की बीते रात फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा पचगांव झंडा मेला वार्ड नंबर 26 के निवासी नटवर मुंडा के पत्नी लैला देवी(40) थी. मृतका के पति नटवर मुंडा ने बताया कि बीते रात पत्नी अपने कमरे जाकर पंखे के कड़ी में साड़ी के सहारे फांसी के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली जब पत्नी दरवाजा नहीं खोल रही थी. तो अपनी पुत्री आरूषी कुमारी को घर के भिंडी लेटर को तोड़कर अंदर जाने को कहा फिर दरवाजा को खुलवाया देखा कि मेरी पत्नी आत्महत्या कर ली. आगे पति ने बताया की पत्नी हमेशा शराब पीती थी. मानसिक रूप से कमजोर भी थी. इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया मृतिका अपने पीछे तीन बच्चे को छोड़ गए, राजू मुंडा,अमित मुंडा, व आरूषी कुमारी परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है. पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है |

### साहिबगंज महाविद्यालय में सेवानिवृत प्राध्यापकों के निधन पर शोक सभा



**साहिबगंज**।महाविद्यालय के कला भवन स्थित स्टाफ कक्ष में शोकसभा का आयोजन किया गया। विगत दिनों साहेबगंज महाविद्यालय के गणित विभाग के सेवानिवृत्ति विभागअध्यक्ष प्रोफेसर ओवैस अंसारी व दर्शनशास्त्र विभाग के सेवानिवृत विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रामेश्वर मंडल जी का निधन हो गया था. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस आर आई रिजवी ने अपने शोकसंदेश में दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की व परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रोफेसर अंसारी ने वर्ष 1976 से 2011 तक महाविद्यालय में अपनी सेवाएं प्रदान की थी. जबकि प्रोफेसर मंडल 2004 में सेवानिवृत हुए थे। जिसको लेकर गुरुवार को शोकसभा कि गई. वही शोकसभा में मौजूद रहे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर ध्रुव ज्योति कुमार सिंह,डॉक्टर मीरा चौधरी, डॉक्टर अनिल कुमा,र डॉक्टर सिदाम सिंह मुंडा राजीव कुमार सिंह, प्रोफेसर मरियम हेंब्रम, डॉक्टर वसीम राजा, प्रोफेसर जीसू हांसदा का डॉक्टर अक्षय वर्मा, डॉक्टर रूपा, डॉक्टर रश्मि रानी, डॉक्टर प्रिया, डॉक्टर रीना, डॉक्टर सुनीता प्रोफेसर हेमलता, प्रोफेसर अदिति, डॉ सुनील कुमार, डॉक्टर मनोज, कुमार, डॉक्टर मोहम्मद असादुल्लाह आदि उपस्थित थे |

### एक व्यक्ति को स्कॉर्पियो चालक ने मारा टक्कर घायल,हायर सेंटर रेफर



**साहिबगंज**।नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चैती दुर्गा मंदिर के समीप एक व्यक्ति को बुधवार कि रात फोर व्हीलर वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनआरपी सेंटर के सामने संचालित रसोई रेस्टोरेंट के मालिक त्रिलोचन साह (48) है जहाँ बीते बुधवार की रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर उसे फौरन बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने इलाज किया। वही मामले को लेकर घायल व्यक्ति ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक की टक्कर से उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है जिसका सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया|

## मतगणना से पहले बढ़ी सियासी हलचल, हर प्रत्याशी खुद को मान रहा विजयी

नई सोच एक्सप्रेस




» 27 फरवरी को मतगणना, बैलेट पेपर से बढ़ी धड़कनें; अमान्य मत बदल सकते हैं जीत-हार का समीकरण

**पाकुड़**।झारखंड नगर निकाय चुनाव के नतीजों की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धड़कनें भी तेज होती जा रही हैं। 27 फरवरी को मतगणना होनी है, लेकिन उससे पहले ही शहर की सियासी फिजा गरमा गई है। पाकुड़ नगर परिषद की गलियों और चौक-चौराहों पर दावों और कयासों का दौर जारी है। फिलहाल स्थिति यह है कि जब तक परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित नहीं हो जाते, तब तक मैदान में उतरा हर प्रत्याशी खुद को 'विजयी' मानकर चल रहा है।

**ईवीएम नहीं, बैलेट पेपर ने बढ़ाई चिंता**

इस बार का चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के बजाय पारंपरिक बैलेट पेपर से कराया गया है। तकनीकी दौर में मतपत्रों के जरिए हुए मतदान ने प्रत्याशियों के बीच संशय की स्थिति पैदा कर दी है। सूत्रों के अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पद के लिए अलग-अलग बैलेट पेपर जारी किए गए थे। चर्चा है कि कई मतदाताओं ने अनजाने में एक ही मतपत्र पर दो बार मुहर लगा दी, जबकि कुछ मतदाताओं ने बिना मुहर लगाए ही सादा मतपत्र बैलेट बॉक्स में डाल दिया। इससे अमान्य मतों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**अमान्य मत बदल सकते हैं हार-जीत का गणित**

निर्वाचन नियमों के अनुसार, जिन मतपत्रों पर दो मुहर लगी हों या जो खाली छोड़े गए हों, उन्हें अमान्य घोषित किया जाएगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि अमान्य मतों की संख्या अधिक रही तो जीत और हार के बीच का अंतर काफी कम हो सकता है। कम अंतर से होने वाली संभावित जीत का समीकरण अमान्य मतों के कारण प्रभावित हो सकता है। यही वजह है कि प्रत्याशियों के साथ-साथ उनके समर्थकों की भी बेचैनी बढ़ गई है।

**पुराने चेहरे या नया नेतृत्व?**

अब शहर की जनता के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अध्यक्ष की कुर्सी पर कोई अनुभवी चेहरा वापसी करेगा या इस बार नया नेतृत्व उभरेगा। खासकर इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि क्या पाकुड़ को इस बार नई महिला अध्यक्ष मिलेगी या फिर सत्ता का सेहरा किसी पुराने प्रत्याशी के सिर सजेगा।जनता के फैसले पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

**27 फरवरी की सुबह पर टिकी नजरें**

फिलहाल, शहर का सियासी माहौल पूरी तरह परिणाम की प्रतीक्षा में है। 27 फरवरी की सुबह मतपेटियां खुलते ही तस्वीर साफ हो जाएगी और जनता का अंतिम निर्णय सामने आ जाएगा।तब तक के लिए पाकुड़ में कयासों, दावों और धड़कनों का दौर जारी है।

## मुफस्सिल पुलिस के द्वारा लालबथानी हाटिया परिसर मे जागरूकता



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**।प्रखंड के लालबथानी हाटिया परिसर मे थाना प्रभारी अनिश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जागरूकता चालाया गया।जिसमें थाना प्रभारी ने बताया यदि कोई अजनबी व्यक्ति आपके क्षेत्र में आता है तो बच्चा चोर का अफवाह ना फलाएं। प्रथम यह मान कर चले कि वह व्यक्ति भटक कर गांव में आ गए हैं।अजनबी व्यक्ति का सूचना तुरंत अपने गांव के जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि या जिम्मेदार व्यक्ति सामाजिक व्यक्ति या पुलिस थाना को दे।जिसे सबसे पहले सूचना मिले जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि उसे व्यक्ति का दायित्व है कि उसे प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस के आने तक अपनी सुरक्षा में रखें और यदि संभव हो तो भीड़ पहुंचने से पहले उसे सुरक्षित थाने में पहुंचा दें।वहीं राजमहल विधानसभा अध्यक्ष कौसर आलम ने बताया कि सबसे पहले उसे शालीनता पूर्वक उसका परिचय एवं गांव में आने का कारण पूछे और यदि संदेह भी होता है तो पुलिस को फोन कर आने का इंतजार कर एवं आने पर पुलिस को सौंप दें।और नही अजनबी के साथ मारपीट कर कानून को हाथ में लें औरन ही किसी भी परिस्थिति में भीड़ एकत्रित न होने दे।आपका जगरूकता आपका बचाव है कृपया गांव के जिम्मेदार लोगों का एवं प्रशासन का सहयोग करें।मौक़े पर मखमलपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया मो इसाहक,उत्तर पंचायत सिद्दीकी भोला माझी,मुस्तफा,दाऊद आलम,अबदूर रहीम,जहांगीर आलम,नैमुल हक़ आदि उपस्थित रहें।

## होली से पहले खाद्य पदार्थों, रंगों एवं दवाइयों की जांच तेज

नई सोच एक्सप्रेस



» खाद्य पदार्थ, रंग और दवाइयों की गुणवत्ता पर प्रशासन सख्त, हर्बल रंगों के उपयोग की अपील

**पाकुड़**।आगामी होली पर्व को देखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों, खाद्य तेल, होली के रंगों एवं मिठाइयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष जांच अभियान तेज कर दिया है। साथ ही मेडिकल स्टोरों में एंटी एलर्जिक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। इसी क्रम में श्री संजय कच्छप, पणन सचिव, कृषि उत्पादन बाजार समिति, पाकुड़ द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एंटी एलर्जिक दवाइयों के भंडारण की स्थिति की जांच की गई। जांच में पाया गया कि अधिकांश मेडिकल स्टोरों में आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे होली के दौरान संभावित एलर्जी संबंधी समस्याओं से निपटने में सुविधा होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के मद्देनजर यह जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हो सकें। संजय कच्छप ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली पर्व के दौरान रासायनिक रंगों के स्थान पर हर्बल एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हर्बल रंगों के प्रयोग से त्वचा एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव संभव है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

## झिकरहटी पूर्वी पंचायत में निःशुल्क एफएमडी टीकाकरण अभियान संचालित

नई सोच एक्सप्रेस



» पशुपालन विभाग की पहल, घर-घर जाकर गाय-भैंसों का निःशुल्क टीकाकरण

**पाकुड़**।पशुधन की सुरक्षा एवं किसानों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत झिकरहटी पूर्वी पंचायत में निःशुल्क एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अभिषेक यादव द्वारा किया गया।इस विशेष अभियान के तहत गाय एवं भैंसों को संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से घर-घर जाकर टीकाकरण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पशुपालकों को जागरूक भी कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस निःशुल्क सरकारी योजना का लाभ उठा सकें।डॉ. यादव ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम लगातार संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पशुधन को गंभीर बीमारियों से बचाना और किसानों को संभावित आर्थिक नुकसान से सुरक्षित रखना है। उन्होंने किसान भाइयों एवं गौपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।उन्होंने कहा कि एफएमडी एक अत्यंत संक्रामक बीमारी है, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नियमित टीकाकरण के माध्यम से इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। पशुपालन विभाग द्वारा यह अभियान पशुधन की सुरक्षा तथा किसानों की आय वृद्धि के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है।

## सघन जांच अभियान चलाकर यातायात नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



» होली से पहले सघन वाहन जांच के निर्देश, नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

**पाकुड़**।समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी परिवहन, यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने होली सहित आगामी त्योहारों के मद्देनज़र पूरे जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना। बैठक में स्पष्ट किया गया कि बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग, रैश ड्राइविंग, बिना सीट बेल्ट, शराब पीकर वाहन चलाना (ड्रंक एंड ड्राइव), नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, अनधिकृत एवं बिना कागजात के वाहन, हाई बीम लाइट, प्रेशर हॉर्न तथा बॉडी अल्टरेशन वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आंकड़ों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2025 में 75 तथा वर्ष 2026 (जनवरी-फरवरी) में 12 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। कुल 87 दुर्घटनाओं में 79 लोगों की मृत्यु हुई है। उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक का जीवन अमूल्य है, इसलिए दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करने के लिए सख्त कार्रवाई के साथ-साथ व्यापक जनजागरूकता अभियान भी आवश्यक है। बैठक में हिट एंड रन मामलों के त्वरित निष्पादन, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, भारी वाहनों के लिए निर्धारित नो-एंट्री का सख्ती से पालन तथा प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अतिरिक्त एंगल लगाकर चलाए जा रहे ट्रैक्टरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अवैध संशोधन हटाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने परिवहन विभाग, पुलिस, नगर परिषद एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले की यातायात व्यवस्था को आमजन के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने पर बल दिया।

## साहिबगंज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में,सुबह 8 से मतगणना कार्य

नई सोच एक्सप्रेस



» नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 की मतगणना

**साहिबगंज**।नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर निर्वाची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम भगत द्वारा समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मतगणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के तहत दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 8 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां एवं प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतगणना कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।उन्होंने जानकारी दी कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए कुल 20 टेबल, राजमहल नगर पंचायत के लिए 10 टेबल तथा बरहरवा नगर पंचायत के लिए 10 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कार्य के लिए कुल 120 मतगणना सहायक, 52 मतगणना पर्यवेक्षक तथा 112 अन्य सहायक कर्मी, जिनमें सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आईटी सेल के कर्मी शामिल हैं, प्रतिनियुक्त किए गए हैं। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए मतगणना 04 राउंड में, जबकि राजमहल एवं बरहरवा नगर पंचायत के लिए 02–02 राउंड में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगभग 55 दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नगरपालिका आम निर्वाचन 2026: मतगणना की तैयारियों का संयुक्त निरीक्षण, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष प्रक्रिया पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



» 27 फरवरी की मतगणना से पूर्व स्ट्रांग रूम व काउंटिंग सेंटर का संयुक्त निरीक्षण

**पाकुड़**।नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत 27 फरवरी को निर्धारित मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बाजार समिति स्थित ब्रज गृह (स्ट्रांग रूम) तथा मतगणना केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हॉल की तैयारी, कमरों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का भी अवलोकन कर उसकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा बलों की तैनाती, प्रवेश-निकास नियंत्रण एवं संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि पूरी प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय तरीके से संपन्न हो सके।

## सांसद/विधायक निधि योजनाओं की समीक्षा बैठक, समयबद्ध पूर्णता पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



» सांसद-विधायक निधि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, मार्च 2026 तक पूर्णता के निर्देश

**पाकुड़**।उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सांसद एवं विधायक निधि योजनान्तर्गत एसी/डीसी बिल, उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों एवं अभियंताओं द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान बताया गया कि सांसद निधि के अंतर्गत ई-साक्षी पोर्टल के माध्यम से परियोजना निदेशक, आईटीडीए, पाकुड़ द्वारा 06 योजनाओं के भुगतान हेतु अधियाचन प्रस्तुत किया गया है। वहीं लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर संबंधित एजेंसियों को पुनः निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने सभी कार्यकारी एजेंसियों एवं अभिकर्ताओं को योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर भुगतान से संबंधित अभिलेख समय पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एमपीलैड्स (MPLADS) योजना के तहत परियोजना निदेशक, आईटीडीए को 08 योजनाएं पूर्ण कर भुगतान हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा गया।साथ ही लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्रों में संचालित योजनाओं को मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों — प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला अभियंता एवं अन्य कार्यकारी एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की निधि से संचालित योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन को विकास कार्यों का लाभ निर्धारित समय में मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रमज़ानुल मुबारक के अवसर पर हुआ दावत-ए-इफ्तार का हुआ आयोजन

#### सुख शांति व समृद्धि के लिए मांगी गई दुआएं



**जहानाबाद।** रमज़ान का पवित्र महीना इन दिनों पूरे उत्साह और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस्लाम धर्म में रमज़ान को इबादत, सब्र, त्याग और आत्मशुद्धि का महीना माना जाता है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं, नमाज़ अदा करते हैं और ज़रूरतमंदों की मदद कर आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। रोज़ा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि यह आत्मसंयम, अनुशासन और नेकी के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। साथ ही साथ इस महीने में लोग दावत इफ्तार का आयोजन भी करते हैं। जहानाबाद जिले के अली नगर पाली के रहने वाले सैयद मुशर्रफ इमाम ने दावते इफ्तार का आयोजन किया। दावत-ए-इस्तर में सभी समुदाय के लोगों ने पहुंचकर इस आयोजन में भाग लिया साथ ही साथ कई पदाधिकारी भी इस दावते इफ्तार में पहुंचे सभी ने दावते इफ्तार शुरू होने से पहले मिलजुल कर दुआ मांगी देश में अमन भाईचारा और शांति बनी रहे। इस पवित्र मौके पर राज किशोर शर्मा, अजय कुमार विश्वकर्मा, सूरज कुमार मिर्जा, अजीत कुमार, डॉ अनवर,साकेत रौशन,अनिल कुमार, सदफ परवीन,अनु कुमारी, मधु कुमारी, जीशान हैदर,विनीत शेखर,विक्रम आदित्य, जसीम अख्तर तमकीन ज़हरा,मजहर इमाम, सुहैल, गुलाम सरवर,मो.तारिक सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### इंफीनिक्स ने लॉन्च किया 6500 एमएच बैटरी वाला नोट एज, कीमत 19999 रुपये से शुरू




**दरभंगा।** इन्फिनिक्स ने अपना नया स्मार्टफोन नोट एज लॉन्च किया है। ऑल-राउंड पावर डिवाइस के रूप में पेश किया गया यह फोन लेटेस्ट एक्सओएस16, 6 एनएम आधारित डाइमेंसिटी 7100 5जी चिपसेट और फ्लैगशिप-ग्रेड फीचर्स के साथ मास-प्रीमियम सेगमेंट में एंट्री करता है। ऑफर सहित इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपये है। नोट एज में 6.78 इंच का 3डी -कर्व्ड 1.5के एमोलेड डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 4500 निट्स और 120एचजेड रिफ्रेश रेट है। 7.2 एमएम स्लिम बॉडी में 6500एमएच बैटरी दी गई है, जो 45वाट फास्टचार्ज सपोर्ट करती है और 2,000 से अधिक चार्ज साइकल के बाद भी 80 प्रतिशत से ज्यादा क्षमता बनाए रखने का दावा करती है। फोन में जेबीएल-ट्यून्ड डुअल स्टीरियो स्पीकर्स, एक्टिव हेलो लाइटिंग, वन-टैप एआई बटन और एआई सुपर सिग्नल ऑप्टिमाइजेशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं। 50एमपी एआई कैमरा लाइव फोटो मोड के साथ आता है। डिवाइस एंड्रॉइड 16 आधारित एक्सओएस16 पर चलता है और तीन साल के ओएस अपडेट तथा पांच साल के सिक्योरिटी पैच का सपोर्ट मिलेगा। गोरिल्ला ग्लास 7आई और आईपी65 रेटिंग के साथ यह फोन लूनर टाइटेनियम, स्टेलर ब्लू और सिल्क ग्रीन रंगों में उपलब्ध होगा।

### पटना में शाओमी प्रीमियम सर्विस सेंटर का उद्घाटन



**पटना।** शाओमी, वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रमुख, ने आज भारत के 15 नए शहरों में लॉन्च के साथ अपने प्रीमियम सर्विस सेंटर नेटवर्क के व्यापक रणनीतिक विस्तार की घोषणा की। यह शाओमी के पूरे देश में 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर खोलने के प्लान का दूसरा चरण है। यह विस्तार शाओमी की वैल्यू-फॉर-एक्सपीरियंस रणनीति को और मज़बूत करता है, जिसमें ग्राहकों को को ज़्यादा आसान, भरोसेमंद और बिना रुकावट वाला बिक्री उपरांत बेहतर अनुभव देने पर खास ध्यान दिया गया है। कंपनी ने पटना में अपने सेंटर का उद्घाटन किया। क्रमबद्ध आधार पर खोले जा रहे नए प्रीमियम सर्विस सेंटर्स के हिस्से के तौर पर, सभी 15 नए सेंटर 2026 की पहली तिमाही में चालू हो जाएंगे। इसके साथ ही विस्तार योजना के पहले और दूसरे चरण में प्रीमियम सर्विस सेंटर की कुल संख्या 25 हो जाएगी। शाओमी के प्रीमियम सर्विस सेंटर अभी मदुरै, त्रिवेंद्रम, बैंगलोर, हैदराबाद, कोच्चि, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, लुधियाना, सूरत, विशाखापत्तनम, इंदौर, सूरत और लखनऊ में चालू हैं। इस बारे में बात करते हुए, सुधीन माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा कि "हमारे पहले 10 प्रीमियम सर्विस सेंटर को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया ने यह पक्का कर दिया है कि आज ग्राहक ज़्यादा तेज़, ज़्यादा भरोसेमंद और बेहतर अनुभव पर आधारित आफ्टर-सेल्स सपोर्ट को ज़्यादा महत्व दे रहे हैं।

### झाड़ी से मिली थी.अज्ञात नवजात शिशु 20 दिन पूर्व

#### सदर अस्पताल के एसएनसीयू से मिली छुट्टी



**साहिबगंज** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी फाटक के समीप झाड़ियों में लगभग 20 दिन पूर्व सुबह-सुबह एक अज्ञात नवजात शिशु झाड़ियों से मिला था. इसके बाद अंजुमन नगर निवासी अज्ञात नवजात शिशु को लेकर चले गए थे पालन पोषण को लेकर इस मामले को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व पुलिस को सूचना मिलते ही नवजात शिशु को स्वास्थ्य को लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया लगभग 19 दिनों तक एसएनसीयू में जीवन और मौत के बीच जूझ रही थी. डॉक्टर ने बताया था कि शिशु को गुरुवार 26 फरवरी को पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।अज्ञात नवजात शिशु को बेहद नाजुक स्थिति में अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकीय जांच में उसे नियोनेटल सेप्सिस और कम वजन जैसी गंभीर समस्याओं से ग्रसित पाया गया था। एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सों की विशेष निगरानी में चले लंबे उपचार के बाद बच्ची की स्थिति में चमत्कारिक सुधार हुआ है। बच्ची की सेहत में पूर्ण सुधार को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान,डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. दिवेश कुमार और एसएनसीयू नोडल पदाधिकारी डॉ. फरोग हसन की गरिमामयी उपस्थिति में उसे आधिकारिक रूप से जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती पूनम कुमारी को सौंप दिया गया। अब उसे बेहतर पालन-पोषण और सुरक्षित भविष्य के लिए निर्धारित संस्थान में भेजा जाएगा।

# एनबीसीसी (इंडिया)लिमिटेड के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से निर्मित कंप्यूटर भवन सह स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से निर्मित कंप्यूटर भवन सह स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भट्ठा मध्य विद्यालय(बंगला) में एनबीसीसी के स्वतंत्र निदेशक सीए राजीव कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के नवरत्न कंपनी एनबीसीसी के सीएसआर फंड द्वारा निर्मित कंप्यूटर भवन सह स्मार्ट क्लास का लोकार्पण कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहें हैं।उन्होंने कहा कि इस निर्मित स्मार्ट कंप्यूटर क्लास का सदुपयोग कर स्कूल के बच्चे कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान प्राप्त कर पाएंगे जो समय की माँग है।उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड से पूर्णिया में और भी कार्य हुए हैं, जिसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है।इस अवसर पर बोलते हुए डॉ संजीव कुमार ने कहा कि एनबीसीसी बधाई के पात्र हैं, जिसके द्वारा बिहार के एक पिछड़े जिले के स्कूल को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।पूर्णिया सिविल सोसाइटी के अजय कुमार झा ने भी अपने संबोधन में कहा कि एआई के युग में बच्चों को प्रारंभिक विद्यालय से ही कंप्यूटर की प्रैक्टिकल शिक्षा जरूरी है 1 जिसे एनबीसीसी ने आज प्रारंभ किया है।विद्या मंदिर के प्राचार्य मनोज कुमार ने सीए राजीव कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विद्यालय के साइंस लैबोरेटरी के लिए जो सहायता एनबीसीसी से प्राप्त हुई है उसके लिए स्कूल के सभी विद्यार्थी आभारी हैं 1 उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कंप्यूटर की प्रैक्टिकल शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ,बिहार राज्य. शाखा के सचिव व उद्यमी सिद्धार्थ प्रताप ने कहा कि राज्य के मध्य विद्यालयों में भी कंप्यूटर की सैद्धांतिक क्लास जरूरी है जिसे इस स्कूल में एनबीसीसी द्वारा उपलब्ध करा कर शुरूआत की गई है।इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा संबोधित करते हुए एनबीसीसी के निदेशक(फाइनेंस) अंजीब कुमार जैन ने कहा सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए लगातार सहायता प्रदान की जा रही है,ताकि हमारे देश के प्रधानमंत्री का सपना पूरा हो सके और भारत विश्व का अग्रणी देश बन सके।उन्होंने कहा कि बिहार के एक मध्य विद्यालय को कंप्यूटर और भवन प्रदान कर उन्हें खुशी हो रही है।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्कूल प्रबंध समिति के सचिव ए के बोस ने कहा कि बिहार के किसी भी मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर की व्यवस्था नहीं है, लेकिन इस विद्यालय में आज से यह सुविधा प्राप्त हो गई है जिसके लिए उन्होंने एनबीसीसी के अध्यक्ष के पी महादेवास्वामी का भी आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि आगे भी स्कूल को और सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार भट्टाचार्य और बिहार बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सान्याल ने भी उपस्थित महानुभावों को संबोधित किया।स्कूल के बच्चों द्वारा इस अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर वार्ड आयुक्त आशीष सनातनी,गोपाल चंद दास, अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार मित्र, प्रियेश रंजन,रंजीत कुमार झा,प्रधानाचार्य रामदेव दास,रबींद्र नाहा, कनीनिका सर्बाधिकारी, प्रियंका कुमारी,नवीन कुमार,संजय कुमार रॉय,सुकांत दे, रवि शंकर विश्वास,संतोष कुमार सिन्हा उर्फ पप्पू,कपिल देव साह और विश्वनाथ राम भी उपस्थित थे।

# मार्गदर्शन की नई राहः एम्स पटना में मेंटर—मेंटी कार्यक्रम की शुरूआत

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** भविष्य के चिकित्सकों को केवल डिग्री ही नहीं बल्कि दिशा और दृष्टि प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ एम्स पटना ने एमबीबीएस 2024 बैच के लिए बुधवार को मेंटर मेंटी फ्रेमवर्क का औपचारिक शुभारंभ किया। संस्थान के सभागार में आयोजित इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने छात्र-शिक्षक संबंधों को एक नई संरचना और नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। यह पहल शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और समग्र व्यक्तित्व विकास के प्रति संस्थान की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वागत संबोधन में रजिस्ट्रार (शैक्षणिक) प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश ने मेंटर-मेंटी व्यवस्था की अवधारणा को विस्तार से रखते हुए कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि "विश्वास और संवाद पर आधारित शैक्षणिक साझेदारी" है। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक छात्र को एक संकाय मेंटर से जोड़ा जाएगा जो उसकी शैक्षणिक प्रगति, मानसिक संतुलन, शोध रुचि और करियर दिशा पर सतत निगरानी और सहयोग प्रदान करेंगे। अपने प्रेरक संबोधन में प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं है, यह संवेदनशीलता, अनुशासन और जिम्मेदारी की साधना है। उन्होंने मेंटर और मेंटी के बीच नियमित, अनिवार्य और परिणामोन्मुख संवाद पर विशेष बल देते हुए कहा कि यही संवाद विद्यार्थियों की क्षमता को उपलब्धि में परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा, "मार्गदर्शन ही वह प्रकाश है, जो प्रतिभा को उद्देश्य से जोड़ता है।" कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों ने भी अपने विचार साझा किए और मेंटरशिप को शैक्षणिक उत्कृष्टता की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नैतिक चेतना, शोध प्रवृत्ति और पेशेवर आचरण को सुदृढ़ करेगी। कार्यक्रम में लगभग 125 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं तथा 100 से अधिक संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह सहभागिता संस्थान में सहयोगात्मक और संवादपरक शैक्षणिक वातावरण की झलक प्रस्तुत करती है। समापन सत्र में उप-अधिष्ठाता (एमबीबीएस) डॉ. प्रमोद कुमार मांझी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सशक्त मेंटर-मेंटी फ्रेमवर्क के माध्यम से एम्स पटना ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह केवल चिकित्सक तैयार नहीं कर रहा बल्कि ऐसे संवेदनशील, उत्तरदायी और नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण स्वास्थ्य विशेषज्ञों का निर्माण कर रहा है जो समाज और राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएँगे।

# सैमसंग ने लॉन्‍च की गैलेक्सी एस 26 सीरीज़



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी एस 26 सीरीज़ लॉन्च की है जिसमें कमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई अनुभव है जो लोगों के रोज़मर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी एस 26, एस 26 प्लस और एस 26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूज़र्स सिर्फ़ परिणामों पर फोकस कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ, प्रेसिडेंट और डिवाइस एक्सपीरियंस डिविजन के हेड टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस 26 सीरीज़ के साथ हमने एआई को इतना आसान बनाने पर फोकस किया है कि यह बैकग्राउंड में चुपचाप काम करे, ताकि लोग सिर्फ़ उन चीज़ों पर ध्यान दें जो मायने रखती हैं। गैलेक्सी एस 26 सीरीज़ में सभी मॉडल्स में एक यूनिफाइड डिज़ाइन लैंग्वेज है, जिसमें शेयर किए गए कलर ऑप्शन्स में कोबाल्ट, वायलट, व्हाइट, ब्लैक और स्काई ब्लू शामिल है।

# निशान शोभा यात्रा में लगे श्याम बाबा के जयकारे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** श्याम फागुन महोत्सव के दूसरे दिन शक्तिधाम सेवा न्यास के तत्वावधान में विशाल निशान ध्वज शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस निशान शोभा यात्रा में महिलाये रंग बिरंगे परिधान में एवं पुरुष श्याम बाबा का केशरिया दुपट्टा ओढ़े हुए थे। हांथों में निशान ध्वज लिए श्याम भक्तों का यह कारवां पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ पुष्पविहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह 10:30 प्रारम्भ हुआ। निशान शोभा यात्रा प्रारम्भ होते ही गुलाब जल का छिड़काव करते हुए फूलों की वर्षा की गयी एवं गुलाल उड़ाते हुए बहुत ही अनोखे ढंग से सुसज्जित श्याम बाबा के रथ को निकाला गया। शोभा यात्रा में भक्तजनो द्वारा गाये जा रहे "मेरे सर पे रख दे हाथ बाबा" " "हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो" आये है दिन फागण के ,आये है दिन नाचण के बीत गए दिन सावन के ऐसे भक्तिमय गीतों की स्वर लहरी पूरे वातावरण को भक्तिमय कर रहा था। श्याम बाबा को समर्पित भजन कीर्तन से माहौल श्याममय हो रहा था। शोभा यात्रा में लाल, पीले , गुलाबी परिधानों में सजी धजी महिलाओं के अलावे युवाओं का भी उत्साह देखते बन रहा था। करीब हजार की संख्या में भक्तों ने अपने अपने हांथों में निशान (ध्वज ) उठा रखे थे।शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भक्तो को ठंडा पानी , शर्बत एवं फल इत्यादि दिया जाता रहा। निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट , एक्जीविशन रोड से होते हुए भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित शक्तिधाम मंदिर पंहुचकर समाप्त हुआ । बाबा के जयकारे के साथ शक्तिधाम मंदिर में श्याम बाबा का निशान अर्पण करने का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। भक्तो को श्याम बाबा का प्रसाद दिया गया। समारोह में मुख्य यजमान आनंद डालमिया एवं ज्योति डालमिया सहित अमर अग्रवाल , पी के अग्रवाल, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, सज्जन चौधरी, विकास पोद्दार, संजय भालोटिया, सुरेश झुनझुनवाला, रौशन सर्राफ, अनिल साहु, राजकुमार अग्रवाल , सूर्य नारायण, राजेश माखरिया, संतोष अग्रवाल, प्रदीप पंसारी, अक्षय अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# प्रेम और आत्मविश्वास के संघर्ष को दर्शाती है "मरणोपरांत"

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था विश्वा, पटना, जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है।जिसमे आज दिनांक 26 फरवरी 2026 को संध्या 6:30 बजे, इमेजिनेशन स्कूल ऑफ़ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, इ1, देश रतन पथ, SBI ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग़, विजय नगर, पटना-800026 में सुरेन्द्र वर्मा लिखित नाटक " मरणोपरांत " की प्रस्तुति की गई। जिसका निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है। "मरणोपरांत नाटक एक आत्मिक और मानसिक संघर्ष की गहरी दुनिया में जाती है । यह कहानी एक पति और उसकी पत्नी के प्रेमी के मानसिक संघर्ष पर आधारित है, जब उसकी पत्नी की मौत एक दुर्घटना से हो जाता है। यह नाटक प्रेम, विश्वास, और आत्मविश्वास के संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें पति का दर्द और उसके पत्नी के प्रेमी का आत्म-संघर्ष जीवंत हो जाता है। मरणोपरांत एक मानसिक व्यक्तिगत यात्रा का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है, जो हमें आपसी संबंधों और आत्म-समझौते के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के लिए इच्छुक करता है। यह नाटक भावनाओं का संघर्ष और मानसिक उबाल का अद्वितीय और गहरा दृश्य है, जो वास्तविकता के साथ झूमता है।"

मंच पर -आदिल रशीद एवं राजेश राजा

मंच परे,प्रकाश परिकल्पना : रेयाज़ अहमद

पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,रूप सज्जा, पंकज कुमार,वस्त्र विन्यास आदित्य,मंच निर्माण : सुनील जी,पूर्वाभ्यास प्रभारी शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना

लेखक : सुरेन्द्र वर्मा,निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।हम इमेजिनेशन पटना एवं कुंदन कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# आह्वान 2026 'विकसित भारत 2047' के लिए आधार- उदय शंकर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** विश्व युवक केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'आह्वान 3.0'का भव्य समापन दिल्ली में हुआ। इस सम्मेलन ने भविष्य के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है, जिसमें तकनीक, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और एनजीओ के बीच 'सह-निर्माण' को विकास का मुख्य आधार माना गया है।

**तकनीकः समाधान नहीं, समावेशी विकास का सेतु**

सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना और सकारात्मक आत्मचिंतन के साथ हुई। पांचवें सत्र "सामाजिक हित के लिए प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को साकार करना" में अटल इनक्यूबेशन सेंटर के सीईओ उदय वांकावाला ने कहा कि तकनीक को समाधान के बजाय एक सक्षम साधन के रूप में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य प्रशिक्षण और ग्रामीण आजीविका में डिजिटल प्लेटफॉर्म के सफल स्टार्टअप उदाहरण साझा किए। ट्रिकल अप एशिया के क्षेत्रीय निदेशक सुशांत ने मोबाइल तकनीक के जरिए महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण और 'लैंगिक डिजिटल अंतर' को खत्म करने की आवश्यकता पर बल दिया। ग्लोबल लॉजिक की सीएसआर हेड मोनिका ने कहा कि तकनीक प्रभाव तो बढ़ा सकती है, लेकिन सामाजिक चुनौतियों के लिए समुदाय की भागीदारी और मजबूत निगरानी अनिवार्य है। थिंक थ्रू कंसल्टिंग के सह-संस्थापक अजय पाण्डेय ने तकनीक को सड़क और रेल जैसी बुनियादी संरचना मानकर एआई (AI) और डेटा विश्लेषण के उपयोग का सुझाव दिया।

**सी एस आर और एन जी ओ साझेदारीः विश्वास और जवाबदेही की नई इबारत**

छठे सत्र में विवेक प्रकाश सीनियर वीपी-वाइस प्रेसिडेंट ज्यूबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड ने सीएसआर को कानूनी अनुपालन से ऊपर उठाकर दीर्घकालिक सामाजिक लक्ष्यों से जोड़ने की बात कही। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के सीजीएम एम. प्रभाकर दास ने आकांक्षी जिलों में सरकारी प्राथमिकताओं के साथ सीएसआर के तालमेल को महत्वपूर्ण बताया। अपोलो फाउंडेशन की हेड ऑपरेशंस सुधा जिदरिया ने स्वास्थ्य सेवाओं में केवल शिविरों तक सीमित न रहकर निवारक देखभाल और मापने योग्य परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। विपुल कांत उपाध्याय (सीईओ, दांतया एडवाइजर्स) ने डेटा-आधारित योजना और एनजीओ के क्षमता निर्माण को स्थायी परिणामों की कुंजी बताया। वहीं, एक्साइड इंडस्ट्रीज के निशांत सिन्हा और असम गैस कंपनी के स्वतंत्र निदेशक धीरेंद्र हांडिक ने पर्यावरण संरक्षण को कंपनियों की मूल रणनीति का हिस्सा बनाने और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जिम्मेदार होने पर जोर दिया।

**ग्रामीण सशक्तिकरण से राष्ट्रीय प्रगतिः**सातवें सत्र "विकसित गाँव, विकसित भारत @2047" में पी.के. साहू सह-संस्थापक, सी वाई एस डी ने समुदायों को सक्रिय निर्णय लेने वाला बनाने की वकालत की। ओएनजीसी फाउंडेशन के सीईओ संदीप कुमार ने ग्रामीण आय में विविधता, युवा कौशल, खेल और जलवायु लचीलापन को विकास का स्तंभ बताया। आरएएफ ग्लोबल के सीईओ सुजीत सरकार ने संसाधनों के अनुकूलन और जवाबदेही को सीएसआर में गहराई से शामिल करने की बात कही। बडी4स्टडी के सीईओ आशुतोष बर्नवाल ने आंकड़ों के जरिए दिखाया कि छात्रवृत्ति और मेंटरशिप किस तरह गरीबी के चक्र को तोड़कर समावेशी विकास का चालक बनती है।

**चैरिटी से साझा विजन की ओरः** सम्मेलन के समापन सत्र के मुख्य अतिथि पवित्र कुमार दुबे आई आर एस , अतिरिक्त आयकर आयुक्त, दिल्ली ने पारदर्शिता और समावेशिता को विकास की पहली शर्त बताया। विज्ञन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ डॉ. नयन चक्रवर्ती ने सशक्त एनजीओ नेतृत्व और जवाबदेही ढांचे की आवश्यकता दोहराई। श्री सीमेंट के सीएसआर हेड विशाल भारद्वाज ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों के लिए कॉर्पोरेट-एनजीओ सहयोग अब अनिवार्य है। विश्व युवक केंद्र के सीईओ उदय शंकर सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए एक साझा ज्ञान भंडार और डेटा-संचालित हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम के अंत में विश्व युवक केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी मंजूनाथ के. ने सभी सरकारी प्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट लीडर्स और एनजीओ पार्टनर्स का आभार व्यक्त किया।

**निष्कर्ष** स्वरूप, आह्वान ने यह साझा विश्वास पुख्ता किया कि सीएसआर को 'चैरिटी' से 'साझा जिम्मेदारी' और 'सामूहिक विजन' में बदलना ही एक विकसित और टिकाऊ भारत के निर्माण का केंद्र होगा। मौके पर बिहार के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी, केशव कुणाल समेत देश भर से सौंकड़ो सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

# परिवहन विभाग ने लक्ष्य से कम राजस्व वसूली पर 40 अधिकारियों को भेजा शो-कॉज नोटिस

नई सोच एक्सप्रेस

» डीटीओ, एडीटीओ, एमवीआई और ईएसआई पर सख्त कार्रवाई
» तीन दिनों में मांगा गया स्पष्टीकरण

**पटना।** परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति में भारी लापरवाही बरतने पर सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों के 10 डीटीओ (जिला परिवहन पदाधिकारी), 10 एडीटीओ (अपर जिला परिवहन पदाधिकारी), कई एमवीआई (मोटर यान निरीक्षक) और ईएसआई (प्रवर्तन अवर निरीक्षक) सहित कुल 40 पदाधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। इन अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने विगत दिनों में विभागीय समीक्षा बैठक की, जहां डीटीओ, एमवीआई, ईएसआई आदि के कार्य को असंतोषजनक बताते हुए सुधार के लिए दो महीने का समय दिया था। लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद इन पदाधिकारियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। मंत्री ने स्पष्ट किया कि आगे चलकर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन उनके कार्य-प्रदर्शन के आधार पर ही सुनिश्चित की जाएगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, कई जिलों में राजस्व वसूली लक्ष्य का महज 8 से 14 प्रतिशत ही हुई है।

भागलपुर डीटीओ जनार्दन कुमार- लक्ष्यः 200 लाख रुपये, वसूलीः मात्र 8 प्रतिशत।



छपरा डीटीओ लतीफुर अंसारी- लक्ष्यः 400 लाख रुपये, वसूलीः 8.2 प्रतिशत।

मधुबनी डीटीओ राम बाबू- लक्ष्यः 200 लाख रुपये, वसूलीः 8.6 प्रतिशत।

मुजफ्फरपुर डीटीओ कुमार सत्येंद्र यादव- लक्ष्यः 300 लाख रुपये, वसूलीः 9.2 प्रतिशत।

पटना डीटीओ उपेंद्र कुमार पाल- लक्ष्यः 41 लाख रुपये, वसूलीः 10 प्रतिशत।

सीतामढ़ी डीटीओ प्रशांत कुमार— लक्ष्यः 160 लाख रुपये, वसूलीः 10 प्रतिशत।

किशनगंज डीटीओ दीक्षित श्वेता— लक्ष्यः 150 लाख रुपये, वसूलीः 12 प्रतिशत (लगभग)।

अरवल डीटीओ अमनप्रीत सिंह — लक्ष्यः 150 लाख रुपये, वसूलीः 14.6 प्रतिशत।

रोहतास, समस्तीपुर आदि जिलों में भी लक्ष्य से काफी कम वसूली दर्ज की गई।

**नोटिस प्राप्त पदाधिकारी**

**डीटीओ स्तरः** भागलपुर, छपरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, सीतामढ़ी, किशनगंज, अरवल, रोहतास, समस्तीपुर आदि।

**एडीटीओ स्तरः**

किशनगंज के एडीटीओ सलीम प्रशांत, मधुबनी के एडीटीओ उपेन्द्र राव, पटना के एडीटीओ पिंकू कुमार, मुजफ्फरपुर के दो, सीतामढ़ी, वैशाली, भोजपुर, सिवान, मोतिहारी आदि।

**एमवीआई स्तरः**

मुजफ्फरपुर के एमवीआई सिधु कुमार , बेतिया के अनुप कुमार सिंह, नवादा के पार्थ सारथी, मोतिहारी, मधुबनी, गया (दो) आदि।

ईएसआई/प्रवर्तन अवर निरीक्षकः

भोजपुर (दो), सुपौल, मधुबनी, बेतिया, बक्सर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, लखीसराय, नवादा आदि।

विदित हो कि परिवहन मंत्री के निर्देशानुसार विभागीय पदाधिकारियों के स्तर पर पिछले कुछ महीनों में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन निबंधन समेत अन्य लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। परिणामस्वरूप लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। राजस्व संग्रहण में वृद्धि के उद्देश्य से आगामी 15 दिनों के भीतर संबंधित पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्यप्रणाली में और सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुखिया सह राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी



**दानापुर।** लखनी बीघा पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी एक पत्र के माध्यम से स्पीड पोस्ट के द्वारा उनके घर पर भेजी गई है। इस धमकी मिलने के बाद उदय कुमार एवं उनका परिवार काफी दहशत में है। इस संबंध में थाना क्षेत्र के आशोपुर के रहने वाले पीड़ित उदय कुमार ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन देकर पत्र भेजने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने एवं अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाने में मौजूद उदय कुमार ने बताया कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके घर पर एक पत्र भेजा गया। जो उनकी पत्नी ने रिसीव किया। उस पत्र को खोलने पर उसमें पत्नी एवं बेटी के बारे में अभद्र बातें लिखते हुए उन्हें जल्द से जल्द जान से मारने की बात कही गई है। उस पत्र में यह भी जिक्र किया गया है कि विगत दिनों दानापुर में कई जनप्रतिनिधियों की हुई हत्या की तरह उनकी भी जल्द हत्या कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक माह पूर्व उनके कार्यालय में आशोपुर गांव के ही रहने वाले अजय यादव एवं उनके सहयोगियों द्वारा उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गई थी। इसके अलावा उनके ऊपर भी अस्पताल में हमला हो चुका हैं। इसके पूर्व भी थाने में उन लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया था, मगर उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। इसलिए उन्होंने स्थानीय पुलिस एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी से अपनी सुरक्षा एवं पत्र भेजने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई की बात कही है। वही मामला संज्ञान आने के बाद स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पटना मेट्रो रेल का भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक सफल ट्रायल रन संपन्न

» ट्रायल रन के दौरान मेट्रो ट्रेन को विभिन्न गति स्तरों पर चलाकर कई मानकों पर परखा गया
» अगले कुछ दिनों में सुरक्षा निरीक्षण के बाद मिल जाएगी भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक मेट्रो के परिचालन की स्वीकृति



**पटना।** राजधानी पटनावासियों के लिए यह गर्व का क्षण है कि पटना मेट्रो रेल का भूतनाथ स्टेशन से मलाही पकड़ी स्टेशन तक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक गुरुवार को पूरा कर लिया गया। यह उपलब्धि शहर में आधुनिक एवं सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के अनुसार भूतनाथ से मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल का परिचालन जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ तक ही मेट्रो का परिचालन किया जा रहा है। यह ट्रायल रन एलिवेटेड कॉरिडोर पर निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालित किया गया। परीक्षण के दौरान मेट्रो ट्रेन को विभिन्न गति स्तरों पर चलाकर कई मानकों पर परखा गया। जिन मानकों की गुरुवार को गहन जांच की गई है, उनमें सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता, ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन, ट्रैक और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, स्टेशन समन्वय एवं संचार व्यवस्था के साथ-साथ आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल की गहन जांच की गई है। मेट्रो के तकनीकी विशेषज्ञों एवं अभियंताओं की उपस्थिति में ट्रेन को निर्धारित अधिकतम गति तक चलाकर सभी सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस ट्रायल के दौरान ट्रेन का संचालन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया है। उन्होंने बताया कि इस सफल परीक्षण के बाद अब अगला चरण सुरक्षा निरीक्षण एवं अंतिम स्वीकृति का है। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होते ही इस खंड पर पटना मेट्रो रेल का वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा प्रारंभ होने से राजधानी पटना के हजारों यात्रियों को जाम से तो मुक्ति मिलेगी ही साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुव्यवस्थित हो जाएगी।

### खूब जमेगी रंग जब होली मिलन पर सहपाठियों का होगा संग



**पटना।** वाणिज्य महाविद्यालय ( बर्ष - 80-84 ) पटना विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती सहपाठियों का रंगारंग होली मिलन समारोह राजधानी के बन्दर बगीचा स्थित होटल रीजेन्टा इन ( कपिल इलेवन) में वाणिज्य महाविद्यालय संगठन समिति द्वारा 27 मार्च के संध्या में आयोजित किया गया है । इस समारोह में होली गीत - संगीत और हुड़दंग का भी आयोजन किया गया है। रंग बरसे भींगे चुनरवाली रंग बरसे,,,,। होली खेले रघुबीरा अवध में,,,,,। किनका के हाथ कनक पिचकारी, किनका के हाथ अबीर झोली ,,,,। राम के हाथ कनक पिचकारी, सीता के हाथ कबीर झोली,,, । रंग डालो श्याम खेले होली,,,,। गोविन्दा आला रे आला,,,। आदि के साथ झूम उठेंगे महौल। इसके साथ सुरुचिपूर्ण, स्वादिष्ट व्यंजन और प्रीति भोज का शानदार आयोजन किया गया। साथ ही भांग का शर्बत पीकर झुम उठेंगे सहपाठी गण। इस आशय की जानकारी अनमोल कुमार ने दी।

# सरकारी नियमों से डायरेक्ट सेलिंग पर उपभोक्ताओं का बढ़ेगा भरोसा : सचिव

**बिहार में डायरेक्ट सेलिंग को लेकर होटल ताज सिटी सेंटर में आयोजित हुआ 10वां राष्ट्रीय कॉन्क्लेव**

नई सोच एक्सप्रेस

» कार्यक्रम में डायरेक्ट सेलिंग की नीति, नियम और विकास पर हुई चर्चा
» डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री तेजी से कर रही है विकास

**पटना।** डायरेक्ट सेलिंग या उपभोक्ताओं से सीधे व्यवसाय के मॉडलों और इसके उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए गुरुवार को होटल ताज सिटी सेंटर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री या फिडसी और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें डायरेक्ट सेलिंग की नीति, नियम और विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग समाज में धन के समान वितरण को बढ़ावा देता है। इसके जरिए धन सिर्फ शहरों तक एकत्र नहीं होकर ग्रामीण इलाकों तक भी पहुंचेगा। इस क्षेत्र में भरोसे की कमी रही है, इसको देखते हुए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे उपभोक्ताओं के हितों को संरक्षित किया जा सके। भारत सरकार की इसको लेकर जो गाइडलाइन है, जो नियम बनाए गए हैं, उसे लागू करने और मॉनिटरिंग की बेहतर व्यवस्था होने से इस पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग इस क्षेत्र में राज्य के उपभोक्ताओं के हितों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र में जो सही कंपनियां हैं, उनकी जानकारी उपभोक्ताओं को देने के लिए काम किया जाएगा। डायरेक्ट सेलिंग की जो कंपनियां हैं, वे ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसके तहत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया जा सके। इससे इस क्षेत्र की कंपनियों पर उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा। सरकारी नियमों और गाइडलाइन का पालन करने से



इस क्षेत्र का विकास होगा। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ इंडियन डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री के प्रेसिडेंट अभिलाष थॉमस ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए उद्योग जगत में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर देता है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दिया जा सकता है। वहीं फिडसी के महासचिव राहुल सूडान ने कहा कि आज डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री तेजी से विकास कर रही है। इस क्षेत्र में बिहार में अब 200 से 300 करोड़ का व्यापार हो रहा है। ऐसे में जरूरत है कि सरकार की तरफ से ऐसी नीतियां बनें जिससे इंडस्ट्री का विकास हो और उपभोक्ताओं के हितों को संरक्षित किया जाए। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव मो. नैयर इकबाल, उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय के निदेशक विभूति रंजन चौधरी समेत डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री से जुड़े कई अन्य मौजूद थे।

## अपराधियों की गोलीबारी में प्याज व्यापारी की मौत, एक अन्य घायल

**पुलिस ने इसे पुरानी विवाद का हिंसक परिणाम बताया**

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर हाट के महावीर लेन के पास अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें प्याज व्यवसायी की जान चली गई और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक सोनू उर्फ सोनी कुमार तथा घायल अंकित उर्फ आकाश कुमार (सोनू का भाई) हैं, जिसका इलाज फिलहाल पीएमसीएच में चल रहा है। घटनाके संबंध में बताया गया कि सोनू और आकाश अपनी दुकान पर मौजूद थे, तभी दो से तीन हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए जब दोनों भाई भागने लगे, तो अपराधियों ने उन्हें खदेड़ा। सोनू को बेहद करीब से कनपटी में गोली मारी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आकाश को पीछे की ओर गोली लगी है। आशंका जताई जा रही है कि किसी मुखबिर ने अपराधियों को सोनू के दुकान पर होने की सटीक लोकेशन दी थी। हमलावरों में पीरबहोर इलाके का कुख्यात अपराधी बिट्टा और उसके साथी का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि सोनू का बिट्टा के साथ पुराना विवाद चल रहा था और उसे पहले भी धमकियां मिली थीं। पुलिस के अनुसार, यह पूरी घटना एक मामूली विवाद का हिंसक परिणाम है। घटना के तुरंत बाद सिटी एसपी पूर्वी (परिचय कुमार), सिटी एसडीपीओ-1 और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए गए हैं। एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है। अपराधियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## बिहार में ट्रैफिक चालान को लेकर बड़ा बदलाव, अब नियम उल्लंघन पर एक दिन में कटेगा सिर्फ एक चालान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। अब एक ही गलती के लिए एक ही दिन में कई बार चालान नहीं कटेगा। जिला परिवहन कार्यालय और ट्रैफिक पुलिस ने चालान सिस्टम में बड़ा सुधार किया है। नई व्यवस्था के तहत, यदि किसी वाहन का एक बार ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन (जैसे हेलमेट न पहनना या ट्रिपल राइडिंग आदि) के लिए चालान कट गया है, तो उसी विशिष्ट गलती के लिए उस दिन दोबारा चालान नहीं काटा जाएगा। दरअसल, पिछले कुछ महीनों में ऐसी कई शिकायतें सामने आई थीं, जहां एक ही वाहन चालक का एक ही गलती के लिए दिन में चार से पांच बार तक अलग-अलग जगहों पर चालान काट दिया गया। इससे वाहन चालकों पर हजारों रुपये का जुर्माना एक ही दिन में लग जा रहा था। बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पटना जिला परिवहन कार्यालय पहुंच रहे थे। मामले को



गंभीरता से लेते हुए पटना जिला परिवहन कार्यालय ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चालान मशीन को अपडेट कर दिया है। अब जैसे ही किसी वाहन का चालान कटेगा, सिस्टम में उसकी एंट्री हो जाएगी। अगर उसी दिन दोबारा चालान काटने की कोशिश की जाती है, तो मशीन तुरंत बता देगी कि इस वाहन का चालान आज कहां और किस कारण से चालान पहले ही कट चुका है। अधिकारियों ने साफ किया है कि अगर किसी वाहन चालक को फिर भी दिक्कत होती है, तो वे ट्रैफिक पुलिस या जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। नई व्यवस्था से जहां वाहन चालकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी, वहीं ट्रैफिक प्रवर्तन प्रणाली भी ज्यादा पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनेगी।

# होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को लेकर ,स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं स्पेशल (छपरा-सीवान-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 05060 लालकुआं-कोलकाता स्पेशल 05.03.2026 से 26.03.2026 तक प्रत्येक गुरूवार को लालकुआं से 13.35 बजे खुलकर अगले दिन शुक्रवार को 23.55 बजे कोलकाता पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल 07.03.2026 से 28.03.2026 तक प्रत्येक शनिवार को 05.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.45 बजे लालकुआं पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन गोरखपुर-थावे-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-किउल सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रूकेगी । गाड़ी संख्या 05506/05505 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल - गाड़ी संख्या 05506 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 06.03.2026 से 15.03.2026 तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को सहरसा से 13.20 से बजे खुलकर 15.30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05505



पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल 09.03.2026 से 17.03.2026 तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार एवं शनिवार को पूर्णिया कोर्ट से 15.00 बजे खुलकर 18.30 बजे सहरसा पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज एवं बनमंखी स्टेशनों पर रूकेगी । गाड़ी संख्या 09803/09804 सोगरिया-दानापुर-सोगरिया होली स्पेशल - गाड़ी संख्या 09803 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 01.03.2026 को सोगरिया से 23.10 से बजे खुलकर अगले दिन 23.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 09804 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 03.03.2026 को दानापुर से 01.15 बजे खुलकर अगले दिन 01.10 बजे सोगरिया पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, मैहर, कटनी सहित अन्य प्रमुख स्टेशन पर रूकेगी । गाड़ी संख्या 03035/03036 डानकुनी-पटना-डानकुनी स्पेशल - गाड़ी संख्या 03035 डानकुनी-पटना स्पेशल 27.02.2026 एवं 04.03.2026 को डानकुनी से 00.30 से बजे खुलकर 14.45 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03036 पटना-डानकुनी स्पेशल 27.02.2026 एवं 04.03.2026 को पटना से 16.15 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे डानकुनी पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन फतुहा, बख्तियारपुर, मोकामा, किउल, झाझा, जसीडीह सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रूकेगी । गाड़ी संख्या 05064/05063 गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर स्पेशल - गाड़ी संख्या 05064 गोमतीनगर-मालतीपाटपुर स्पेशल 26.02.2026 से 26.03.2026 तक प्रत्येक गुरूवार को गोमतीनगर से 18.55 से बजे खुलकर शनिवार को 03.30 बजे मालतीपाटपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05063 मालतीपाटपुर-गोमतीनगर स्पेशल 28.02.2026 से 28.03.2026 तक प्रत्येक शनिवार को मालतीपाटपुर से 11.15 बजे खुलकर अगले दिन 20.00 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया के रास्ते किया जाएगा ।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 महाराष्ट्रःसुनेत्रा अजित पवार को सर्वसम्मति से NCP का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया

2 यरुशलमःकिसी भी रूप में आतंकवाद स्वीकार नहीं,हर हाल में करेंगे विरोधःपीएम मोदी

3 यरुशलमःभारत और इजरायल इकोनॉमिक फोरम की स्थापना,बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

4 भारत और इजरायल जल्द 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' को अंतिम रूप देंगेःपीएम मोदी का ऐलान

5 यरुशलमःसेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक ले जाएंगे,बोले पीएम नरेंद्र मोदी

6 भारत और इजरायल के बीच शिक्षा और AI से जुड़े समझौते हुए

7 पीएम मोदी का इजरायल दौराःभारत और इजरायल के बीच कई समझौते हुए

8 AI समिट प्रोटेस्ट केसःतीन आरोपियों की पटियाला हाउस कोर्ट में पेशी

9 PM नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंपेन की शुरुआत करेंगे

10 राष्ट्रपति कल जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरेंगी

11 डायरेक्टर अनीश किडनैपिंग-असॉल्ट केस में एक्ट्रेस ऐश्वर्या समेत 11 लोग अरेस्ट

12 गुवाहाटी HC में असम सीएम हिमंता बिस्वा के खिलाफ हेट स्पीच मामले में सुनवाई

13 पीएम नरेंद्र मोदी ने इजरायल के राष्ट्रपति नेतन्याहू को भारत आने का न्योता दिया

14 पहले सजा,अब बरी,मेधा सोमैया मानहानि केस में शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत को राहत

15 पीयूष गोयल की अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से मुलाकात,व्यापार बढ़ाने पर चर्चा

16 यरुशलमः होलोकॉस्ट स्मारक पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी,शहीदों को दी श्रद्धांजलि

17 SC का चुनाव खर्च की सीमा तय करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और EC को नोटिस

18 केरलःवायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड कलेक्ट्रेट पहुंचीं

19 CBI ने इंटरपोल चैनलों के जरिए UAE से भगोड़े अनिल रेड्डी की वापसी को कोऑर्डिनेट किया

20 NCERT किताब विवाद में शिक्षा सचिव और निदेशक को अवमानना का कारण बताओ नोटिस

21 प्रेस बयान में माफी नहीं,CJI ने एनसीईआरटी और सरकार पर उठाए सवाल

22 बेंगलुरुःअजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में एबीवीपी का प्रदर्शन, कुन्नन-पोशपोरा चर्चा पोस्ट पर FIR

23 DMK मंत्री केएन नेहरू पर केस न दर्ज करने पर डीवीएसी के खिलाफ अवमानना याचिका की मिली अनुमति

24 अनिल अंबानी ईडी दफ्तर पहुंचे,फेमा जांच में पूछताछ के लिए समन

25 अजित पवार विमान हादसा जांच को लेकर रोहित पवार आक्रामक,बारामती थाने में समर्थकों संग धरना

26 अजित पवार गुट की NCP में बड़ा फैसला,सुनेत्रा पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की उम्मीदवार तय

27 स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत पर कल इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई

28 दिल्ली पुलिस ने शिमला से गिरफ्तार IYC कार्यकर्ताओं को मेडिकल के लिए अंबाला लाया

29 केरलःअय्यप्पा स्वामी मंदिर में तोड़फोड़ और नमाज पढ़ने के आरोप में व्यक्ति की पिटाई

30 नाबालिगों ने कोर्ट में दर्ज कराए बयान,स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जल्द होगी पूछताछ

31 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से पहले क्यूबा के बेसबॉल अधिकारियों को US ने वीजा देने से किया इनकार

32 आठवीं की किताब में न्यायपालिका अध्याय पर NCERT ने जताया खेद

33 चीनी सेना को ट्रेनिंग देने के आरोप में पूर्व अमेरिकी एयर फोर्स पायलट गिरफ्तार,कोर्ट में होगी पेशी

34 पाक हवाई हमलों पर तालिबान का संकेत,सैन्य जवाब दे सकता है अफगानिस्तान

35 PM मोदी ने रचा इतिहास,इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स पार करने वाले पहले विश्व नेता बने

36 NCERT किताब मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

37 किसी भी न्यूक्लियर आर्म्स कंट्रोल डील में चीन-को शामिल किया जाना चाहिएःरूबियो

38 ईरान फिर से न्यूक्लियर हथियार बनाने की कोशिश कर रहा हैःजेडी वेंस

39 क्यूबा ने US-रजिस्टर्ड स्पीडबोट से हुई झड़प में की 4 लोगों की हत्या

40 तकनीक और नवाचार में भारत-इजरायल साझेदारी मजबूत हो रहीःनेतन्याहू

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**एजेंसी, होबर्ट**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहित की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है। पहले मुकाबले में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट शेष रहते 38.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। दीप्ति ने कहा कि टीम ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि टीम दूसरे मुकाबले में और प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि टीम अपनी पिछली गलतियों से उबरकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज से पहले शानदार प्रदर्शन कर टी20 सीरीज जीती थी और उसी प्रदर्शन से टीम प्रेरित होकर उतरेगी। भारतीय टीम जानती है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ निरंतरता बनाए रखना उसके लिए आसान नहीं रहेगा।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रूक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे। दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनांए बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट में तभी आगे निकल सकती है जब




न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है । टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र का मानना है कि उनका स्पिन आक्रमण अच्छा है पर इंग्लैंड को कम आंकना भूल होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी। श्रीलंका के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार है :**

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

# भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम से खेला ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार, रात स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अभ्यास मैच में स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत की ओर से सिबानी देवी नोंगमेइकापाम ने 44वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में 88वें मिनट पर एन्स्केडे ने बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत अंडर-20 टीम के मुख्य कोच योआकिम अलेक्जेंडरसन ने पिछले मैच की तुलना में शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। भारतीय टीम ने अपने पिछले मुकाबले में टैबी एफके को 4-0 से हराया था, जबकि उससे पहले हामरबी आईएफ के खिलाफ उसे 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। यंग टाइग्रेस अब 28 फरवरी को स्वीडन के क्लब कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

**भारत अंडर-20 महिला टीमः-** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम (गोलकीपर), निशिमा कुमारी (रेमी थोखचोम 60वें मिनट), थोइनबिसाना चानू तोइजाम, सिंडी रेमरुआतपुई कोलनी, शुभांगी सिंह, पूजा, अंजू चानू कायेन्पैबाम (भूमिका देवी खुमुकचाम 60वें मिनट), लिंगदेकिम, सुलंजना राउल, सिबानी देवी नोंगमेइकापाम (नेहा 60वें मिनट), बबीता कुमारी (दीपिका पाल 46वें मिनट, शिल्जी शाजी 88वें मिनट)।

# भारत की उभरती महिला टेनिस खिलाड़ी है वैष्णवी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

हाल में डब्ल्यू100 आईटीएफ टूर्नामेंट में उपविजेता रही भारत की उभरती महिला टेनिस स्टार वैष्णवी अडकर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में लंबी छलांग लगाकर 466 वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इसी के साथ ही वैष्णवी 224 स्थान की छलांग लगाते हुए देश की नई नंबर-2 महिला एकल खिलाड़ी बन गयी हैं। वाइल्डकार्ड एंट्री से आईटीएफ टूर्नामेंट खेलने उतरी वैष्णवी ने तीन जीत हासिल करते हुए दो शीर्ष-150 खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया था। इस प्रकार आईटीएफ 100 स्तर या उससे ऊपर के टूर्नामेंट में कोई भारतीय महिला खिलाड़ी लंबे समय के बाद फाइनल तक पहुंची हैं। वैष्णवी ने 2022 में पेशेवर टेनिस खेलना शुरु किया था। साल 2024 में उन्होंने अहमदाबाद में आईटीएफ डब्ल्यू15 खिताब जीता और मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 में



भी ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ सेट जीता था।पिछले साल यूरोप में बड़े आईटीएफ टूर्नामेंटों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह रोहन बोपन्ना की अकादमी में अभ्यास के लिए गयी जहां कोच बालाचंद्रन मणिक्कथ की सलाह से इस खिलाड़ी ने तकनीकी और मानसिक दोनों स्तर पर अपने को निखारा । कोच का मानना है कि वैष्णवी में टॉप-200 ही नहीं बल्कि टॉप-100 में पहुंचने की भी क्षमता है। वैष्णवी का लक्ष्य ऊंचे स्तर के टूर्नामेंट खेलने और लगातार प्रदर्शन करने पर है।

# भारत बधिर क्रिकेट टीम ने जीता पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप, फाइनल में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया




**एजेंसी, नई दिल्ली**

कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में खेले गए पहले एडीसीए टी20आई एशिया कप 2026 का समापन बुधवार को हुआ, जहां भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे ओडिशा की राज्य क्रिकेट इकाइयों का सहयोग मिला। यह एशिया कप का पहला संस्करण था और इसे बधिर क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि कटक के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे और विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय राउल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट की जीत से की। इसके बाद नेपाल पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दर्ज की। लीग चरण में श्रीलंका ने भी नेपाल को 6 विकेट से हराया, जबकि रिवर्स मुकाबले में नेपाल पर 157 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत हासिल की और नेपाल पर 9 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में भारत ने संयमित और आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत ली। इस जीत के साथ भारत ने न केवल पहला एडीसीए टी20आई एशिया कप खिताब अपने नाम किया, बल्कि एशियाई बधिर क्रिकेट में अपनी मजबूत स्थिति भी साबित की।

## व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से पहले 10 मिनट में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मैक्स हेल्थकेयर और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.87 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, अदानी एंटरप्राइजेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोल इंडिया, एक्सिस बैंक और नेस्ले के शेयर 0.42 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,612 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,917 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 695 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में कारोबार करते



नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 142.71 अंक की मजबूती के साथ 82,418.78 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से पहले 10 मिनट में ही सेंसेक्स गिर कर लाल निशान में 82,244.99 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 99.06 अंक की बढ़त के साथ 82,375.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 73.80 अंक उछल कर 25,556.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कारण बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से पहले 10 मिनट में ही यह सूचकांक गिर कर 25,487.85 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 39.95 अंक की मजबूती के साथ 25,522.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,276.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,482.50 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

# सोने का भाव 600 से ज्यादा टूटा, चांदी में 4,000 की गिरावट

**नई दिल्ली।** कीमती धातुओं के वायदा बाजार में गुरुवार को सुस्ती का माहौल देखने को मिला। घरेलू स्तर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ खुले और कारोबार के दौरान भी दबाव में रहे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 615 रुपये की गिरावट के साथ 1,60,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,61,145 रुपये था। इस समय यह 468 रुपये की नरमी के साथ 1,60,677 रुपये पर कारोबार कर रहा था। सत्र के दौरान सोने ने 1,60,745 रुपये का उच्च और 1,60,516 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस वर्ष सोना 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 4,016 रुपये टूटकर 2,64,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर

**वैश्विक बाजार में भी कीमती धातुओं के भाव कमजोर**




खुला। पिछला बंद भाव 2,68,316 रुपये था। कारोबार के दौरान यह 3,516 रुपये की गिरावट के साथ 2,64,800 रुपये पर रहा। चांदी ने दिन में 2,64,930 रुपये का उच्च और 2,62,892 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुकी है। वैश्विक बाजार में भी रुख कमजोर रहा। कॉमेक्स पर सोना 5,175.30 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले बंद 5,226.20 डॉलर से कम है। बाद में यह करीब 25 डॉलर गिरकर 5,201.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। चांदी 88.92 डॉलर पर खुली और घटकर 88.68 डॉलर प्रति औंस के आसपास रही। विशेषज्ञों के अनुसार डॉलर की मजबूती और मुनाफावसूली से कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।

# सरकारी खर्च से पावर सेक्टर में तेजी, निजी उद्योग अब भी सुस्त

**नई दिल्ली।** देश में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) की रफ्तार इस समय दो अलग तस्वीरें पेश कर रही है। एक ओर पावर ट्रांसमिशन से जुड़ी हाई वोल्टेज कंपनियां रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं गैर-विद्युत औद्योगिक कंपनियों की चाल अब भी धीमी बनी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के नए ऑर्डर में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री 39 प्रतिशत बढ़ी है। इन कंपनियों का मुनाफा मार्जिन बढ़कर 20.3 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष से 5.4 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2022 से 2032 के बीच ट्रांसमिशन क्षेत्र में 9.15 लाख करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इसके तहत 8 से 10 बड़े हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। तीन कॉरिडोर के लिए उपकरणों का काम पहले ही तय हो चुका है। अनुमान है कि 2027 से नए ऑर्डर में और तेजी आएगी तथा 2030 तक मांग मजबूत बनी रह सकती है। वित्त वर्ष 2027 के बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का प्रावधान किया गया है, जो पहले के अनुमान से 12 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार फैक्ट्रियों की क्षमता उपयोग दर 77.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो निजी निवेश के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है। हालांकि गैर-बिजली औद्योगिक कंपनियों की बिक्री में सिर्फ 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनका मुनाफा मार्जिन घटकर 11.7 प्रतिशत रह गया है।

# एनएमडीसी-आईआईटी हैदराबाद में करार, खनन अनुसंधान और खोज को मिलेगी दिशा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जिम्मेवार खनिक एनएमडीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने भारत के खनिज और धातु क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में हैदराबाद के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस्पात मंत्रालय ने गुरुवार को जानकारी दी कि खनिज प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक (आरएंडडी) संजीव साही और आईआईटी हैदराबाद के डीन (प्रायोजित अनुसंधान और परामर्श) ने आईआईटी हैदराबाद के निदेशक प्रो. बी. एस. मूर्ति की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने कहा



कि इस साझेदारी का उद्देश्य खनन और धातुकर्म क्षेत्र में नवाचार, स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और टिकाऊ औद्योगिक समाधान को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के अनुसार यह साझेदारी फील्ड की विशेषज्ञता और अकादमिक उत्कृष्टता के बीच एक मजबूत सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है।

**खनन अनुसंधान में नए आयाम-** इस सहयोग के तहत दोनों संस्थान लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और एग्लोमेरेशन, हरित इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकियों, स्वदेशी कच्चे माल पर आधारित वैकल्पिक लौह निर्माण और खनन-धातुकर्म प्रक्रियाओं के उन्नत मॉडलिंग एवं सिमुलेशन में अनुसंधान को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों से महत्वपूर्ण और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के उत्खनन में भी नए रास्ते विकसित किए जाएंगे, जिससे देश की खनिज सुरक्षा और संसाधन उपलब्धता मजबूत होगी।

**डिजिटल माइनिंग और उन्नत तकनीक पर फोकस-** एमओयू के तहत स्वायत्त वाहन संचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), माइनिंग 4.0 फ्रेमवर्क और ड्रोन आधारित सर्वेक्षण व निगरानी जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान और पायलट परियोजनाएं संचालित की जाएंगी।

# रुपया छह पैसे चढ़कर 90.85 डॉलर पर खुला

**रुपया पिछले दिन चार पैसे की बढ़त के साथ 90.91 पर बंद हुआ था**

**मुंबई।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.85 पर खुला। डॉलर के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों के निवेश में वृद्धि से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सत्र की सकारात्मक शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा को और मजबूती प्रदान की जबकि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित कर




दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 90.86 पर खुला। फिर 90.85 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार करते हुए चार पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर बंद हुआ था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।